हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, मंगलवार 20 अक्टूबर 2026

विजय दशमी की मंगलकामनाएं



शक्ति वंदन

सामर्थ्य संवर्धन, राष्ट्र रक्षा और सनातन सांस्कृतिक चेतना का

उद्घोष



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

राज्य स्तरीय

शस्त्र पूजन कार्यक्रम

मुख्य अतिथि

डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

20 अक्टूबर 2026 | डीआरपी लाइन, इंदौर

परंपरा से राष्ट्र गौरव तक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में
भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परंपराओं की समृद्धि
और राष्ट्र की सुरक्षा का पूर्ण हो रहा संकल्प

आत्मनिर्भरता से सामरिक उत्कर्ष

आधुनिक सैन्य क्षमताओं, स्वदेशी शस्त्रों
और सैन्य तकनीक के क्षेत्र में सशक्त और
आत्मनिर्भर हो रहा भारत

वीर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता

देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले, शौर्य और पराक्रम के प्रतीक
हमारे वीर सैनिकों को इस विशेष दिन शत-शत नमन

आइए, शस्त्र पूजन के इस पावन अवसर पर अपनी गौरवशाली संस्कृति को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लें।

प्रदेशवासियों को विजयादशमी की हार्दिक मंगलकामनाएं

मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी

आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2026 D-11145/26

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

बुराई के प्रतीक रावण का आज होगा दहन, रंगारंग आतिशबाजी के साथ मनेगा दशहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विजयादशमी के अवसर पर मंगलवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों पर रावण दहन किया जाएगा। दशहरा मैदानों पर सबसे ज्यादा आकर्षण का केन्द्र आतिशबाजी रहेगी। कहीं पर कोलकाता की आतिशबाजी का प्रदर्शन किया जाएगा तो कहीं पर मालवा की आतिशबाजी का रंगारंग आयोजन होगा। मां चामुंडा दरबार के पुजारी पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि इस साल दशहरा के अवसर पर कई अत्यंत शुभ और दुर्लभ योगों का संयोग बन रहा है।

इस दौरान जहां शुक्रादित्य योग, बुधादित्य योग, सर्वार्थ सिद्धि व श्रवण नक्षत्र भी बन रहा है। पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि दशहरा के अवसर पर शस्त्र पूजन का विधान है, इसलिए लोगों द्वारा आज शस्त्र पूजन किया जाएगा। इस अवसर पर शमी पूजन एवं नीलकंठ दर्शन भी लाभकारी माना गया है।

शमी पूजन एवं नीलकंठ दर्शन भी लाभकारी माना गया, अत्यंत और दुर्लभ योगों का बन रहा संयोग


टीटी नगर दशहरा मैदान में तैयार पुतले।

छोला दशहरा मैदान पर 65 फीट लंबे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा

शहर की सबसे प्रतिष्ठित सामाजिक व धार्मिक संस्था श्री हिन्दू उत्सव समिति की ओर से विजयदशमी महापर्व पर को चल समारोह निकालेगा। सनातन धर्म का महापर्व दशहरा उत्सव प्रतिवर्ष अनुसार भव्य रूप से मनाया जाएगा। चल समारोह दोपहर 1 बजे बांके बिहारी मंदिर मारवाड़ी रोड से शुरू होगा, जो विभिन्न मार्गों से होता हुआ छोला दशहरा मैदान पर पहुंचेगा। यहां पर 65 फीट लंबे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। इस मौके पर सीएम मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। जगह-जगह चल समारोह का फूलों की वर्षा करके लोग स्वागत करेंगे।

जंबूरी मैदान में 111 फीट के रावण का होगा दहन, गायक हेमंत बृजवासी देंगे प्रस्तुति

भोजपाल दशहरा महोत्सव समिति की ओर से 20 अक्टूबर को भेल के जंबूरी मैदान में दशहरा महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इसमें मध्यप्रदेश के सबसे बड़े 111 फीट ऊंचे रावण के साथ मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतलों का दहन किया जाएगा। आयोजन में देश के प्रसिद्ध भजन गायक हेमंत बृजवासी भजनों की प्रस्तुति देंगे। इसके साथ डिजिटल आतिशबाजी, एसएफएक्स, फायर शो और लाइट शो प्रमुख आकर्षण होंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण से बचाव को ध्यान में रखते हुए डिजिटल आतिशबाजी की व्यवस्था की गई है। समिति के महामंत्री हरीश कुमार राम ने बताया कि जंबूरी मैदान में दशहरे का यह दूसरा वर्ष है।

टीटी नगर में जलेगा 60 फीट का रावण

टीटी नगर दशहरे की तैयारियां पूरी हो गई। सोमवार देर रात को यहां पर रावण का पुतला पहुंच जाएंगे। भोपाल नागरिक कल्याण समिति के तत्वावधान में इस वर्ष विजयदशमी पर्व का आयोजन तैयारियां को अंतिम रूप दिया गया। संयोजक अजय श्रीवास्तव नीलू ने बताया कि इस वर्ष 60 फीट का रावण और 55 -55 फीट के मेघनाथ ,कुंभकरण के पुतले का दहन किया जाएगा। इस अवसर पर आतिशबाजी का रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

सृष्टि समिति प्रथम वर्ष करेगी 30 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन

भोपाल। दशहरा पर्व के अवसर पर सृष्टि शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति, भोपाल द्वारा हर्षवर्धन नगर स्थित राजमाता विजयराजे सिंधिया मैदान में 30 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष महेंद्र दवे ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन की तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि इसी मैदान में समिति द्वारा तीन दिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र की बालिकाओं एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महोत्सव के दौरान प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखने को मिला। गरबा आयोजन के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को अपनी सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिला। समिति अध्यक्ष दवे ने बताया कि संस्था धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से भारतीय परंपराओं को बढ़ावा देने के साथ सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। दशहरा पर्व पर होने वाला पुतला दहन भी इसी आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहेगा।

- तीन दिनी गरबा महोत्सव में बालिकाओं और महिलाओं ने उत्साह से लिया हिस्सा

कन्या भोज के साथ जवारे विसर्जन शुरू, झिलमिल झांकियां देखने देर रात तक पहुंचे श्रद्धालु, सिंगल यूज प्लास्टिक से बनाई दूरी

सुबह से लेकर रात तक चलता रहा प्रसादी वितरण, नौ दिन के व्रत के बाद खोला व्रत

नवमीं पर 2200 से ज्यादा जगह भंडारे मंदिरों में बड़ी संख्या में उमड़े श्रद्धालु


पीरगेट स्थित कर्फ्यू वाली माता।

मंदिरों में दर्शन के लिए लगी कतारें

महानवमी पर शहर के दुर्गा मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। काली मंदिर, सोमवारा स्थित भवानी मंदिर, दुर्गाधाम मंदिर, माता की मढ़िया और पहाड़ावाली मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में दर्शन के लिए लंबी कतारें लगीं। कई मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, हवन और महाआरती का आयोजन किया गया। वहीं, शहर के विभिन्न इलाकों में सजे दुर्गा पंडालों की आकर्षक झांकियां देखने के लिए रात तक लोगों का पहुंचना जारी रहा।




तलैया के काली मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इस दौरान लोगों ने बच्चों के मुंडन भी कराए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में सोमवार को महानवमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना के साथ मंदिरों और घरों में कन्या भोज आयोजित किए गए। नौ दिन के व्रत के बाद श्रद्धालुओं ने व्रत खोला। शहर में 2200 से अधिक स्थानों पर भंडारे हुए, जिनमें सुबह से देर रात तक प्रसादी वितरण चलता रहा। वहीं, दुर्गा पंडालों में सजी झिलमिलाती झांकियों को देखने के लिए देर रात तक श्रद्धालु परिवार के साथ पहुंचते रहे। महानवमी के साथ ही जवारे विसर्जन और माता की विदाई का सिलसिला भी शुरू हो गया है। इस बार कई दुर्गा उत्सव समितियों ने भंडारों में सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार किया। इसके लिए कहीं किराये पर बर्तन लेकर भोजन परोसा गया, तो कहीं पत्तल और पत्तों के दोने इस्तेमाल किए गए। मंगलवार को दशहरा के अवसर पर दुर्गा प्रतिमाओं के चल समारोह निकाले जाएंगे। इनमें 200 से अधिक प्रतिमाएं और चलित झांकियां शामिल होंगी।


10 नंबर मार्केट में अम्मा का पूजन।

हर तीन-चार किमी के दायरे में चलता रहा भंडारे का आयोजन

महानवमी पर राजधानी में 2200 से अधिक स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया गया। शहर में हर तीन से चार किलोमीटर के दायरे में कहीं न कहीं भंडारा चल रहा था। मंदिरों से लेकर दुर्गा पंडालों तक प्रसादी वितरण के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। कई स्थानों पर लंबी कतारें लगीं। सुबह से शुरू हुआ भंडारा देर रात तक चलता रहा और भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की।



हमीदिया रोड स्थित दुर्गा मंदिर में भंडारा।

पिता की शुरू की परंपरा को 43 साल से आगे बढ़ा रहे बेटे पूजा-पाठ से व्यवस्थाओं तक मातृशक्ति संभाल रहीं जिम्मेदारी

भोपाल। टीटी नगर के बाणगंगा स्थित झरनेश्वर दुर्गा उत्सव समिति में 43 वर्षों से मां दुर्गा की झांकी सजाई जा रही है। पूर्वजों द्वारा शुरू की गई इस धार्मिक परंपरा को अब बेटे और युवा पीढ़ी पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ आगे बढ़ा रही है। नवरात्रि के अवसर पर समिति ने मां दुर्गा का भव्य जागरण आयोजित किया। इसमें श्रद्धालुओं ने भक्ति गीतों के बीच माता रानी की आराधना की। आयोजन की खास बात यह है कि पूजा-पाठ से लेकर उत्सव की व्यवस्थाओं तक में क्षेत्र की माताओं, बहनों और कन्याओं की अहम भूमिका रहती है। उनकी सक्रिय भागीदारी से उत्सव में धार्मिक आस्था के साथ पारिवारिक संस्कारों की झलक भी दिखाई देती है। समिति में संरक्षक पीयूष श्रीवास्तव, अध्यक्ष उज्ज्वल बोरिस, उपाध्यक्ष रंजीव प्रजापति, पूर्व अध्यक्ष उमेश बाथम, महासचिव गोलू भाई, संयोजक चंदन पाल सहित अन्य सदस्य आयोजन की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। 43 साल से जारी यह परंपरा पीढ़ियों के बीच संस्कारों और सामाजिक एकता की मिसाल है।



गुलाब के फूलों से सजा गर्भगृह

महानवमी पर देवी का विशेष थीम आधारित हुआ श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महानवमी पर राजधानी के प्रमुख माता मंदिरों में देवी के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की विशेष थीम पर सजावट और भव्य श्रृंगार किया गया। कहीं गुलाब के फूलों से गर्भगृह सजाया गया, तो कहीं आकर्षक पोशाक और फूलों से माता रानी का दिव्य स्वरूप निखारा गया। दर्शन के लिए सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही।काली माता मंदिर में तीन पहर श्रृंगार तलैया स्थित काली माता मंदिर में नवमी पर तीन बार विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर के रजनीश सिंह बगवार ने बताया कि माता रानी के गर्भगृह और मुख्य विग्रह को गुलाब के फूलों से सजाया गया। वहीं, गेंदे, मोगरे और गुलाब की कलियों से माता की पोशाक तैयार की गई। माता मंदिर में अस्त्र-शस्त्रों को सजाया माता मंदिर में मां सिद्धिदात्री का भव्य श्रृंगार किया गया। पुजारी राजीव चतुर्वेदी ने बताया कि माता के अस्त्र-शस्त्रों को चमकाकर सजाया गया। त्रिशूल को फूलों और सिंदूर से विशेष रूप दिया गया। कर्फ्यू वाली माता को पहनाई गुलाबी साड़ी कर्फ्यू वाली माता मंदिर में माता रानी को गुलाबी साड़ी पहनाई गई और नारंगी चोला चढ़ाया गया। पुजारी रामबाबू शर्मा ने बताया कि गुलाब के फूलों से माता का विशेष श्रृंगार किया गया।


आयकर कॉलोनी की मां बगलामुखी।

एचई योग मित्र मंडल का साधना शिविर

हवन व आरती के साथ नौ दिवसीय शिविर का समापन


एचई योग मित्र मंडल का आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एचई योग मित्र मंडल, पिपलानी, बीएचईएल द्वारा आयोजित नौ दिवसीय शारदीय नवरात्रि साधना शिविर का समापन 19 अक्टूबर को श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक वातावरण में हवन, पूजन एवं माँ दुर्गा की आरती के साथ सम्पन्न हुआ। इस शिविर में साधकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए योग, ध्यान एवं विभिन्न आध्यात्मिक साधनाओं का लाभ प्राप्त किया। शिविर का संचालन आनंदधर्मा सरस्वती एवं आचार्य चित्सागर के सान्निध्य में किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि महाप्रबंधक (मानव संसाधन), बीएचईएल, भोपाल हेम राम पटेल तथा मंडल के अध्यक्ष बसंत कुमार उपस्थित रहे। इस अवसर पर आरके आर्य, सुभाष दुबे, आरडी साह, अरुणा तारे, अमरकांत झा, एमएम शर्मा एवं विमला सहजवानी ने अपने अनुभवों के माध्यम से साधना के लाभों को अभिव्यक्त किया। एच. ई. योग मित्र मंडल के महासचिव सतेन्द्र कुमार ने शिविर के सफल आयोजन में मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करने वाले संतों, अतिथियों, साधकों, योग परिवार के सदस्यों एवं सभी सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

जवारे विसर्जन के साथ माता की विदाई शुरू


नवमी के साथ ही कई स्थानों पर जवारे विसर्जन के चल समारोह निकाले गए। श्रद्धालुओं ने कालीघाट तलैया, खटलापुरा और शीतलदास की बगिया सहित विभिन्न घाटों पर जवारे विसर्जित किए। इसके साथ ही खटलापुरा और प्रेमपुरा घाटों पर दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन की तैयारियां भी पूरी कर ली गईं। मंगलवार को होने वाले मुख्य चल समारोहों को लेकर समितियों में तैयारियां चलती रहीं।

सेवा भारती नानक मंडल ने की सराहनीय पहल

51 कन्याओं को शैक्षणिक सामग्री की भेंट, शिक्षा के लिए किया प्रोत्साहित


सेवा भारती नानक मंडल ने किया कन्या पूजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शक्ति उपासना के पर्व पर सेवा भारती नानक मंडल ने ई-7 अरेरा कॉलोनी स्थित निर्मला देवी सगदेव वनवासी बालिका छात्रावास में 51 कन्याओं का पूजन कर कन्या भोज कराया। इस दौरान बालिकाओं को शैक्षणिक और दैनिक उपयोग की सामग्री भेंट कर बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

महिलाओं ने दी ध्वनि, मान्यताः दूर होती है नकारात्मकता

भक्त इस दिन देवी चामुंडा के स्वरूप की करते हैं पूजा

संधि पूजा पर कालीबाड़ी में प्रज्जवलित किए 108 दीप 108 कमल के फूलों की माला की देवी मां को अर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोमवार को कालीबाड़ी में संधि पूजा का आयोजन किया गया। संधि पूजा अष्टमी के खत्म होने और नवमी के शुरू होने पर की जाती है। भक्त इस दिन देवी चामुंडा के स्वरूप की पूजा करते हैं।

पौराणिक कथाओं और मान्यताओं के अनुसार, देवी ने संधि काल में राक्षस चंड और मुंड का वध किया था। तभी से देवी भक्तों ने इसे पर्व के रूप में मनाना शुरू कर दिया। ये पूजा दुर्गा पूजा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

पौराणिक कथाओं मान्यताओं के अनुसार, देवी ने संधि काल में राक्षस चंड-मुंड का किया था वध


टीटी नगर काली मंदिर में पूजा-अर्चना।

श्री दुर्गा बाड़ी हेशेल फाउंडेशन

दीपांजन मुखर्जी ने बताया कि अष्टमी तिथि के अंतिम 24 मिनट और नवमी तिथि के पहले 24 मिनट को संधि समय कहा जाता है। इसमें सब्जी और फल की बलि चढ़ाई जाति है। इसके बाद महिलाओं ने 108 दीपक जलाये। कि 108 दीपक जलाना अंधेरे पर प्रकाश के आगमन का प्रतीक है। इस मौके पर महिलाओं ने ध्वनि दी, जो कहा जाता है कि इस ध्वनि से नकारात्मक दूर होती है। इसके बाद सुंदरता का प्रतिनिधित्व करने के लिए मां को 108 कमल के फूल चढ़ाए गए।

कब और क्यों की जाती है संधि पूजा


देवी की आराधना करतीं महिला श्रद्धालु।

संधि पूजा अष्टमी के खत्म होने और नवमी के शुरू होने पर की जाती है। भक्त इस दिन देवी चामुंडा के स्वरूप की पूजा करते हैं। पौराणिक कथाओं और मान्यताओं अनुसार देवी ने संधि काल में राक्षस चंड और मुंड का वध किया था। इसी अनुसार दुर्गा पूजा के दौरान ये पवित्र समय के रूप में जाना जाता है।



भोपाल
मंगलवार, 20 अक्टूबर 2026
आश्विन मास शुक्ल पक्ष-9
वर्ष : 13, अंक : 200
पृष्ठ : 16+8=24 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 32
न्यून. 22

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में शक्ति और सामर्थ्य से सार्थक हो रहा है भारत

भगवान श्रीराम की मर्यादा, मां दुर्गा की शक्ति और वीर सैनिकों का साहस हमारा पथ प्रकाशित करे

विजयादशमी पर हम अपने सैनिकों को नमन करते हुए उस कर्तव्यनिष्ठा से प्रेरणा लें, जिसके लिए राष्ट्र की रक्षा सर्वोपरि



डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मप्र शासन

सीएम का ब्लॉग

विजयादशमी सत्य की शक्ति और शक्ति की सार्थकता का महापर्व है। यह भारतीय चेतना का वह प्रकाश है, जो हमें विश्वास दिलाता है कि अन्याय कितना भी प्रबल हो, प्रतिकार का संकल्प उससे बड़ा होता है। असत्य का वैभव क्षणिक है, सत्य का सामर्थ्य शाश्वत। भगवान श्रीराम की विजय इसी विश्वास की प्रतिष्ठा है। यह पर्व हमें सिखाता है कि सत्य के प्रति आस्था के साथ उसकी रक्षा का साहस भी आवश्यक है। न्याय की कामना तभी फलित होती है, जब समाज उसके लिए खड़ा होने का संकल्प लेता है। भगवान श्रीराम के देश में शक्ति की आराधना का उद्देश्य सदैव लोकमंगल रहा है। श्रीराम का धनुष पीड़ितों के लिए आश्वासन और अत्याचारियों के लिए चेतावनी है। उनका ▸▸शेष पेज 4 पर

देश के प्रहरियों के प्रति कृतज्ञ रहें

आज यही भाव भारत के राष्ट्रीय आत्मविश्वास में दिखाई देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र की सुरक्षा के प्रति दृढ़ संकल्प और भारतीय सशस्त्र बलों का अदम्य पराक्रम देशवासियों को गर्व से भरता है। भारत शांति, सहयोग और सह-अस्तित्व में विश्वास रखता है। अपनी संप्रभुता, स्वाभिमान और नागरिकों की सुरक्षा के लिए आवश्यक निर्णय लेने का उसका संकल्प भी उतना ही अटल है। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सशस्त्र बलों ने आतंकवादी ढांचों के विरुद्ध सटीक कार्रवाई कर ▸▸शेष पेज 4 पर

रामराज्य की भावना लोकजीवन में साकार

मध्यप्रदेश में सुशासन के हमारे प्रयासों का केंद्र भी नागरिकों का सम्मान, सुरक्षा और कल्याण है। माताओं-बहनों को निर्भय वातावरण मिले, युवाओं को प्रतिभा निखारने के अवसर मिलें, किसानों का परिश्रम समृद्धि में बदले और जरूरतमंद तक शासन का सहयोग पहुंचे-यही हमारा संकल्प है। शासन के सामर्थ्य की वास्तविक कसौटी अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के जीवन में आने वाला ▸▸शेष पेज 4 पर



बाएं से रिंकू, सौम्या, निषाद, मोना और अवनि

एशियन पैरा गेम्स: पहले दिन भारत ने जीते 11 पदक

स्वर्णिम शुरुआत, 4 गोल्ड मेडल 'जीते'

- मोना अग्रवाल, निषाद कुमार, सौम्या और रिंकू ने जीते गोल्ड
- शीतल देवी ने विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

जापान में आयोजित एशियन पैरा गेम्स 2026 में भारत ने पहले ही दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण, पांच रजत और दो कांस्य सहित कुल 11 पदक जीते। इसके साथ भारत पदक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गया। शूटिंग, पैरा एथलेटिक्स, जूडो और तैराकी में भारतीय खिलाड़ियों ने पदक हासिल किए। तीरंदाज शीतल देवी ने महिलाओं के कंपाउंड क्वालिफिकेशन राउंड में विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की। इसके बाद उन्होंने राकेश कुमार के साथ मिश्रित टीम स्पर्धा में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। शूटिंग में मोना अग्रवाल ने महिला 10 मीटर एयर राइफल ▸▸शेष पेज 4 पर

पीएम ने मोना और अवनि को दी बधाई देश को आप पर गर्व

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एशियन पैरा गेम्स 2026 में शानदार प्रदर्शन करने वाली भारतीय निशानेबाज मोना अग्रवाल और अवनि लेखरा को बधाई दी है। दोनों का सटीक निशाना, दृढ़ संकल्प और धैर्य सराहनीय है। उनकी निरंतरता और दृढ़ संकल्प देश को गौरवान्वित करते हैं।


नरेंद्र मोदी

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली आज के अंक के साथ

खबर संक्षेप

डॉ. ढाल सिंह ने उत्तराखंड के राज्यपाल की शपथ ली

देहरादून। मप्र के वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व सांसद डॉ. ढाल सिंह बिसेन ने सोमवार को उत्तराखंड के नए राज्यपाल के रूप में शपथ ली। लोकभवन में आयोजित समारोह में उत्तराखंड हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।



एक्सपायरी बेसन डिलीवर करने पर जेप्टो को नोटिस

नई दिल्ली। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने खाद्य पदार्थों और उत्पादों से जुड़े अलग-अलग मामलों में पांच कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की है। इनमें जेप्टो पर एक्सपायरी डेट निकल चुके बेसन के दो पैकेट ग्राहक को डिलीवर करने का आरोप है।



प्रज्ञान ओझा बने चयन समिति के नए अध्यक्ष

नई दिल्ली। बीसीसीआई ने पुरुष क्रिकेट टीम की चयन समिति में बदलाव करते हुए पूर्व स्पिनर प्रज्ञान ओझा को नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। वह अजीत अगरकर की जगह यह जिम्मेदारी संभालेंगे। ओझा को उनके टेस्ट मैचों के अनुभव और वरिष्ठता के आधार पर यह पद मिला है।



20 टीमें तलाश में जुटीं थीं

टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग कर भागे शूटर्स ने 16 घंटे में किया 954 किमी का सफर

नेपाल भागने वाले थे शूटर्स, रास्ता भटके तो कोटा में पकड़े गए 'तीनों'

- मुंबई पुलिस की सूचना पर कोटा पुलिस ने सोमवार सुबह करीब 10:30 बजे पुणे-जयपुर एक्सप्रेस के सामान्य डिब्बे से तीनों को पकड़ लिया


अभिनेता टाइगर श्रॉफ

एजेंसी ▸▸ मुंबई

अभिनेता टाइगर श्रॉफ की कार पर फायरिंग के मामले में मुंबई पुलिस ने तीन आरोपियों को राजस्थान के कोटा रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है। वारदात के बाद आरोपी करीब 16 घंटे में लगभग 954 किलोमीटर का सफर तय कर चुके थे। वे जयपुर पहुंचकर दिल्ली के रास्ते नेपाल भागने की योजना बना रहे थे, लेकिन रास्ता समझने में हुई परेशानी के कारण उनकी योजना बदल गई और वे कोटा जाने वाली ट्रेन में सवार हो गए। मुंबई पुलिस की सूचना पर कोटा पुलिस ने सोमवार सुबह करीब 10:30 बजे पुणे-जयपुर ▸▸शेष पेज 4 पर

- दो सोनीपत (हरियाणा) और एक बेगूसराय (बिहार) का रहने वाला
- लॉरेंस गैंग के अनिल पंडित ने कहा- 2 मारोगे, मुंबई में 100 तैयार बैठे हैं


आरोपियों को पेश कर कोटा पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की

- मुंबई पुलिस ने हत्या की कोशिश और आर्म्स एक्ट के तहत शुरू की जांच
- गैंगस्टर अनिल पंडित पर साजिश में भूमिका का संदेह
- पंडित ने सलमान खान को दी फिर धमकी
- फायरिंग के पीछे फिलहाल ये मकसद - सलमान के साथ काम क्यों किया?

सीएम बोले मास्टरमाइंड्स का भी पता लगाएंगे

महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस कि हम उन मास्टरमाइंड्स का भी पता लगाएंगे जो महाराष्ट्र के बाहर या विदेश से इस साजिश को अंजाम दे रहे हैं। फडणवीस ने कहा कि जांच सिर्फ सीधे तौर पर शामिल लोगों की गिरफ्तारी के साथ खत्म नहीं होगी। अधिकारी उन ▸▸शेष पेज 4 पर


देवेंद्र फडणवीस

फायरिंग के बाद बाइक छोड़कर ट्रेन से राजस्थान भागे थे तीनों आरोपी

पुलिस के मुताबिक फायरिंग के बाद आरोपी एसवी रोड से होते हुए विले पार्ले और अंधेरी की ओर भागे। उन्होंने अंधेरी पश्चिम रेलवे स्टेशन के पास बाइक छोड़ दी। पुलिस ने बाइक बरामद कर ली। वे मुंबई से सूरत पहुंचे और वहां से ट्रेन के जरिए राजस्थान की ओर रवाना हुए। पुलिस को जानकारी मिली कि वे पुणे-जयपुर एक्सप्रेस में हैं।

10 दिन से कर रहे थे रेकी

आरोपी करीब 10 दिनों से टाइगर श्रॉफ की गतिविधियों पर नजर रख रहे थे। उन्होंने अभिनेता के घर और जिम की रेकी की थी। फायरिंग से पहले करीब 45 मिनट तक इलाके की जानकारी जुटाई गई थी।

पंडित ने कहा- सलमान माफी मांगे



हरियाणा के रेहान का संपर्क अमेरिका में रह रहे अनिल पंडित से होने की बात सामने आई है। अनिल को लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा बताया जा रहा है। कथित ऑडियो में सलमान खान को भी धमकी दी गई और उनसे लॉरेंस बिश्नोई से माफी मांगने को कहा गया है।

रणजी ट्रॉफी में चिन्मय सुथार ने जड़े 400 रन

अहा! 77 साल बाद भारतीय क्रिकेट में दोहराया इतिहास



नगालैंड के खिलाफ 517 गेंदों में खेली नाबाद 400 रन की पारी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

टेस्ट क्रिकेट में 400 रन की बात आते ही वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज ब्रायन लारा का नाम याद आता है। अब भारतीय घरेलू क्रिकेट में मिजोरम के बल्लेबाज चिन्मय सुथार ने भी रणजी ट्रॉफी में 400 रन की ऐतिहासिक पारी खेली है। मौजूदा सत्र के दूसरे दौर में ▸▸शेष पेज 4 पर

जबलपुर में पारले-जी फैक्ट्री में आग

1000 टन बिस्किट का स्टॉक जलकर खाक


करोड़ों के नुकसान का अनुमान, छुट्टी के कारण टला बड़ा हादसा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जबलपुर

शहर के रिछाई औद्योगिक क्षेत्र में सोमवार दोपहर पारले-जी बिस्किट फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग दोपहर करीब दो बजे पैकिंग क्षेत्र से शुरू हुई और देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। हादसे में करीब 1000 टन बिस्किट का स्टॉक जलकर नष्ट हो गया। पैकिंग सामग्री और बिस्किट बनाने व पैकिंग में इस्तेमाल होने वाली मशीनों को भी भारी ▸▸शेष पेज 4 पर

भारत-न्यूजीलैंड एफटीए आज से लागू

'एफटीए' से किसानों और एमएसएमई में नए अवसर

- डेयरी सहित संवेदनशील क्षेत्रों को संरक्षण

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लागू होने से भारतीय निर्यात के लिए न्यूजीलैंड में 100 प्रतिशत शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी। ▸▸शेष पेज 4 पर



दोनों देशों के लिए 'विजय'

उन्होंने इसे दोनों देशों के लिए 'विजय' बताते हुए कहा कि इस ऐतिहासिक समझौते को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस लक्सन के साझा दृष्टिकोण तथा ▸▸शेष पेज 4 पर

इंदौर के डेली कॉलेज में संघ के कार्यक्रम पर सियासी तकरार

दिग्विजय बोले- सिंधिया स्कूल में कार्यक्रम करवाएं | सिंधिया बोले- ये संस्थान सिंधिया परिवार का ही है

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

इंदौर के प्रतिष्ठित 150 साल पुराने डेली कॉलेज परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की राष्ट्रीय बैठक और प्रस्तावित समागम को लेकर प्रदेश की सियासत गरमा गई है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा शैक्षणिक संस्थान में राजनीतिक, वैचारिक आयोजन पर उठाए गए सवालों के बाद केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कड़ा पलटवार किया है। सिंधिया ने कहा कि दिग्विजय भूल जाते हैं कि डेली कॉलेज की स्थापना भी सिंधिया परिवार ने ही की थी। उन्होंने कहा कि दिग्विजय को इतिहास नहीं भूलना चाहिए। डेली कॉलेज सिंधिया परिवार की ही संस्था है, इसलिए उन्हें किसी से अनुमति या नसीहत की आवश्यकता नहीं है। सिंधिया ने तंज कसते हुए कहा कि दिग्विजय अक्सर बातें भूल जाते हैं। मेरा काम है उन्हें समय-समय पर चीजें याद दिलाना।

दिग्विजय ने कहा था कि वे 10 साल तक प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे, लेकिन उन्होंने कभी डेली कॉलेज पर राजनीतिक आयोजन के लिए दबाव नहीं डाला। उन्होंने आरोप लगाया कि कार्यक्रम के लिए हॉस्टल खाली कराए गए हैं, जिसमें संघ के लोग रुकेंगे। इससे छात्रों और अभिभावकों में नाराजगी है। दिग्विजय ने ▸▸शेष पेज 4 पर


दिग्विजय सिंह — ज्योतिरादित्य सिंधिया

तीन वेदर सिस्टम से बने बारिश के हालात

सीहोर, इंदौर और सागर में गिरा पानी आज 27 जिलों में बारिश के आसार

23 तक रहेगा ऐसा ही मौसम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

प्रदेश में सोमवार को सीहोर में 4.5 मिलीमीटर, इंदौर में 2.5 मिलीमीटर और सागर में 0.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। राजधानी के बैरागढ़ क्षेत्र में दोपहर करीब साढ़े तीन से पौने चार बजे के बीच गरज-चमक के साथ बादल छाए रहे, हालांकि बारिश नहीं हुई। प्रदेश में 23 अक्टूबर तक मौसम का मिजाज ऐसा ही बने रहने के आसार हैं। अगले पांच दिनों में रात के तापमान में दो डिग्री तक गिरावट की संभावना जताई गई है। मौसम विज्ञानी वीएस यादव ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम राजस्थान से उत्तर-पूर्व अरब सागर तक बनी ट्रफ लाइन के असर से लगातार नमी आ रही है। इसके ▸▸शेष पेज 4 पर


राजधानी की बड़ी झील, दोपहर 1:35 बजे का दृश्य

मुख्यमंत्री ने ट्रॉमा सेंटर पहुंचकर घायलों के स्वास्थ्य की ली जानकारी

ग्वालियर के शीतला मंदिर के पास दर्दनाक हादसा

सरकार प्रत्येक घायल मरीज का अच्छे से अच्छा इलाज कराएगी जरूरत पड़ने पर एयर एंबुलेंस की सुविधा कराई जाएगी उपलब्ध

केंद्रीय मंत्री सिंधिया भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ पहुंचे ट्रॉमा सेंटर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को उज्जैन से सीधे ग्वालियर पहुंचे। उन्होंने जयारोग्य अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर पहुंचकर शीतला माता मंदिर हादसे में घायल लोगों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने उपचाररत मरीजों और उनके परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। सभी घायलों का बेहतर से बेहतर उपचार कराया जाएगा। जरूरत पड़ने पर गंभीर रूप से घायल ▸▸शेष पेज 4 पर


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव घायलों से मिले

इन 7 लोगों का चल रहा है इलाज

ग्वालियर जिले की सातऊ ग्राम पंचायत में स्थित शीतला माता मंदिर हादसे में घायल 7 लोगों का जयारोग्य चिकित्सालय के ट्रॉमा सेंटर में उपचार चल रहा है। इनमें ग्वालियर के हुजरात पुल क्षेत्र निवासी संजय शर्मा और ▸▸शेष पेज 4 पर

सभी 55 जिलों में होगा शस्त्र पूजन कार्यक्रम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव इंदौर में शस्त्र पूजन करेंगे

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विजयादशमी के मौके पर इंदौर में शस्त्र पूजन करेंगे। इसके साथ ही प्रदेश के सभी 55 जिलों में शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। राज्य शासन ने शस्त्र पूजन कार्यक्रमों के लिए मंत्रियों को मुख्य अतिथि के रूप ▸▸शेष पेज 4 पर

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 20 अक्टूबर 2026

18 मैदानों में होगा रावण दहन, 50 से 60 जगह निकलेंगे पथ संचलन, कई रास्तों पर ट्रैफिक डायवर्ट

दशहरा आज: दोपहर 2 बजे से भारी वाहनों की नो-एंट्री शाम 6 बजे के बाद नादरा बस स्टैंड की ओर बसें भी बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दशहरा पर्व पर मंगलवार को शहर की यातायात व्यवस्था में बदलाव रहेगा। शहर के 18 प्रमुख मैदानों में रावण दहन के आयोजन होंगे, जबकि 50 से 60 स्थानों पर पथ संचलन निकाले जाएंगे। इसके चलते पुराने शहर से लेकर भेल, छोला और अन्य प्रमुख क्षेत्रों में यातायात का दबाव रहेगा।

नगरीय यातायात पुलिस ने दोपहर 2 बजे से शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया है। वहीं, शाम 5 बजे के बाद जरूरत के अनुसार अलग-अलग क्षेत्रों में यातायात डायवर्ट किया जाएगा। श्री राम विजय रथ यात्रा के नादरा बस स्टैंड पहुंचने पर भोपाल टॉकीज चौराहा और अल्पना तिराहे से नादरा की ओर वाहनों की आवाजाही भी बंद रहेगी। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे घर से निकलने से पहले वैकल्पिक मार्गों की जानकारी लेकर ही रवाना हों।

इन रास्तों से नहीं आ सकेंगे भारी वाहन

मंगलवार दोपहर 2 बजे से खजूरी बायपास, मुबारकपुर चौराहा, नया बायपास लांबाखेड़ा, चौपड़ाकला बायपास, पटेलनगर, भानपुर, बेस्ट प्राइज, करोंद चौराहा, लालघाटी, प्रभात पेट्रोल पंप चौराहा, सुभाष नगर फाटक, जिन्सी चौराहा, हबीबगंज नाका, सूरज नगर और मिसरोद 11 मील से भारी वाहनों को शहर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

रथ यात्रा के दौरान नादरा की ओर रास्ते बंद

श्री राम विजय रथ यात्रा बांके बिहारी मंदिर, मारवाड़ी रोड से शुरू होकर चिंतामन चौराहा, यूनानी सफाखाना, सुल्तानिया रोड, चौकी चौक, घोड़ा नक्कास, छोटे भैया चौराहा और नादरा बस स्टैंड होते हुए छोला दशहरा मैदान पहुंचेगी। रथ यात्रा के नादरा बस स्टैंड पहुंचने पर भोपाल टॉकीज चौराहा और अल्पना तिराहे से नादरा की ओर वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। रथ यात्रा के छोला रोड में प्रवेश करने पर छोला मैदान जाने वाले वाहन काजी कैंप, डीआईजी बंगला, जेपी नगर तिराहा, कृषि उपज मंडी के सामने और बेस्ट प्राइज होकर जा सकेंगे।

नादरा और पुतलीघर बस स्टैंड पर भी असर

विदिशा और बैरसिया की ओर से आने वाली नादरा बस स्टैंड और पुतलीघर बस स्टैंड जाने वाली बसें भानपुर चौराहे या बेस्ट प्राइज तिराहे तक ही आ सकेंगी। शाम 6 बजे के बाद इन बसों को दोनों बस स्टैंड की ओर जाने की अनुमति नहीं होगी। नादरा बस स्टैंड और डीआईजी बंगले की ओर जाने वाले वाहन बेस्ट प्राइज तिराहा, कृषि उपज मंडी, जेपी नगर तिराहा, डीआईजी बंगला चौराहा या गणेश मंदिर छोला अंडरब्रिज के रास्ते जा सकेंगे।

18 जगह रावण दहन, 70 झांकियों के बीच आग से सुरक्षा की चुनौती

भोपाल। दशहरे पर राजधानी में 18 प्रमुख स्थानों पर रावण दहन होगा, जबकि 50 से अधिक शोभा यात्राओं में 60 से 70 झांकियां निकलेंगी।

हजारों की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा नगर निगम के लिए बड़ी चुनौती है। न्यू मार्केट में हालिया आगजनी के बाद निगम ने एडवाइजरी जारी कर बैरिकेडिंग, दर्शकों से सुरक्षित दूरी, लाइसेंसी आतिशबाजी और हाईटेंशन लाइन, पेट्रोल पंप से दूर दहन के निर्देश दिए हैं।

फायर स्टेशन अलर्ट कंट्रोल रूम सक्रिय

नगर निगम ने सभी फायर स्टेशनों को अलर्ट मोड पर रखने की तैयारी की है। कहीं भी आग की सूचना मिलने पर दमकल वाहनों को तत्काल रवाना किया जा सकेगा। इसके साथ ही 24 घंटे सक्रिय रहने वाला कंट्रोल रूम पुलिस और जिला प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर काम करेगा।



बिट्टन मार्केट में दशहरे के लिए खड़ा किया गया रावण का पुतला।

छोला मैदान जाने वाले के लिए यहां कर सकेंगे अपने वाहन पार्क

छोला दशहरा मैदान में रावण दहन देखने जाने वाले लोगों के वाहनों की पार्किंग रेलवे गोदाम के पास, टिंबर मार्केट और स्टेडियम के नजदीक निर्धारित की गई है। भानपुर चौराहे से छोला मैदान की ओर केवल उन्हीं हल्के और दोपहिया वाहनों को जाने की अनुमति होगी, जिनमें सवार लोग रावण दहन कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे हैं। पुलिस ने लोगों से निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही वाहन खड़े करने की अपील की है।

इन 18 मैदानों में होगा रावण दहन

बैरागढ़, गांधीनगर, कोहेफिजा, छोला, हाउसिंग बोर्ड, अशोका गार्डन, जंबूरी, अयोध्या नगर, भेल, एमवीएम कॉलेज, विट्ठल मार्केट, लहारपुरा, पांच नंबर बस स्टॉप, ओल्ड कैंपियन, टीटी नगर, कोलार, शाहपुरा और कलियासोत एडवेंचर ग्राउंड में रावण दहन के प्रमुख आयोजन होंगे। इन मैदानों की ओर जाने वाले मार्गों पर यातायात की स्थिति के अनुसार डायवर्जन लागू किया जाएगा। यातायात संबंधी परेशानी होने पर हेल्पलाइन नंबर 0755-2677340 पर संपर्क किया जा सकता है।

भेल मैदान जाने वालों को भी बदलना होगा रास्ता

भेल दशहरा मैदान में रावण दहन के दौरान चेतक ब्रिज, अन्ना नगर, करियर कॉलेज, बीएचईएल गेट नंबर-6, सिक्योरिटी लाइन तिराहा और हेमा स्कूल के आसपास यातायात का दबाव रहेगा। एमपी नगर और चेतक ब्रिज से अवधपुरी जाने वाले वाहन अन्ना नगर से दाएं मुड़कर हबीबगंज मस्जिद तिराहे पहुंच सकेंगे। यहां से बाएं मुड़कर जवाहरलाल नेहरू गुलाब उद्यान होते हुए बीएचईएल और अवधपुरी की ओर जा सकेंगे।

सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक पथ संचलन

दशहरा पर्व पर शहर में करीब 50 से 60 स्थानों पर पथ संचलन निकाले जाएंगे। पुराने शहर के अशोका गार्डन, छोला, शाहजहांनाबाद, कोतवाली, तलैया, बुधवारा, मंगलवारा और हनुमानगंज क्षेत्रों में सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक यातायात का दबाव रहने की संभावना है। इन क्षेत्रों से गुजरने वाले वाहन चालकों को जरूरत के अनुसार वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करना होगा।

विसर्जन को लेकर निगम ने कसी कमर फायर सेफ्टी के पुख्ता इंतजाम

सात घाटों पर 24 घंटे के लिए गोताखोरों की तैनाती, तीन दिन में पांच हजार से ज्यादा प्रतिमाओं का होगा विसर्जन

न्यू मार्केट अग्निकांड के बाद अब नगर निगम दुर्गा विसर्जन और दशहरे के आयोजनों में सुरक्षा को लेकर सतर्क हुआ है। प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान हादसों को रोकने के लिए घाटों पर 24 घंटे गोताखोर तैनात रहेंगे, साथ ही भीड़ को संभालने के लिए बैरिकेडिंग की गई है। विसर्जन जुलूस के साथ फायर ब्रिगेड के वाहन चलाने और आपात स्थिति में तत्काल कंट्रोल रूम को सूचना देने की व्यवस्था बनाई गई है। किसी तरह की आपात स्थिति में निगम की टीम तैनात रहेगी। फायर सेफ्टी अधिकारी सौरभ पटेल ने कहा कि सभी गाइड लाइन का पालन किया जाएगा ताकि किसी भी अनहोनी से बचा जा सके।

प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए सात घाट किए तय



खटलापुरा घाट पर निरीक्षण करते निगम के अफसर।

गोताखोरों के साथ क्रेन और लाइफ जैकेट भी

विसर्जन के दौरान किसी व्यक्ति के पानी में डूबने जैसी घटना से निपटने के लिए गोताखोर तैनात रहेंगे। जरूरत को देखते हुए निजी गोताखोर भी बुलाए गए हैं। इसके अलावा क्रेन, जेसीबी और लाइफ जैकेट की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए गए हैं। घाटों पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेडिंग की गई है, ताकि लोग पानी के अधिक नजदीक जाकर जोखिम न उठाएं साथ ही प्रतिमाओं की संख्या बढ़ने पर वैकल्पिक कुंड का इस्तेमाल किया गया है।

प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए रानी कमलापति, खटलापुरा, मालीखेड़ी, शाहपुरा, प्रेमपुरा, हथाईखेड़ा और भदभदा सहित सात घाट तय किए गए हैं। अगले तीन दिनों में 5 हजार से ज्यादा प्रतिमाओं का विसर्जन होना है। ऐसे में घाटों पर भीड़ बढ़ने के साथ सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना निगम के लिए बड़ी चुनौती होगी। इसे देखते हुए निगम अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। घाटों पर सफाई से लेकर विसर्जन तक की जिम्मेदारी तय की गई है।



हीरो मना रहा है भारत की कला शैलियों का जश्न.
पेश है हिमाचल प्रदेश के **धनी राम** की **कांगड़ा कला.**

Hero

हीरो संग त्योहार है हर कहीं...

दशहरे की शुभकामनाएँ



सोने का सिक्का और बहुत कुछ जीतने का मौका पाएं@

कैश डिस्काउंट ₹3000~तक

एक्सचेंज बोनस ₹5000~तक

इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10000^तक SBI card HDFC BANK pine labs

कम डाउन पेमेंट ₹4999^से शुरू

कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹3200~तक

For bulk / institutional inquiries, please write to us at : institutionalsales@heromotocorp.com | Available in CSD

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife

Also Available on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. Cash discount, Exchange & Corporate offer are exclusive and can't be availed together ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. $T&C apply, Offer available only on limited stores. @Limited period offer, T&C apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः भोपाल: वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाइटिड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, **बैतूल:** खण्डेलवाल हीरो9289922624, **सीहोरः** मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, **ब्यावरा:** आनंद हीरो 9289922871, **गुना:** गगन हीरो 9289922358, **अशोक नगर:** आरव हीरो 9821743269, **होशंगाबादः** पुण्यशिला हीरो 9289922360, **हरदा:** राहुल हीरो 9289922491, **विदिशा:** पाल हीरो 9289922379, **दमोहः** इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, **सागरः** सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, **टीकमगढ़:** आनंद हीरो 9289923112, **छतरपुर:** आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), **ग्वालियर:** तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), **भिन्डः** शिवम हीरो 9289922787, **दतियाः** शिव हीरो 9289923172, **मुरैना:** गगन हीरो 9289922678, **श्योपुर:** आशीष हीरो 9289922832, **शिवपुरी:** रघुवंशी हीरो 9289922571, **इंदौर:** सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सेठी ऑटोमोबाइल्स (भवरकुआँ) 9289923211, रुक्मारानी ऑटोमोटिव (एलआईजी स्क्वायर के पास) 8871444414, मेहता ऑटोमोबाइल्स, **(देवास नाका)** 9821741577, **बड़वानी:** शर्मा हीरो 9289922742, **बुरहानपुर:** श्रीजी हीरो 9289922372, **देवास:** खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), **धार:** साक्षी हीरो 9289922618, **हाट पिपलिया:** श्रीराम हीरो 9289923154, **झाबुआ:** नाकोड़ा हीरो 9289922679, **कुक्षी:** अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, **खण्डवा:** ठक्कर हीरो 9289923018, **खरगोन:** निमाड़ हीरो 9289922378, **महू:** लक्ष हीरो 9289923176, **पीथमपुर:** रघुवंशी हीरो 9289923047, **सनावदः** राजेश हीरो 9289922774, **रतलामः** एक्सीलेन्ट हीरो (महू रोड 9289922375, सैलाना रोड 07412-408600) **नीमचः** उत्तम हीरो 9289922367, **मन्दसौरः** रामदर्शन हीरो 9289922369, **जावराः** रिलायबल हीरो 9289923045, **एसोशिएट डीलरः आष्टा:** श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, **बगदोना:** आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, **बरेली:** श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, **भोपाल:** मानिक मोटर्स 8827379110, **मंडीदीप:** सोनी मोटर्स, 9179461211, 8962143877, **बंडा:** श्रुति मोटर्स, 7879573737, **नसरुल्लागंज:** जीवन मोटर्स 9977926838, **गंजबासोदा:** ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, **इटारसी:** रेवा मोटर्स 9425630406, **जतारा:** शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, **करेरा:** आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, 7428492559, **पिपरिया:** राज मोटर्स 7576454997, **नरसिंहगढ़:** गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, **पचोर:** प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, **रायसेन:** युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, **बीना:** राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, **टीकमगढ़:** एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, **खरगापुर:** हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, **राघोगढ़:** बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, **श्यामपुर :** गोपी मोटर्स 9111009671, **लटेरी:** श्याम हीरो 7748890061, **जामनेर:** अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, **सिरोंज:** प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, **सिराली:** भायरे मोटर्स, 9981247007, **टिमरनी :** गंगोत्री मोटर्स 9755101902, **अम्बाह:** उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, **डबरा:** दुर्गा एजेन्सी 992674001, **पिछोर:** दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, **सबलगढ़:** शिवम मोटर्स 9893085461, **कोलारस:** भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, **बैराड़:** लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, **बदरवास:** बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, **गोहद:** ओम साई मोटर्स 8358994876, **लहार:** लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, **अलीराजपुर:** विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 **अंजड़:** न्यू निमाड़ मोटर्स 9425416084, **बदनावर:** नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, **बेड़िया:** कृष्णा मोटर्स 7428494667, **बामनियां:** अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, **छनेरा:** गुरुनानक मोटर्स 7428390286, **बेटमा:** अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, **धामनोद:** अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, **इंदौर:** क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, **मुंडी:** अभिषेक मोटर्स 7428390273, **पानसेमल:** हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, **पेटलावद:** भंडारी अभिकरण 9977287143, **धरमपुरी:** कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, **राऊ:** अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, **सेंधवा:** डीलक्स मोटर्स 7428295060, **निवाली:** श्री वल्लभ मोटर्स 9893501517, **पुंजापुरा:** पटेल मोटर्स 9755567226, **सतवास:** शिवम मोटर्स 9826088351, **नागदा:** कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, **सिंघोट:** आकाश मोटर्स 7428494665, **सोनकच्छ:** भारत मोटर्स 9826607753, **घाटाबिल्लौद:** लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, **खाचरोद:** जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, **मांगलिया:** श्री साई मोटर्स 8962460729, 8889415553, **जौरा:** विजयानंद मोटर्स 9754451762, **राणापुर:** सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, **जोबट:** धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, **सोंडवा:** राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, **क्षिप्रा:** श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, **सुखलिया इंदौर:** आर्यन मोटर्स, 9399928958, **कांटाफोड़:** रुक्मणी मोटर्स, 9993048891, **नीलबड़:** **महाकाल मोटर्स,** 9586778889, **तीन इमली: न्यू गीतांजलि मोटर्स,** 6267121700, **नेहरू नगर, भोपाल:** रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650,51,52,53, **गांधीनगर:** आर जे मोटर्स, 8827588411, **स्नेहलतागंज:** साहू ऑटोमोबाइल, 9926977784, **अमझेरा:** महावीर ऑटोमोबाइल, 9589890703, **सागौर कुटी:** अमन ऑटोमोबाइल, 9039055993, **जावद:** शिवाय इंटरप्राइजेज, 9752346321, **रानीसिंह:** गुरुकृपा ऑटोमोबाइल्स, 9753044683, **बोरी बुजुर्ग: जिलानी मोटर्स,** 9399900143, **कढ़ी: श्री राम मोटर्स,** 9584997081, पिपलिया बुजुर्ग: **न्यू सिन्हा मोटर्स,** 9981562315, **Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना:** गगन हीरो 9289922358, **विदिशा:** पाल हीरो 9289922379, **भिन्ड :** शिवम् मोटर्स 9289922787, **पीथमपुर:** रघुवंशी हीरो 9289923047, **छनेरा:** गुरुनानक मोटर्स 7428390286, **सारंगी:** श्री मोटर्स, 9340927342, **सीतामऊ:** तिरुपति मोटर्स, 9753008855, **पिपलिया मंडी:** नवपद मोटर्स, 9479861211, **दलोदा:** जेएस मोटर्स, 9926600906.

Cheil 33547/26

पेज एक का शेष...

विजयादशमी पर हम ...

पराक्रम मर्यादा से प्रेरित है और उनका प्रत्येक संकल्प जनकल्याण के लिए समर्पित है।

विजयादशमी पर शस्त्र-पूजन इसी चेतना की अभिव्यक्ति है। शस्त्रों का पूजन करते हुए हम शक्ति के विवेकपूर्ण उपयोग और उसके साथ जुड़े उत्तरदायित्व को स्वीकार करते हैं। हम संकल्प लेते हैं कि हमारा बल निर्बल की रक्षा करे, हमारा साहस अन्याय के विरुद्ध खड़ा हो और हमारा पराक्रम मानवता के कल्याण में समर्पित रहे। शस्त्र धारण करने वाले हाथों में संयम और निर्णय लेने वाले मन में संवेदना हो यही इस परंपरा का संदेश है। मर्यादा से अनुशासित शक्ति ही समाज का विश्वास बनती है।

देश के प्रहरियों के प्रति ...

साहस, कौशल और सैन्य दक्षता का परिचय दिया। हमारे वीर जवानों ने अपने पराक्रम से राष्ट्र के सुरक्षा संकल्प को साकार किया। विजयादशमी पर हम अपने सैनिकों को नमन करते हुए उस कर्तव्यनिष्ठा से प्रेरणा लें, जिसके लिए राष्ट्र की रक्षा सर्वोपरि है। देश का सम्मान सुरक्षित रखने वाले इन प्रहरियों के प्रति हमारी कृतज्ञता हमारे आचरण में भी दिखाई देनी चाहिए।

रामराज्य की भावना ...

सकारात्मक परिवर्तन है। जब नागरिक को समय पर न्याय, सहज सेवा और आगे बढ़ने का अवसर मिलता है, तब रामराज्य की भावना लोकजीवन में आकार लेती है। आइए, इस विजयादशमी पर शस्त्र-पूजन के साथ अपने संकल्पों को भी नई धार दें। भगवान श्रीराम की मर्यादा, मां दुर्गा की शक्ति और वीर सैनिकों का साहस हमारा पथ प्रकाशित करे। शक्ति से सुरक्षा, सामर्थ्य से समृद्धि और सत्य से विजय-इसी संकल्प के साथ भारत का गौरवशाली भविष्य गढ़ें। सभी प्रदेशवासियों को विजयादशमी की हार्दिक मंगलकामनाएं।

नेपाल भागने वाले ...

एक्सप्रेस के सामान्य डिब्बे से तीनों को पकड़ लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों में दो हरियाणा और एक बिहार का रहने वाला है। तीनों बालिग हैं और उनके पास से कोई हथियार बरामद नहीं हुआ है। एसपी कोटा, तेजस्विनी गौतम ने बताया कि वारदात के बाद ये तुरंत रवाना हो गए थे। मुंबई पुलिस के डीसीपी राजतिलक रौशन ने बताया कि रविवार को हुई फायरिंग के बाद आरोपियों की तलाश के लिए अपराध शाखा की करीब 20 विशेष टीमें बनाई गई थीं। पुलिस इस मामले की जांच हत्या की कोशिश और आर्म्स एक्ट के तहत कर रही है। डीसीपी के अनुसार, जिस तरीके से गोलियां चलाई गईं, उससे आरोपियों के हत्या के इरादे से आने का संदेह है। अब उन्हें मुंबई लाकर पूछताछ की जा रही है। गोलीबारी में अभिनेता के बाएं हाथ में बारूद और कांच के टुकड़ों से चोट लगने की जानकारी सामने आई है। उनके ड्राइवर को भी चोट पहुंची है। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद लॉरेंस गैंग के अनिल पंडित का एक और ऑडियो नोट आया। इसमें उसने कहा कि ये जितने बॉलीवुड एक्टर हैं, ये पाकिस्तान में बैठे दाऊद के पैसों से फिल्में बनाते हैं और उसे दोगुने पैसे कमाकर दे रहे हैं। रही बात सलमान खान की, जब तक ये माफी नहीं मांग लेता, तब तक इसका पीछे नहीं छोड़ेंगे। तुम हमारे 2 मारोगे, हमारे 100 भाई मुंबई में तैयार बैठे हैं।

सीएम बोले- मास्टरमाइंड्स ...

मास्टरमाइंड्स का भी पता लगाएंगे जो छिपे हुए हैं और दूर से ही निर्देश देते हैं।

स्वर्णिम शुरुआत, 4...

एसएच-1 फाइनल में 250.0 अंक के साथ स्वर्ण जीता। अवनि लखेरा को रजत मिला। इस प्रदर्शन से भारत ने 2028 लॉस एंजिल्स पैरालंपिक के लिए दूसरा कोटा स्थान भी हासिल किया। पैरा एथलेटिक्स में निषाद कुमार ने लंबी कूद टी-47 में 7.11 मीटर की छलांग लगाकर, सौम्या ने 1500 मीटर दौड़ में 5 मिनट 12.39 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ और रिंकू ने भाला फेंक एफ-46 में 65.11 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक जीता। भाला फेंक में अजीत सिंह को रजत मिला। वेंकटेश राधा ने भी रजत जीता। जूडो में कोकिला ने रजत और कपिल परमार ने कांस्य हासिल किया, जबकि तैराक रवि कार्तिक बुडिगिना ने 100 मीटर फ्रीस्टाइल एस-13 में रजत जीता। रवन्नी वलासनैनी ने भी कांस्य पदक अपने नाम किया।

अहा! 77 साल...

नगालैंड के खिलाफ खेलते हुए चिन्मय ने अपनी टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। उनकी शानदार पारी के दम पर मिजोरम ने पहली पारी नौ विकेट पर 581 रन बनाकर घोषित कर दी। चिन्मय ने 517 गेंदों का सामना करते हुए 46 चौके और सात छक्के लगाए। उन्होंने 77.36 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। टीम के कुल 581 रनों में से 400 रन चिन्मय के बल्ले से निकले। इस उपलब्धि के साथ वह भारत में प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 400 रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए। इस तरह उन्होंने भारतीय क्रिकेट में 77 साल बाद यह ऐतिहासिक उपलब्धि दोहराई।

1000 टन बिस्किट ..

नुकसान पहुंचा है। शुरुआती अनुमान के मुताबिक, करोड़ों रुपये की संपत्ति जलकर खाक हो गई।

फैक्ट्री के निदेशक रामगोपाल अग्रवाल ने बताया कि आग लगने के बाद कर्मचारियों ने अपने स्तर पर इसे बुझाने का प्रयास किया। करीब एक घंटे तक कोशिश के बावजूद आग पर काबू नहीं पाया जा सका। इसके बाद दोपहर तीन बजे से नगर निगम, व्हीकल फैक्ट्री और कैंट बोर्ड की दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने लगातार प्रयास कर आग पर काफी हद तक नियंत्रण पाया, हालांकि आग पूरी तरह नहीं बुझ सकी थी।

अग्रवाल के मुताबिक, आग प्रभावित हिस्से में रखा करीब 1000 टन बिस्किट का पूरा स्टॉक जल गया। मशीनें और पैकिंग सामग्री भी नष्ट हो गईं, जबकि कच्चा माल सुरक्षित रहा। सोमवार को छुट्टी होने के कारण फैक्ट्री में काम बंद था और मशीनों का रखरखाव चल रहा था। घटना के समय केवल 10 से 12 कर्मचारी मौजूद थे। आग लगते ही सभी बाहर निकल गए, जिससे किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। अधिकारियों के अनुसार, जांच के बाद ही वास्तविक वजह स्पष्ट होगी।

'एफटीए' से किसानों ...

इससे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई), किसानों, महिलाओं, युवाओं और श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए नए अवसर खुलेंगे। यह समझौता भारतीय पेशेवरों के लिए भी नए रास्ते खोलेगा और साथ ही भारत के प्रमुख हितों की रक्षा सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय किसानों को फल, सब्जियों, मसालों और अन्य कृषि उत्पादों के लिए न्यूजीलैंड के बाजार में बेहतर पहुंच मिलेगी। डेयरी सहित संवेदनशील क्षेत्रों को संरक्षण दिया गया है, ताकि सरकार की नीतियों में किसानों के कल्याण को प्राथमिकता मिलती रहे। गोयल के मुताबिक न्यूजीलैंड की ओर से भारत में 20 अरब डॉलर के निवेश को सुगम बनाने की प्रतिबद्धता भी महत्वपूर्ण है।

दोनों देशों के ....

मजबूत नेतृत्व ने संभव बनाया है। वाणिज्य मंत्री ने न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री टॉड मैक्ले और दोनों देशों की वार्ता टीमों के निरंतर प्रयासों के लिए आभार जताया।

दिग्विजय बोले- सिंधिया ...

सवालिया लहजे में कहा कि सिंधिया ग्वालियर के सिंधिया कॉलेज में यह आयोजन क्यों नहीं कराते? उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्होंने कॉलेज बोर्ड चेयरमैन विक्रम पंवार से बात की है। वे संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत को भी पत्र लिखकर कार्यक्रम का स्थल बदलने का आग्रह करेंगे ताकि शिक्षण संस्थान की गरिमा बनी रहे।

सीहोर, इंदौर और...

साथ ही दक्षिण राजस्थान और उत्तर-पश्चिम उत्तर प्रदेश के ऊपर दो चक्रवात बने हैं। इसके असर से हवाओं का रुख बार-बार बदल रहा है। मध्य व पश्चिमी इलाकों में गरज-चमक के साथ बारिश की स्थिति बनी हुई मंगलवार को भोपाल, इंदौर, उज्जैन, सागर, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोक नगर, आगर-मालवा, राजगढ़, विदिशा, रायसेन, धार, देवास, सीहोर, अलीराजपुर, बड़वानी, खरगोन, खंडवा, हरदा, बुरहानपुर, बैतूल, निवाड़ी, टीकमगढ़ और छतरपुर में तेज हवा के साथ हल्की बारिश के आसार हैं।

सरकार प्रत्येक घायल ...

मरीजों को एयर एंबुलेंस की सुविधा भी सरकार उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट तथा सांसद भारत सिंह कुशवाह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण भी ट्रॉमा सेंटर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों से चर्चा कर घायलों के उपचार की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक मरीज को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए और उपचार में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने गंभीर मरीजों की स्थिति पर विशेष निगरानी रखने के साथ उनके उपचार की निरंतर समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि उपचार व्यवस्था पर सतत नजर रखें।

इन 7 लोगों ...

सिंधियानगर निवासी कल्पना गंभीर अवस्था में भर्ती हैं। माधवीनगर खताईपुरा निवासी शुभम राठौर, हजीरा क्षेत्र निवासी सोनू, ठाठीपुर के अभिषेक जाटव, टेकनपुर के राजबहादुर क्षेत्री तथा श्योपुर जिले के दूजापुर गांव के दिव्यांश का भी उपचार भी ट्रॉमा सेंटर में हो रहा है। मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने सभी घायलों और उनके परिजन से भेंट कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा बेहतर उपचार का भरोसा दिलाया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव...

में नामांकित किया है। जिन जिलों में मंत्रीगण शस्त्र पूजन में शामिल नहीं होंगे, वहां संबंधित जिलों के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक शस्त्र पूजन करेंगे। शस्त्र पूजन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाएगा।



एजेंसी ▶▶| वाराणसी

काशी में गूंजी फाइटर प्लेन की गर्जना...! एयर शो में लड़ाकू विमान दिखाएंगे पराक्रम

भारतीय वायुसेना द्वारा अपनी 94वीं वर्षगांठ के अवसर पर उत्तर प्रदेश के वाराणसी में पहली बार 'विंग्स ओवर गंगा' एयर शो का भव्य आयोजन किया जा रहा है। 22, 24 और 25 अक्टूबर को होने वाले इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के तहत सोमवार को नमो घाट से सामने घाट तक लड़ाकू विमानों ने पूर्व अभ्यास और आसमान में हैरतअंगेज करतब दिखाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है। सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के लिए पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल और मंडलायुक्त एस. राजलिंगम की देखरेख में व्यापक तैयारियां की गई हैं।

एक साथ कई लड़ाकू विमान देख लोग भौंचक्के

वाराणसी के नमो घाट से लेकर अस्सी घाट और गंगा के दोनों किनारों पर सोमवार सुबह भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों की पूर्व अभ्यास उड़ानें देखने को मिलीं। एक साथ चार लड़ाकू विमानों को देखकर लोग अपने मोबाइल में तस्वीरें कैद करने से खुद को रोक नहीं पाए। काशी में इस तरह के एयर शो का आयोजन पहली बार हो रहा है, जिससे स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।



कौन-कौन से विमान दिखाएंगे अपना पराक्रम

इस एयर शो में सूर्य किरण एरोबेटिक टीम, सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम के अलावा राफेल, तेजस, सुखोई-30 एमकेआई, प्रचंड हेलीकॉप्टर, आईएल-76, आईएल-78, सी-295 और एएन-32 जैसे अत्याधुनिक विमान हिस्सा लेंगे. गंगा की लहरों और ऐतिहासिक घाटों की पृष्ठभूमि में होने वाले इस प्रदर्शन में केसरिया, सफेद और हरे रंग की धुएं की लकीरें मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगी, जो भारतीय वायुसेना की ताकत का प्रदर्शन करेंगी।

युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगा यह आयोजन: 'विंग्स ओवर गंगा' की परिकल्पना काशी की प्राचीन संस्कृति और आधुनिक सैन्य तकनीक को एक मंच पर लाने की है। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल भारतीय वायुसेना के अनुशासन और पराक्रम को प्रदर्शित करना है, बल्कि युवाओं को विमानन, आधुनिक तकनीक और देश सेवा से जुड़ने के लिए प्रेरित करना भी है। कार्यक्रम के अंतिम दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

रिश्वत की जांच के लिए मंजूरी जरूरी नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि किसी पुलिसकर्मी पर रिश्वत मांगने का आरोप हो, तो उसके खिलाफ जांच शुरू करने के लिए पहले से अनुमति लेना जरूरी नहीं है। अदालत ने कहा कि रिश्वत मांगना सरकारी ड्यूटी का हिस्सा नहीं है, इसलिए ऐसे मामलों में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए के तहत मिलने वाली सुरक्षा लागू नहीं होती।

रिश्वत मांगना सरकारी ड्यूटी का हिस्सा नहीं

अदालत ने स्पष्ट किया कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17 ए हर मामले में लागू नहीं होती। इस धारा के तहत कुछ मामलों में लोक सेवक के खिलाफ जांच शुरू करने से पहले मंजूरी लेना जरूरी है, लेकिन यह नियम तभी लागू होता है, जब आरोप उसके आधिकारिक काम के दौरान लिए गए किसी फैसले या की गई सिफारिश से जुड़ा हो। रिश्वत मांगना या लेने की कोशिश करना सरकारी कामकाज के तहत लिया गया फैसला नहीं है। ऐसे आरोपों की जांच के लिए पहले से अनुमति लेने की जरूरत नहीं है।

आडवाणी हॉस्पिटल से हुए डिस्चार्ज



नई दिल्ली। भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी की सेहत में सुधार के बाद सोमवार को उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। आडवाणी को सीने में संक्रमण की शिकायत के बाद 16 अक्टूबर को भर्ती कराया गया था। उनका उपचार न्यूरोलाजी के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. विनित सूरी की देखरेख में चल रहा था।

इमरान की याचिका पर 26 को सुनवाई

मुंबई। बॉम्बे हाईकोर्ट 26 अक्टूबर को एक्टर इमरान खान की याचिका पर सुनवाई करेगा। उन्होंने मुंबई पुलिस के भारत छोड़ने के आदेश को चुनौती दी है। पुलिस ने उन्हें 28 अक्टूबर तक देश छोड़ने को कहा है। इमरान को 10 अक्टूबर को प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लिया गया था।

क्रमांक 2715001/2014/ई.डी.पी./ ई-टेंडरिंग/406/1688

कार्यालय प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग, जल संसाधन भवन, तुलसी नगर, भोपाल

ई मेल- mpwrdetenders@gmail.com, edpcell.encwrd.bpl@mp.gov.in
फोन- 0755-2553402 फैक्स-0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक 668/2715001/ई.डी.पी./2021-22/प्र.अ./ ई-टेंडरिंग — भोपाल, दिनांक 07/10/2026

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट पर दिनांक 06-11-2026 को 17:30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते है ।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	जिला	राशि रू. लाख में
1	2026_WRD_523350	मुंगावली के घाट बमुरिया, खैराई, कुम्हर्रा, सेमरी टांक, बहादुरपुर, सांवलहेड़ा, रतवास, मढ़ी नरखेड़ी, कैथन डायवर्सन, कुकरेठा स्टॉप डेम के एम.एस. शटर गेट बंद एवं खोलने का कार्य ।	अशोकनगर	4.70
2	2026_WRD_523351	महाना, रूसल्ला बुजुर्ग भगवानपुर, रैंझाघाट स्टॉपडेम तहसील ईसागढ़ एवं सोवत कांकड़ा, मुल्लाखेड़ी घरोई स्टॉपडेम, कम काजवे के एम.एस. शटर / गेट बंद एवं खोलने का कार्य ।	अशोकनगर	5.51
			कुल योग	10.21

G-20263/26 — " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता " — मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

हरिभूमि क्लासीफाइड

संपर्क सूत्र : 9407279644

हरिभूमि भोपाल बाजार — विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर

साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड आफिस इंडिया प्रोपर्टी करेंद भोपाल

मो. 7772079910

Medical Help Line

विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद

सफेद दाग

चर्म रोग, पित्ते की पथरी, गुर्दे की पथरी

Timing 10:30 am to 8:00 pm

44 वर्षो का होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा का अनुभव

Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC

कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M. 9425006131, 8871714432

सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

नाम परिवर्तन

मैं, नंबर 22053687X रैंक SEP नाम राजू देबनाथ वर्तमान मिलिट्री डेंटल सेंटर भोपाल में पोस्टेड हूँ।
कि, मैंने अपने पिता का नाम B देबनाथ से बदलकर ब्रोजेन देबनाथ कर दिया है, क्योंकि मेरे डॉक्यूमेंट में गलती से नाम B देबनाथ लिख दिया गया था।
कि B देबनाथ और ब्रोजेन देबनाथ दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यवस्थापक

राशिफल

मेष — वाणी में कठोरता के भाव रहेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

वृष — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है, अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

मिथुन — माता से धन की प्राप्ती हो सकती है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, आय में वृद्धि होगी।

कर्क — आत्मवश्विास में वृद्धि होगी, कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उच्च शिक्षा एवं शोध आदि कार्यों के लिए विदेश प्रवास की संभावना बन रही है।

सिंह — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे, संतान सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी व खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है।

कन्या — स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, परंतु आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा।पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं।

तुला — वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि की ओर रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

वृश्चिक — शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से यश व मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।

धनु — कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, संतान को कष्ट रहेगा। आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रूझान बढ़ेगा।

मकर — कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों व गहनों के प्रति रूझान रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

कुंभ — कुटुंब की किसी महिला से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं, भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। बातचीत में संयत रहें, वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे।

मीन — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी, किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा।

शब्द पहेली - 6383



बाएँ से दाए-

1. जानकारी-4
4. मांसाहार का उलट-4
8. 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9. कायाकल्प-5
10. पिता के छोटे भाई-2
13. कहानी लिखने वाला-5
15. नाम रखना-5
17. बेवक्त, अकाल-5
20. प्रयास, कोशिश-5
23. टोंटी, नलका-2
24. कामदेव, पुष्कर-2,3
25. डर, भय-4
28. शोर-शराबा-4
29. बेवफा, व्यभिचारी-4

ऊपर से नीचे

2. बिंदु, बिंदी, शून्य-2
3. गोलाकार-3
4. सम्मिलित होना-3,2
5. घाटा, नुकसान-2
6. मूर्ख, बेवकूफ-4
7. बिना कारण, बेवजह-4
11. राजा की पत्नी-2
12. वहम, संदेह-2
14. दुर्घटना-3
16. खाना बनाने की जगह, किचन-3
17. एकाएक, सहसा-4
18. अलमस्त-2
19. कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20. आरामदायी-5
21. सम्मान-2
22. भलमानसता-4
26. सद्, अच्छा-2
27. मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

शब्द पहेली -6382 का हल

■	अ	ल	ख	■	■	■	मु	स्का	न	■
ग	ज्ञा	■	रा	त	की	रा	नी	■	बी	च
ल	■	■	ब	ल	■	ह	म	■	■	म
त	न	खा	■	ना	मि	त	■	र	ह	न
■	र	ज	नी	■	त्र	■	क	स	म	■
■	क	■	ड	ल	■	दा	म	■	व	■
■	गा	फि	ल	■	पा	■	ला	न	त	■
स	मी	र	■	सु	रा	ही	■	म	न	न
म	■	■	म	म	■	न	र	■	■	र
य	क्ष	■	हा	ति	म	ता	ई	■	आ	म
■	मा	लि	न	■	■	■	स	ई	स	■

सूडोकु नवताल- 6393

सरल

2	9			5				4
4			2		7		8	
	1	6		8				3
8		5		9				7
3	6			2			1	9
1				3		5		2
5				7		6	3	
	3		1		8			5
9				6			2	1

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल- 6392 का हल

7	8	1	6	9	4	2	5	3
2	6	4	5	3	6	1	7	9
5	3	9	1	2	7	4	6	8
9	5	8	7	4	1	3	2	6
1	2	3	9	5	6	7	8	4
4	7	6	3	8	2	9	1	5
3	9	7	2	6	5	8	4	1
6	4	2	8	1	9	5	3	7
8	1	5	4	7	3	6	9	2

खबर संक्षेप



एचएफसीएल का लाभ बढ़कर 394 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। दूरसंचार उपकरण बनाने वाली घरेलू कंपनी एचएफसीएल का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ कई गुना होकर 394.22 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कृत्रिम मेधा (एआई) डेटा केंद्रों से ऑप्टिकल फाइबर केबल की मांग बढ़ने से उसके लाभ में यह वृद्धि दर्ज की गई। वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में कंपनी ने करीब 72 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

अल्ट्राटेक सीमेंट का शुद्ध लाभ 21.3% तक बढ़ा

नई दिल्ली। देश की प्रमुख सीमेंट विनिर्माता कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में 21.27 प्रतिशत बढ़कर 1,501.38 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने सोमवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 1,237.98 करोड़ का शुद्ध लाभ कमाया था। अल्ट्राटेक सीमेंट ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में उसकी परिचालन आय 18.81 प्रतिशत बढ़कर 23,295.07 करोड़ रुपये हो गई।

यूनियन बैंक का लाभ 31% बढ़कर 5781 करोड़ रुपए



मुंबई। सार्वजनिक क्षेत्र के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 31 प्रतिशत बढ़कर 5,781 करोड़ रुपये रहा। बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 की समान (जुलाई-सितंबर) तिमाही में 4,425.95 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने सोमवार को बयान में कहा कि एकल आधार पर बैंक का शुद्ध लाभ जुलाई-सितंबर तिमाही में 30.32 प्रतिशत बढ़कर 5,537.20 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 4,249.08 करोड़ रुपये था।

एक्सिस बैंक का शेयर चार प्रतिशत से अधिक टूटा



नई दिल्ली। एक्सिस बैंक का शेयर सोमवार को चार प्रतिशत से अधिक टूट गया। बैंक का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही का नतीजा निवेशकों को उत्साहित करने में विफल रहा। बीएसई पर एक्सिस बैंक का शेयर 3.85 प्रतिशत टूटकर 1,236.90 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 4.77 प्रतिशत टूटकर 1,225 रुपये तक आ गया था। एनएसई पर बैंक का शेयर 4.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,236 रुपये पर बंद हुआ।

एसबीआई खरीदेगी केयरएज ग्लोबल में हिस्सेदारी



नई दिल्ली। रेटिंग एजेंसी केयरएज रेटिंग्स ने सोमवार को कहा कि उसने अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी केयरएज ग्लोबल आईएफएससी में 19.8 प्रतिशत हिस्सेदारी भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और एनएसई आईएफएससी को बेचने का फैसला किया है। केयरएज रेटिंग्स ने शेयर बाजार को बताया कि उसने केयरएज ग्लोबल आईएफएससी लिमिटेड (सीजीआईएल) में 9.9 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी एसबीआई को और 9.9 प्रतिशत हिस्सेदारी एनएसई आईएफएससी (एनएसईआईएक्स) को बेचने के लिए शेयर खरीद समझौते और शेयरधारक समझौते किए हैं।

रुपए की कमजोरी के लिए ईरान संघर्ष व महंगा तेल जिम्मेदार नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर डी. सुब्बाराव ने सोमवार को कहा कि रुपये की कमजोरी के लिए केवल ईरान संघर्ष तथा कच्चे तेल की ऊंची कीमतों को जिम्मेदार ठहराना और यह मान लेना कि स्थिति सामान्य होने पर रुपया फिर मजबूत हो जाएगा, गलत आकलन होगा।

पूर्व गवर्नर ने कहा कि तेल की कीमतें एक महत्वपूर्ण कारक हैं, लेकिन पिछले कुछ साल से रुपये पर दबाव बना हुआ है। इसकी वजह विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी है जो घरेलू और वैश्विक दोनों कारकों को दर्शाती है।

समस्या का गलत आकलन न करे

सुब्बाराव ने कहा, '' रुपये की कमजोरी को पूरी तरह से ईरान के संघर्ष और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से जोड़ना और यह मान लेना कि हालात सामान्य होने पर सब कुछ ठीक हो जाएगा...यह सोचने में अच्छा लग सकता है लेकिन मुझे लगता है कि यह समस्या का गलत आकलन होगा।''

आरबीआई के पूर्व गवर्नर सुब्बाराव ने कहा, रुपए पर कुछ साल से दबाव है, इसकी वजह विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी बनी हुई है

भारतीयों की और से शेयर और एमएफ में निवेश मिला

घरेलू शेयर बाजारों में भारी गिरावट और कच्चे तेल की कीमतों में फिर तेजी के कारण रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले तीन पैसे टूटकर 94.92 (अस्थायी) पर रहा। घरेलू स्थिति पर सुब्बाराव ने कहा कि भारतीयों की ओर से शेयर और म्यूचुअल फंड में मजबूत निवेश से बाजार को समर्थन मिला है, लेकिन इससे शेयरों का मूल्यांकन भी बढ़ गया है।



मिलने वाले रिटर्न पर भी ध्यान देना होगा

पूर्व गवर्नर ने कहा कि निवेशक सेमीकंडक्टर, जैव प्रौद्योगिकी, उन्नत विनिर्माण और नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों में भी अवसर तलाश रहे हैं। इस क्षेत्र में अमेरिका, ताइवान और चीन आगे हैं। उन्होंने कहा कि यह वैश्विक पूंजी आवंटन में बदलाव को दर्शाता है। निवेशक अब केवल आर्थिक वृद्धि नहीं, बल्कि प्रौद्योगिकी में अग्रणी होने और उससे मिलने वाले 'रिटर्न' पर भी ध्यान दे रहे हैं।

नई प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भूमिका सीमित

सुब्बाराव ने कहा, ''भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है, लेकिन कई नई और उन्नत प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में उसकी भूमिका अब भी सीमित है।'' वर्ष 2008 से 2013 तक आरबीआई गवर्नर रहे सुब्बाराव ने कहा कि इससे यह सबक मिलता है कि केवल मजबूत आर्थिक वृद्धि से विदेशी पूंजी का प्रवाह बढ़ने या रुपया मजबूत होने की गारंटी नहीं मिलती।

भारत के सबसे बड़े निर्गम से पहले विश्लेषकों के भरोसे को मजबूत करते हैं बाजार में नेतृत्व, बढ़ता नकदी प्रवाह, स्वदेशी तकनीक

ब्रोकरेज कंपनियों ने दिया जियो आईपीओ को जोरदार समर्थन डिजिटल ग्रोथ की बड़ी ताकत के रूप में उभरकर आई कंपनी



एजेंसी ▶▶ मुंबई

जियो प्लेटफॉर्म्स का आगामी इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग निवेश के एक आकर्षक अवसर के रूप में उभर रहा है। ब्रोकरेज कंपनियों ने कंपनी की विकास संभावनाओं, मजबूत परिचालन प्रदर्शन और तकनीकी महत्वाकांक्षाओं के विस्तार पर भरोसा जताया है। उनके आकलन के अनुसार, कंपनी पारंपरिक दूरसंचार कारोबार से काफी आगे निकल चुकी है और भारत की तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था के केंद्र में अपनी जगह बना रही है।

एंकर निवेशकों के लिए उपलब्ध हिस्से की भारी मांग: सोमवार को एंकर निवेशकों के लिए बोली लगाने की अवधि के दौरान आईपीओ को दुनिया के प्रमुख और बड़े संस्थागत निवेशकों से उपलब्ध शेयरों की तुलना में 30 गुना बोलियां मिलीं। केवल 8,110 करोड़ रुपए के उपलब्ध शेयरों के लिए बोलियां अभूतपूर्व 2.5 लाख करोड़ रु. से अधिक रहीं। यह निवेशकों की भारी अधूरी मांग को दर्शाता है, जिसका एक हिस्सा जियो की लिस्टिंग के बाद द्वितीयक बाजार में भी दिखाई दे सकता है।

ग्रे मार्केट प्रीमियम से मजबूत लिस्टिंग की उम्मीद : आईपीओ खुलने से पहले ही इसे ग्रे मार्केट प्रीमियम मिल रहा है। इंडिया इन्फोलाइन ने प्रति शेयर रू. 252 का जीएमपी बताया, जो रू.1,119 के ऊपरी प्राइस बैंड से 22.52% अधिक है।ग्रे मार्केट में अनुमानित कीमत करीब रू.1,371 प्रति शेयर और 12 शेयरों के एक लॉट पर लाभ रू.3,024 बनता है। द इकोनॉमिक टाइम्स ने अलग से रू.251 प्रति शेयर यानी 22.4% जीएमपी की जानकारी दी, जिससे कीमत लगभग रू.1,370 बैठती है।

कनेक्टिविटी से टेक्नोलॉजी की बड़ी ताकत तक

निवेश की संभावनाओं को मजबूत करने वाला पहलू मुख्य दूरसंचार कारोबार से आगे विकसित क्षमताओं से कमाई करने का अवसर है। जियो का अपना 5जी टेक्नोलॉजी स्टैक, क्लाउड-नेटिव इंफ्रास्ट्रक्चर और जियो ब्रेन एआई प्लेटफॉर्म उसे एंटरप्राइज समाधान विकसित करने और अंतरराष्ट्रीय बाजारों के ऑपरेटरों को तकनीकी क्षमताएं उपलब्ध कराने का अवसर देते हैं। जियो का बुनियादी ढांचा भी बेहद व्यापक है। उसके पास दस लाख से अधिक रूट किमी फाइबर, 3,60,537 नेटवर्क टावरों तक पहुंच और भारत की 99% से अधिक आबादी तक वायरलेस ब्रॉडबैंड कवरेज है। ऐप्स, क्लाउड सेवाओं और एंटरप्राइज पेशकशों का बढ़ता इकोसिस्टम इस बुनियादी ढांचे से अधिक मूल्य हासिल करने के अवसर पैदा करता है। वेंचुरा सिक्योरिटीज जियो को "भारत का सबसे बड़ा डिजिटल सेवा और कनेक्टिविटी प्लेटफॉर्म" बताकर उसकी व्यापक स्थिति को रेखांकित करती है। यह आकलन केवल कनेक्टिविटी बेचने से आगे बढ़कर एकीकृत डिजिटल सेवा कारोबार बनाने की कंपनी की संभावनाओं को दर्शाता है। होम ब्रॉडबैंड का विस्तार इस अवसर को और मजबूत करता है। जून 2026 तक जियो के 2.86 करोड़ फिक्स्ड-ब्रॉडबैंड ग्राहक थे, जिनमें 1.4 करोड़ जियो फाइबर ग्राहक शामिल थे।



नकदी पैदा करने की क्षमता से बेहतर होती संभावनाएं

जियो की बेहतर होती नकदी सृजन क्षमता भी ध्यान आकर्षित कर रही है। एमके के विश्लेषण के अनुसार,2025-26 में परिचालन से नकदी प्रवाह लगभग रू.77,556 करोड़ रहा। वहीं, पूंजीगत खर्च वित्त वर्ष 2023-24 में राजस्व के 48.8 प्रतिशत से घटकर वित्त वर्ष 2025-26 में 23.3 प्रतिशत रह गया। इससे कंपनी को अपनी बैलेंस शीट मजबूत करते हुए नए अवसरों में निवेश करने के लिए अधिक लचीलापन मिल सकता है। सेंट्रम ब्रोकिंग ने दूरसंचार कारोबार और अन्य डिजिटल व्यवसायों के लिए अलग-अलग मूल्यांकन पद्धतियों का इस्तेमाल करते हुए जियो प्लेटफॉर्म्स का इक्विटी मूल्य लगभग रू.11.5 लाख करोड़ आंका है। उसका अनुमान है कि वित्त वर्ष 2025-26 से 2028-29 के बीच राजस्व, एबिटडा और कर-पश्चात लाभ में क्रमशः लगभग 14 प्रतिशत , 16 प्रतिशत और 16 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि होगी।

निर्गम का पैमाना 19 प्रमुख प्रबंधकों से भी स्पष्ट

इस आईपीओ का प्रबंधन 19 बुक-रनिंग लीड मैनेजर कर रहे हैं, जो निर्गम के पैमाने और अंतरराष्ट्रीय पहुंच को दर्शाता है। ये हैं: कोटक महिंद्रा कैपिटल कंपनी, मॉर्गन स्टेनली इंडिया कंपनी, बोफा सिक्योरिटीज इंडिया, एक्सिस कैपिटल, बीएनपी पारिबा, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स इंडिया, सीएलएसए इंडिया, डीएएम कैपिटल एडवाइजर्स, गोल्डमैन सैक्स (इंडिया) सिक्योरिटीज, एचडीएफसी बैंक, एचएसबीसी सिक्योरिटीज एंड कैपिटल मार्केट्स (इंडिया), आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज, आईआईएफएल कैपिटल सर्विसेज, जेफरीज इंडिया, जेएम फाइनेंशियल, जे.पी. मॉर्गन इंडिया, एसबीआई कैपिटल मार्केट्स, यूबीएस सिक्योरिटीज इंडिया और 360 वन वॉम। चूंकि ये कंपनियां इस निर्गम की लीड मैनेजर हैं, इसलिए उनके रिसर्च विभाग उसी आईपीओ में निवेश करने की सिफारिश करने वाली स्वतंत्र रिपोर्ट प्रकाशित करने की स्थिति में नहीं हैं। इसलिए इस रिपोर्ट में शामिल ब्रोकरेज राय अन्य रिसर्च संस्थानों और विश्लेषकों की सार्वजनिक रूप से प्रकाशित टिप्पणियों पर आधारित हैं। समग्र आकलन यह है कि जियो के विकास का अगला चरण केवल ग्राहक जोड़ने से नहीं, बल्कि अपने नेटवर्क, तकनीक और डिजिटल इकोसिस्टम से अधिक मूल्य हासिल करने से आएगा। मजबूत बाजार नेतृत्व, बेहतर वित्तीय उत्पादकता, नए विकास अवसरों और कई ब्रोकरेज कंपनियों के सकारात्मक आकलन के साथ यह आईपीओ निवेशकों को ऐसे कारोबार में निवेश का अवसर देता है जो भारत के डिजिटल बदलाव के अगले अध्याय को आकार देने की कोशिश कर रहा है।

कमाई में बदलती कंपनी का विशाल पैमाना

जियो की बाजार में मजबूत स्थिति इस आशावाद का आधार है। 30 जून तक कंपनी के 533.3 मिलियन ग्राहक थे और वित्त वर्ष 2025-26 में भारत के वायरलेस डेटा ट्रैफिक का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा जियो के नेटवर्क से गुजरा। वित्त वर्ष 2025-26 में परिचालन से आय सालाना आधार पर 14.6 प्रतिशत बढ़कर रू.1,46,885 करोड़ हो गई, जबकि कर-पश्चात लाभ लगभग रू. 30,049 करोड़ रहा। नेटवर्क निवेश के बेहतर उपयोग और परिचालन लाभ के कारण एबिटडा मार्जिन बढ़कर लगभग 51.9 प्रतिशत हो गया। ब्रोकरेज के आकलन इस प्रदर्शन की निरंतरता को रेखांकित करते हैं। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज ने कहा कि हासिल की गई वृद्धि को देखते हुए आईपीओ का मूल्यांकन 'उचित' है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 से 2025-26 के दौरान एबिटडा में 16.2 प्रतिशत और कर-पश्चात लाभ में 18.4 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर का उल्लेख किया, जो विस्तारित नेटवर्क के साथ कमाई बढ़ाने की जियो की क्षमता को दर्शाता है। जीईपीएल कैपिटल ने भी आईपीओ में निवेश के लिए आवेदन करने की सिफारिश की। उसके अनुसार, जियो के बाजार नेतृत्व और विकास अवसरों को देखते हुए वित्त वर्ष 2025-26 की कमाई के लगभग 33.3 गुना का मूल्यांकन उचित दिखाई देता है। ग्राहक आधार बढ़ाने, प्रति उपयोगकर्ता औसत आय में सुधार और डिजिटल सेवाओं की पहुंच बढ़ाने की कंपनी की रणनीति विकास के अतिरिक्त अवसर देती है। फिलिपकैपिटल के अनुसार, 2016 में शुरुआत के बाद से जियो ने प्रतिस्पर्धी कीमतों और अलग तरह की पेशकश के जरिए पिछले दशक में भारत के दूरसंचार क्षेत्र का स्वरूप बदल दिया है। ब्रोकरेज का मानना है कि टैरिफ से मिलने वाली आय वृद्धि, एआरपीयू में स्वाभाविक बढ़ोतरी और डिजिटल सेवाओं से होने वाली नई आय मिलकर कमाई में लगातार वृद्धि की गुंजाइश पैदा करती हैं और भविष्य की संभावनाओं के आधार पर आईपीओ का मूल्यांकन आकर्षक बनाती हैं। एसबीआई कैप्स ने कहा कि निर्गम का मूल्य निर्धारण जियो के पैमाने, कमाई में वृद्धि, तकनीकी क्षमताओं और दीर्घकालिक आय-सृजन की संभावनाओं को दर्शाता है। उसने कहा कि प्रस्तावित कर्ज भुगतान से कर्ज का बोझ और वित्त लागत घटने, नकदी प्रवाह मजबूत होने तथा भविष्य के निवेश के लिए वित्तीय लचीलापन बढ़ने की उम्मीद है।

बैंकों के शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 876 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

निजी बैंकों में भारी बिकवाली और कमजोर वैश्विक रुख के चलते शेयर बाजार में दो कारोबारी सत्रों की तेजी के बाद सोमवार को जोरदार गिरावट दर्ज की गई। प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स 876.37 अंक लुढ़क गया, जबकि निफ्टी 22,888.95 अंक पर बंद हुआ।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 876.37 अंक 73,852.90 अंक पर बंद हुआ। एक समय यह 1,020.73 73,708.54 अंक पर आ गया था। निफ्टी भी 257.20 गिरावट के साथ 22,888.95 पर आ गया। एक्सिस



बैंक का शेयर सबसे अधिक 3.85 प्रतिशत टूटा। अल्ट्राटेक सीमेंट, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, ट्रेंट, एनटीपीसी और एचडीएफसी बैंक नुकसान में रहने वाले प्रमुख शेयर में शामिल रहे। निजी बैंकों के सितंबर तिमाही के नतीजे निवेशकों को उत्साहित करने में विफल रहे। एचडीएफसी बैंक का शेयर दो प्रतिशत से अधिक टूट गया।

भारत की 'ऑटो टेक' कंपनियों ने अब तक जुटाए 1.3 अरब डॉलर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की वाहन प्रौद्योगिकी (ऑटो टेक) क्षेत्र की कंपनियों ने इस साल अबतक 97 निवेश दौर में 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर जुटाए हैं। डेटा विश्लेषण मंच 'ट्रैक्सन' की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान सबसे अधिक निवेश ऑनलाइन बुकिंग पर कैब सेवा देने वाली कंपनी रैपिडो ने जुटाया। उसे 24 करोड़ अमेरिकी डॉलर मिले। इसके बाद इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन विनिर्माता सिंपल एनर्जी ने 18 करोड़ अमेरिकी डॉलर और रिवर ने 10.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटाए। 'इंडिया ऑटो टेक-2026 वाईटीडी' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय वाहन प्रौद्योगिकी कंपनियों ने 2026 में अबतक 97 दौर में 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर जुटाए हैं। इसकी तुलना में 2025 में 195 दौर में 2.1 अरब अमेरिकी डॉलर जुटाए गए थे। निवेश के इन आंकड़ों में केवल इक्विटी के जरिये

डेटा विश्लेषण कंपनी ट्रैक्सन ने जारी की रिपोर्ट

जुटाई गई राशि शामिल है। स्वचालित पार्किंग समाधान उपलब्ध कराने वाली कंपनी सोतेफिन का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के समय बाजार पूंजीकरण सबसे अधिक 3.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर रहा। इसके बाद विक्ट्री ईवी इंडिया का 1.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर और वाहन सहायक उपकरण बनाने वाली कंपनी ऑटोफर्निश का 60 लाख अमेरिकी डॉलर बाजार पूंजीकरण रहा। रिपोर्ट के अनुसार, इस अवधि में 3.4 करोड़ अमेरिकी डॉलर या इससे अधिक राशि जुटाने वाले 10 निवेश दौर हुए, जिनमें कुल 90 करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटाए गए। यह कुल जुटाई गई 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर की राशि का करीब 70 प्रतिशत है। शेष 87 निवेश दौर में लगभग 40 करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटाए गए।

शोध आधारित सेवाओं को प्रणाली में किया शामिल

फोनपे ने शेयरडॉटमार्केट को 'फोनपे इन्वेस्ट' के रूप में किया पेश

- इसमें भुगतान, कर्ज और बीमा सेवाएं भी शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

डिजिटल भुगतान एवं वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी फोनपे ने अपने निवेश एवं कारोबार मंच शेयरडॉटमार्केट को फोनपे इन्वेस्ट के रूप में पेश करने की सोमवार को घोषणा की। इसके साथ ही यह मंच फोनपे ब्रांड के तहत आ गया है। कंपनी ने कहा कि शेयरडॉटमार्केट से फोनपे इन्वेस्ट में बदलाव के जरिये शोध आधारित संपत्ति प्रबंधन सेवाओं को फोनपे के एकीकृत वित्तीय प्रणाली में शामिल किया गया है। इसमें भुगतान, कर्ज और बीमा सेवाएं भी शामिल हैं।

इससे कंपनी की संपत्ति प्रबंधन सेवाएं अधिक लोगों तक पहुंच सकेंगी और फोनपे के बड़े एवं विविध उपयोगकर्ता आधार के लिए निवेश करना आसान होगा। कंपनी बयान के अनुसार, निवेश से जुड़े लेनदेन तक सीमित रहने के बजाय 'पोर्टफोलियो ऑप्टिमाइजर' निवेश की पूरी यात्रा में मदद करता है।

यह आसान माध्यमों के जरिये नए निवेशकों का मार्गदर्शन करता



है जबकि अनुभवी निवेशकों को उनके पोर्टफोलियो के बारे में विस्तृत और उपयोगी जानकारी देता है। फोनपे के संस्थापक एवं मुख्य प्रौद्योगिकी एवं उत्पाद अधिकारी (सीपीटीओ) राहुल चारी ने कहा, फोनपे इन्वेस्ट हमारी संपत्ति प्रबंधन सेवाओं के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है।

संपत्ति प्रबंधन और शेयर कारोबार मंच को फोनपे ब्रांड के तहत एकीकृत करने के साथ यह नई पहचान सभी भारतीयों के लिए समझदारी से निवेश को सुलभ बनाने की हमारी महत्वाकांक्षा को दर्शाती है, ठीक उसी तरह जैसे हमने भारत में भुगतान व्यवस्था को सभी के लिए सुलभ बनाया।

इसका उद्देश्य निवेश को सरल बनाना

चारी ने कहा कि देशभर में अधिक लोगों के संपत्ति बनाने की यात्रा शुरू करने के साथ फोनपे का उद्देश्य निवेश को सरल और अधिक जानकारी पर आधारित बनाना है, ताकि लोग भरोसे के साथ निवेश कर सकें और अपने निवेश संबंधी फैसलों पर उनका पूरा नियंत्रण बना रहे।

एएमसी में कोई बदलाव नहीं होगा

भारत के बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में आ सकती है कठिनाई

चीन ने भारत के 'विकास' की राह में खड़ी की नई मुश्किल, टनल बनाने वाली मशीनों पर लगाई रोक

मशीनों का उपयोग मेट्रो नेटवर्क, हाई-स्पीड रेल व सुरंग बनाने में होता है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीन ने ऐसा कदम उठाया है, जिससे भारत के बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। बीजिंग ने टनल बनाने वाली मशीनों समेत कई अहम उपकरणों के निर्यात पर नए प्रतिबंध लगाने का ऐलान किया है। इन मशीनों का इस्तेमाल मेट्रो नेटवर्क, हाई-स्पीड रेल और सीमा क्षेत्रों में सुरंग बनाने के लिए होता है। ऐसे में चीन का यह फैसला भारत के लिए चिंता बढ़ाने वाला है। नए प्रतिबंध 18 नवंबर से लागू होंगे। चीन के नए निर्यात नियंत्रण में टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) और उनसे जुड़े उपकरण शामिल हैं। इन मशीनों की मदद से जमीन के नीचे लंबी सुरंगें बनाई जाती हैं। मेट्रो रेल नेटवर्क के विस्तार से लेकर रेलवे और सीमावर्ती इलाकों में सड़क कनेक्टिविटी बेहतर बनाने तक, कई परियोजनाओं में इनकी जरूरत पड़ती है।



पहले भी भारत के लिए मशीनों की सप्लाई में आई थी अड़चन

यह पहली बार नहीं है जब भारत को चीन से टनल बोरिंग मशीनें हासिल करने में परेशानी का सामना करना पड़ा हो। साल 2024 में वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने जर्मनी के तत्कालीन उपकुलपति रॉबर्ट हाबेक के सामने यह मुद्दा उठाया था।

चीन ने राष्ट्रीय सुरक्षा का दिया हवाला

चीन के वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक, इन उपकरणों के निर्यात के लिए कंपनियों को लाइसेंस लेना होगा। निर्यातकों को मशीनों की तकनीकी जानकारी और संबंधित नियंत्रण कोड भी घोषित करने होंगे। दस्तावेजों की जांच के दौरान खेप की आपूर्ति रोकी जा सकती है। चीन ने इस फैसले के पीछे राष्ट्रीय सुरक्षा और अपने हितों को वजह बताया है। हालांकि, भारत पर इसके संभावित असर को देखते हुए यह सवाल अहम हो गया है कि अगर चीन से जरूरी मशीनों की सप्लाई प्रभावित होती है, तो भारत अपने बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की रफ्तार बनाए रखने के लिए क्या वैकल्पिक इंतजाम करेगा।

कई दूसरे उपकरण भी निशाने पर

चीन ने वॉकिंग एक्सकेवेटर और ऊंचाई वाले पहाड़ी इलाकों में इस्तेमाल होने वाली वेट शॉटक्रीट मशीनों को भी प्रतिबंधों के दायरे में रखा है। ये उपकरण मुश्किल जमीन पर खुदाई करने और सुरंगों में कंक्रीट का मिश्रण छिड़कने के काम आते हैं। इसके अलावा, समुद्र और नदियों से रेत, गाद और दूसरे ठोस पदार्थ निकालने वाली ड्रेजिंग मशीनों के कुछ खास पुर्जों पर भी निर्यात नियंत्रण लगाया गया है।

चिंतन

अपराधियों का बढ़ता दुस्साहस चिंताजनक

मुंबई में अभिनेता टाइगर श्रॉफ की कार पर फायरिंग की घटना संगठित अपराध के बढ़ते दुस्साहस का चिंताजनक उदाहरण है। पुलिस के अनुसार, हमलावरों का इरादा जान लेने का था। वारदात के कुछ ही घंटों के भीतर तीन संदिग्धों की गिरफ्तारी पुलिस की तत्परता दर्शाती है, लेकिन इस घटना ने कानून-व्यवस्था के सामने गंभीर सवाल भी खड़े किए हैं। आखिर अपराधियों के हौसले इतने बुलंद कैसे हो रहे हैं कि वे सरेआम गोलियां चलाने से भी नहीं हिचकते? इससे भी गंभीर बात यह है कि ऐसी वारदातों के बाद जिम्मेदारी लेने और धमकियां देने के जरिए अपराधी भय का वातावरण बनाने की कोशिश करते हैं। यह प्रवृत्ति किसी एक व्यक्ति की सुरक्षा तक सीमित नहीं, बल्कि कानून के इकबाल को चुनौती देने वाली है। पुलिस के मुताबिक, हमलावर कई दिनों से अभिनेता की गतिविधियों पर नजर रख रहे थे और उन्होंने घर तथा जिम की रेकी भी की थी। जांच में यदि इन तथ्यों की पुष्टि होती है, तो यह स्पष्ट होगा कि वारदात अचानक नहीं, बल्कि सुनियोजित तरीके से अंजाम देने की कोशिश की गई। सोशल मीडिया पर उपलब्ध सामग्री से किसी की दिनचर्या और गतिविधियों की जानकारी जुटाना सुरक्षा के लिए नया खतरा बन रहा है। अपराधी तकनीक का इस्तेमाल अपने नेटवर्क को मजबूत करने और वारदातों को अंजाम देने में कर रहे हैं। ऐसे में पुलिस को पारंपरिक निगरानी के साथ डिजिटल माध्यमों पर भी सतर्कता बढ़ानी होगी। इस मामले में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े अनिल पंडित की कथित भूमिका की भी जांच की जा रही है। यदि विदेश में बैठकर स्थानीय अपराधियों के माध्यम से वारदातें करवाने के आरोप प्रमाणित होते हैं, तो यह संगठित अपराध के बदलते स्वरूप का गंभीर संकेत होगा। ऐसे गिरोहों के खिलाफ कार्रवाई केवल शूटरों की गिरफ्तारी तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। उनके वित्तीय स्रोतों, हथियारों की आपूर्ति, स्थानीय मददगारों और पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करना जरूरी है। राजस्थान के कोटा रेलवे स्टेशन से संदिग्धों की गिरफ्तारी में विभिन्न राज्यों की पुलिस के बीच समन्वय की अहम भूमिका रही। यह सकारात्मक पहलू है, लेकिन पुलिस की सफलता का वास्तविक पैमाना केवल गिरफ्तारी नहीं, बल्कि साजिश की तह तक पहुंचना और अदालत में आरोपों को ठोस साक्ष्यों के साथ साबित करना है। ऐसी घटनाओं में त्वरित और निष्पक्ष जांच के साथ प्रभावी अभियोजन भी सुनिश्चित होना चाहिए। इस मामले में एक आरोपी के नाबालिग होने की बात भी सामने आई थी, हालांकि पुलिस ने गिरफ्तार तीनों संदिग्धों के नाबालिग होने से इनकार किया है। इस तथ्य की पुष्टि जांच से ही होगी। फिर भी युवाओं को अपराध की दुनिया में धकेलने वाले गिरोहों पर गंभीरता से विचार करना जरूरी है। मशहूर अभिनेता हो या सामान्य नागरिक, किसी की सुरक्षा अपराधियों की मर्जी पर नहीं छोड़ी जा सकती। पुलिस को इस मामले में साजिश की अंतिम कड़ी तक पहुंचना होगा और दोषियों के खिलाफ कानून के अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित करनी होगी। अपराधियों का दुस्साहस केवल बयानों से नहीं टूटेगा। इसके लिए जरूरी है कि अपराधी चाहे कहीं छिपे हों, उनका नेटवर्क कितना ही प्रभावशाली क्यों न हो, कानून की पकड़ से बच न सकें। यही कानून के शासन की कसौटी है और यही आम नागरिक के मन में सुरक्षा का भरोसा कायम करने का रास्ता भी।



विजयादशमी विशेष

हेमंत खंडेलवाल

श्रीराम के आदर्शों का 'आलोक'

आज के राष्ट्रीय जीवन में श्रीराम के आदर्शों की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है। विकसित भारत का संकल्प शिक्षा, विज्ञान, रोजगार और आर्थिक प्रगति के साथ सामाजिक न्याय तथा प्रत्येक नागरिक के सम्मान से भी जुड़ा है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास के अवसर पहुंचाना, युवाओं की प्रतिभा को सही दिशा देना, महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना और सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को महत्व देना हमारे सामूहिक कर्तव्य हैं।

विजयादशमी के अवसर पर जब हमारी दृष्टि युद्धभूमि में आमने-सामने खड़े श्रीराम और रावण के चरित्र पर ठहरती है, तब विजय के वास्तविक अर्थ का एक विलक्षण पक्ष दिखाई देता है। एक ओर रावण की समस्त शक्तियां, उसका अपार वैभव और उसका पराक्रम है, तो दूसरी ओर श्रीराम का शील, उनकी मर्यादा और उनके चरित्र की उदात्तता। इस महासंग्राम में श्रीराम का सबसे बड़ा अस्त्र उनके हाथों में धारण किया हुआ धनुष नहीं, उनके भीतर प्रतिष्ठित मर्यादा है। उनके चरित्र का वैशिष्ट्य इस बात में समाया है कि वे शत्रु की पराजय से अधिक उसकी शत्रुता की पराजय चाहते हैं। शत्रु को समाप्त कर देना मनुष्य के सामर्थ्य में हो सकता है, किंतु शत्रु की शत्रुता का अंत करना उसके चरित्र की उदात्तता का प्रमाण है और श्रीराम तो शत्रु के भीतर भी मनुष्य को देखते हैं। विरोध के उस पार भी उन्हें मानवीय अस्तित्व दिखाई देता है और उनकी महानता इसी में है कि वे शत्रु के विनाश से आगे बढ़कर उसके भीतर की शत्रुता के पराभव की कामना करते हैं। संभवतः इसी भाव ने उन्हें पुरुषों में उत्तम बनाया और इसी ने उनके नाम के साथ वह गौरवशाली संबोधन जोड़ा, जो युगों से भारतीय चेतना में श्रद्धापूर्वक गूंजता आया है 'मर्यादा पुरुषोत्तम'।



ऐसे ही राम के अनेक आदर्श भारत की चेतना में गहराई से बसे हुए हैं। भाषा के विद्वान कहते हैं कि 'राम' का अर्थ रमण करने वाला, जो जन-जन के हृदय में रमते हैं और अपने गुणों से जीवन को रमणीय बनाते हैं। इसीलिए राम भारत की सांस्कृतिक चेतना में निरंतर विद्यमान हैं। उनके आदर्श भारत की सीमाओं में ही नहीं सिमटते, उनकी चिंता में पूरा विश्व समाहित है। इसीलिए उनका एक नाम 'विश्वम्भर' भी है और उनका जन्म जिस रघुकुल में हुआ, उसकी तो परंपरा लोकमंगल, वचनपालन और धर्मरक्षा की रही है। चाहे महाराजा पृथु, राजा मान्धाता, राजा हरिश्चंद्र, महाराजा सगर, राजा दिलीप, राजा भगीरथ, राजा रघु और राजा अज से लेकर महाराज दशरथ तक ने अपने वचन की मर्यादा को जीवन से भी अधिक महत्व दिया। इसी परंपरा का निर्वाह श्रीराम ने वनगमन स्वीकार करके किया। पिता के वचन की रक्षा के लिए राजसुख का त्याग और वन में रहकर ऋषियों की रक्षा का संकल्प उनके चरित्र के ऐसे पक्ष हैं, जो बताते हैं कि समाज के हित के लिए अपने हित का परित्याग करना ही पड़ेगा।

विजयादशमी के अवसर पर राम और रामराज्य का स्मरण इसलिए भी आवश्यक है कि इससे हमें शासन और नेतृत्व के स्वरूप को समझने का अवसर मिलता है। शासन कैसा हो और राजधर्म का आधार क्या हो, इसका उत्तर रामराज्य की परिकल्पना में मिलता है। ऐसा शासन, जिसमें नागरिक को पता ही न चले कि उस पर कोई शासन भी कर रहा है, इसलिए रामराज्य का मूल भाव यही है कि शासन का केंद्र शासक का वैभव नहीं, जनसाधारण का कल्याण हो। रामकथा के अनेक लोकप्रचलित आख्यानों में तो पशु-पक्षियों तक की पुकार सुने जाने का भाव मिलता है। यह उस न्यायपूर्ण व्यवस्था की कल्पना है, जिसमें निर्बल की आवाज भी महत्व रखती है।

आज के राष्ट्रीय जीवन में श्रीराम के आदर्शों की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है। विकसित भारत का संकल्प शिक्षा, विज्ञान, रोजगार और आर्थिक प्रगति के साथ सामाजिक न्याय तथा प्रत्येक नागरिक के सम्मान से भी जुड़ा है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास के अवसर पहुंचाना, युवाओं की प्रतिभा को सही दिशा देना, महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना और सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को महत्व देना हमारे सामूहिक कर्तव्य हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय की परिकल्पना का सबसे उत्कृष्ट उदाहरण यदि कहीं इतिहास में मिलता है तो वह राम राज्य ही है। सत्ता संचालन का जो मूल होना चाहिए वह रामराज्य में ही परिलक्षित होता है। राष्ट्र की प्रगति का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचे और जनकल्याण शासन की प्राथमिकता बना रहे, यही रामराज्य और अंत्योदय की परिकल्पना का मूल भाव है।

श्रीराम का जीवन हमें यह भी सिखाता है कि बड़े लक्ष्य सामूहिक प्रयास, परस्पर विश्वास और अपने दायित्व के प्रति निष्ठा से ही प्राप्त किए जा सकते हैं। हनुमान की निष्ठा, विभीषण के निर्णय और वानर सेना के सामूहिक पराक्रम ने लंका विजय का मार्ग प्रशस्त किया। यह प्रसंग बताता है कि जब नेतृत्व के प्रति विश्वास, सही निर्णय लेने का साहस और सामूहिक प्रयास एक दिशा में आगे बढ़ते हैं, तब कठिन से कठिन लक्ष्य भी प्राप्त किए जा सकते हैं। यही भावना परिवार से लेकर समाज और राष्ट्र तक, सभी को एक सूत्र में बांधती है।

विजयादशमी का पर्व हमें इसी व्यापक दृष्टि के साथ अपने जीवन और आचरण पर विचार करने का अवसर देता है। हर वर्ष रावण का पुतला जलाकर हम बुराई पर अच्छाई की विजय का उत्सव मनाते हैं, लेकिन इस विजय का वास्तविक अर्थ तभी पूरा होगा, जब हम अपने भीतर के अहंकार, क्रोध, लोभ और स्वार्थ पर भी विजय पाने का प्रयास करें। श्रीराम की मर्यादा को अपने आचरण में उतारना, अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करना और समाज के हित को प्राथमिकता देना ही इस पर्व की सच्ची सार्थकता है।

आइए, इस विजयादशमी पर हम सत्य, संयम, कर्तव्यनिष्ठा और लोककल्याण के मूल्यों को अपने जीवन का आधार बनाने का संकल्प लें, ताकि श्रीराम के आदर्शों से प्रेरित होकर हम एक ऐसे समाज और राष्ट्र के निर्माण में योगदान दे सकें, जहाँ सबका कल्याण समाहित हो। सब साथ मिलकर विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए सामूहिकता के साथ आगे बढ़े। राष्ट्र और समाज की प्रगति को ही व्यक्तिगत प्रगति का आधार बनाएं। राम हमारी आत्मा, हमारे अंतःकरण का प्रतीक हैं और हमारा शरीर अयोध्या है।

अयोध्या का अर्थ है अजेय अर्थात ऐसा शरीर जो न तो किसी को चोट पहुंचा सकता है और न ही कोई इसे। यही विजयदशमी का भी सार है । जब दिव्य चेतना अर्थात हमारी आत्मा, अजेय शरीर में प्रवेश करती है, तो उसकी परिणीति विजय में होती है। यही आंतरिक विजय ही आत्मज्ञान या स्वयंबोध का सार है, और यह त्यौहार भी इसी व्यक्तिगत विजय को विशेष रूप से दर्शाता है। रामायण के कथात्मक वर्णन के पीछे बहुत गहरा अर्थ है। रा का अर्थ है रश्मि, रोशनी, और म का अर्थ है, मेरे भीतर, इस प्रकार राम हमारे भीतर के प्रकाश को प्रकट करते हैं।

(लेखक भाजपा मध्यप्रदेश के अध्यक्ष व बैतूल विधायक हैं)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

विजयादशमी

रमेश शर्मा



सत्य की स्थापना के लिए समझ-सुरक्षा भाव जरूरी

दशहरा केवल त्यौहार या मनोरंजन का उत्सव नहीं है। यह समाज जीवन में उच्चतम आदर्श स्थापना के संकल्प का पर्व है। दशहरे के माध्यम से कुशल नेतृत्व, सशक्त सामाजिक संगठन सात्विक मूल्यों की स्थापना और सत्य के आधार पर राष्ट्र निर्माण का संदेश दिया गया है यह त्यौहार मनाने के तरीके और घोष वाक्य असत्य पर सत्य की विजय से बहुत स्पष्ट है । विजय दशमीं के लिए सर्वाधिक लोकप्रिय कथा श्रीराम जी की लंका विजय करने की है। इस कथा का संदेश समझने केलिये हमें उस महायुद्ध के घटनाक्रम को समझना होगा जो रामजी और रावण के बीच युद्ध की पृष्ठभूमि तैयार होने की है। सफलता के लिये एकता आवश्यक है। यदि कोई संकट आया है अथवा कोई बड़ा अभियान आरंभ हुआ है तो सभी स्वजनों का एक स्वर होना चाहिए। सबको सहभागी होना चाहिये। यह संदेश प्रत्येक परिवार को भी है, समाज को भी है और राष्ट्र के लिए भी। जिन परिवारों में मतभेद होते हैं, वे परिवार बहुत ऊंचाई पर नहीं पहुंचते। जिन देशों में समाज शासक के निर्णय का समर्थन नहीं करता वहां सदैव समस्या बनी रहती है।

महासंग्राम के विवरण से यह तो स्पष्ट है ही सफलता के सूत्र क्या हैं। पर इस उत्सव में यह संदेश भी है कि सफलता के बाद सदैव सावधान रहना आवश्यक है। सावधानी हटी कि दुष्टों की सक्रियता बढ़ी। युद्ध चाहे महिषासुर के विरुद्ध हुआ हो अथवा रावण के विरुद्ध। इन महायुद्धों का उद्देश्य सत्ता का विस्तार अथवा संपत्ति का हरण नहीं था। न तो देवी ने महिषासुर का वध करके अपनी सत्ता स्थापित की, और रामजी ने लंका विजय के बाद स्वयं सिंहासन नहीं संभाला। युद्ध विजय के बाद भी रामजी ने लंका में प्रवेश तक नहीं किया था । उन्होंने रावण के भाई विभीषण को ही सिंहासन सौंपा। विभीषण का राजतिलक तो रामजी ने युद्ध आरंभ के पहले ही कर दिया था । यह दोनों महासंग्राम सत्य की स्थापना के लिए हुए। दोनों युद्ध मर्यादा का हरण और मानवीय आदर्शों का उलंघन करने वालों को दंडित करने के लिए हुए। महिषासुर ने दूसरों के राज्य का हरण किया था और रावण ने भी पहले कुबेर से लंका का राज्य छीना और फिर माता सीता के रूप में सती नारी का अपहरण किया। इसलिए महिषासुर और रावण दोनों दंड के अधिकारी बने । जिन्हें दंडित किया गया।



इन दोनों लीलाओं में एक और बहुत स्पष्ट संदेश है कि सत्य की स्थापना और सफलता के शीर्ष पर पहुंचने के बाद सावधानी आवश्यक है। सत्य की स्थापना के लिए जितनी शक्ति और समझ की आवश्यकता होती है उतनी सत्य की सुरक्षा के लिए भी होती है। देवताओं के असावधान होने के कारण ही महिषासुर प्रबल हुआ और वनक्षेत्र के संकट का आकलन न करने के कारण ही सीताजी का हरण हुआ। समृद्धि जहां ठग लुटेरों को आकर्षित करती है वहीं व्यक्ति की बढ़ती प्रतिष्ठा ईर्ष्यालुओं को एकत्र कर देती है। इसलिए सफलता की सुरक्षा के लिये भी प्रतिक्षण सतर्कता की आवश्यकता है।

शक्ति भवानी की जीत स्वयं के भीतर अलौकिक शक्ति से हुई और रामजी की जीत स्वयं की शक्ति और संगठन क्षमता से हुई। ये दोनों विशेषताएं इस उत्सव के नाम में निहित हैं। सामान्यतः दशहरे नाम को तिथि के दसवें अंक से माना जाता है। यह सही है पर दशहरे का एक और अर्थ है। दश का अर्थ गतिमान रहना, चैतन्य रहना और सक्रिय रहना भी होता है। जबकि हरे का आशय नारायण एवं शिव दोनों से है। हर कहा गया शिवजी को और हरि नारायण को । इन दोनों की संधि से शब्द हरे बनता है। इसलिए कीर्तन में प्रभुनाम के आगे हरे हरे उच्चारण आता है। हरे में तीनों गुण और पांचों तत्व समाये होते है। सतोगुण, रजोगुण, और तमोगुण तीन गुण होते हैं और धरती, जल, आकाश, अग्नि और वायु पांच तत्व माने गए है। अब दशहरे का आशय हुआ पांचों तत्व और तीनों गुणों के अनुरुप कार्य करना। यही प्रभु का काज है। इसके लिए सदैव चैतन्य रहना। सत्य की रक्षा और धर्म की स्थापना प्रकृति का कार्य है इसी के लिए ये दोनों युद्ध हुए। इसलिए इस त्यौहार का नाम दशहरा और विजय दशमी रखा गया।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

जीवन प्रक्रिया की छानबीन

संकलित

दर्शन

योग किसी धर्म-संप्रदाय से नहीं जुड़ा है। योग प्रेम, अहिंसा, करुणा और सबको साथ लेकर चलने की बात करता है। योग धर्म, जाति, वर्ण, क्षेत्र या भाषा के आधार पर जन्मे भेदभाव से परे है, इसलिए इसमें पूरी दुनिया को एक परिवार के तौर पर बांधने की क्षमता है। योग, जीवन-प्रक्रिया की छानबीन है। यह सभी धर्मों से पहले अस्तित्व में आया और इसने मानव के सामने संभावनाओं को खोलने का काम किया, जिससे इंसान प्रकृति द्वारा तय की गई सीमाओं से परे जा सके। आंतरिक व आत्मिक विकास, मानव कल्याण व मुक्ति से जुड़ा यह विज्ञान भावी पीढ़ी के लिए एक महानतम उपहार है। आज योग विज्ञान जितना महत्वपूर्ण है, इससे पहले यह कभी इतना महत्वपूर्ण नहीं रहा। क्योंकि आज हमारे पास विज्ञान और तकनीक के तमाम साधन मौजूद हैं, जो इस दुनिया को बना और मिटा सकते हैं। ऐसे में यह बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है कि हमारे भीतर जीवन के प्रति जागरूकता और ऐसा भाव बना रहे कि हम हर दूसरे प्राणी को अपना ही अंश महसूस कर सकें, वरना अपने सुख और भलाई के पीछे की हमारी दौड़ सब कुछ बर्बाद कर देगी। अगर दुनिया की कुछ आबादी भी योग और ध्यान के मार्ग पर चलने लगे तो निश्चित तौर पर दुनिया की गुणवत्ता और स्तर में सुधार आएगा। जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण में विस्तार व व्यापकता लाने में ही मानव-जाति की सभी समस्याओं का समाधान है। उसे निजता से सार्वभौमिकता या समग्रता की ओर चलना होगा।

अच्छी बातें जीवन में उतारने पर ही लाभ मिलेगा

संकलित

प्रेरणा



द्वापर युग में द्रोणाचार्य को भीष्म पितामह ने कौरव और पांडव राजकुमारों का गुरु बना दिया था। एक दिन द्रोणाचार्य ने सभी राजकुमारों को एक पाठ दिया और कहा कि कल इस पाठ को आत्मसात करके आना है। आत्मसात शब्द का अर्थ है जीवन में, अपने आचरण में उतारना। अगले दिन सभी राजकुमार गुरु के आश्रम में पहुंच गए। पढ़ाई शुरू हुई तो द्रोणाचार्य ने पूछा कि कौन-कौन कल का पाठ याद करके आया है? युधिष्ठिर को छोड़कर बाकी सभी राजकुमारों ने कह दिया कि हमने ये पाठ याद कर लिया है। गुरु ने युधिष्ठिर से पूछा कि तुमने पाठ याद क्यों नहीं किया है? युधिष्ठिर ने कहा कि मैंने अभी तक ये पाठ आत्मसात नहीं किया है। ये बात सुनकर द्रोणाचार्य हैरान थे। कुछ देर सोचकर गुरु ने कहा कि ठीक है कल याद करके आना। इसके बाद दस दिन बीत गए, लेकिन युधिष्ठिर को वो पाठ अब तक याद नहीं हुआ था। जबकि अन्य राजकुमार युधिष्ठिर से 10 पाठ आगे पहुंच गए थे। द्रोणाचार्य ने युधिष्ठिर से पूछा कि आखिर बात क्या है। युधिष्ठिर ने कहा कि गुरुदेव, जैसे मेरे भाइयों ने ये पाठ याद किया है, वैसे तो मुझे याद है, लेकिन आपने कहा था कि इस पाठ को आत्मसात करना है। आपने सत्य को जीवन में उतारने का पाठ दिया था और मैं सत्य को जीवन में उतार नहीं पा रहा हूं। जब तक मैं इसे आत्मसात नहीं कर लूंगा, जब तक मैं सत्य को जीवन में नहीं उतार लूंगा, तब तक मैं इससे आगे नहीं बढ़ पाऊंगा।

सटाका



आज की पाती

खाद्य सुरक्षा से पोषण सुरक्षा तक

खाद्य सुरक्षा किसी भी राष्ट्र की आर्थिक समृद्धि, सामाजिक न्याय और मानवीय विकास का आधार है। जिस देश के नागरिकों को पर्याप्त, सुरक्षित और पौष्टिक भोजन उपलब्ध नहीं होता, वहां विकास के बड़े-बड़े दावे भी अधूरे रह जाते हैं। भारत ने स्वतंत्रता के बाद खाद्यान्न उत्पादन में उल्लेखनीय प्रगति की है। हरित क्रांति से लेकर सार्वजनिक वितरण प्रणाली के विस्तार तक, देश ने खाद्य संकट से उबरकर खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भरता की दिशा में लंबी यात्रा तय की है। आज भारत दुनिया के प्रमुख खाद्यान्न उत्पादक देशों में शामिल है। इसके बावजूद कुपोषण, एनीमिया, खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतें, जलवायु परिवर्तन और खाद्यान्न वितरण में असमानता जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं। इसलिए अब आवश्यकता केवल अनाज के भंडार भरने की नहीं, बल्कि पौष्टिक और सुरक्षित भोजन की है। *-मयंक कौशिक, सोनीपत*

ट्रेंड

विजयादशमी की बधाई



विजयादशमी के पर्व का विशेष महत्व है। यह भगवान श्रीराम की रावण पर विजय का प्रतीक है। श्रीराम को धर्मपरायणता और नैतिक आचरण के प्रतीक के रूप में पूजा जाता है। यह पर्व अधर्म और अन्याय पर धर्म और न्याय की जीत का उत्सव है। **-द्रौपदी मुर्मू,** राष्ट्रपति

महानवमी की शुभकामनाएं



सभी देशवासियों को महानवमी की ढेरों शुभकामनाएं। इस पावन अवसर पर मां सिद्धिदात्री के चरणों में मेरा कोटि-कोटि प्रणाम! वे अपने सभी भक्तों को संकल्प की सिद्धि का आशीर्वाद दें, यही कामना है। **-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

स्विफ्ट के सीईओ से मुलाकात



आज नई दिल्ली में स्विफ्ट के सीईओ जेवियर पेरेज-तासो से मुलाकात करके खुशी हुई। वैश्विक व्यापार को सुचारू और कुशल बनाने के महत्व पर चर्चा की।' "इस संदर्भ में भू-राजनीतिक चुनौतियों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। बेल्जियम मुख्यालय वाली स्विफ्ट एक वैश्विक संगठन है **-एस जयशंकर,** विदेश मंत्री

कृषि संकट प्रमुख मुद्दा



'मेरे संबोधन में किसानों की परेशानी और महाराष्ट्र का कृषि संकट प्रमुख मुद्दा होगा, न कि राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप। फसलों को बड़े पैमाने पर नुकसान, बढ़ते आर्थिक घाटे और पानी की कमी के बीच किसानों को आत्महत्या जैसा कदम नहीं उठाना चाहिए।' **-मनोज जरांगे,** मराठा आरक्षण कार्यकर्ता

करंट अफेयर

भारत में बचाए ओरंगुटान के बच्चे इंडोनेशिया को वापस



भारतीय दूतावास ने कहा है कि वर्ष 2024 में भारत में बचाए गए सुमात्रा मूल के ओरंगुटान के एक बच्चे को दोनों देशों के वन्यजीव अधिकारियों और सीआईटीईएस प्रबंधन प्राधिकरणों के समन्वित प्रयासों से सोमवार को इंडोनेशिया वापस भेज दिया गया।

इस ओरंगुटान को गुजरात से उसके मूल देश के लिए भेजा गया और वह मेदान के कुआलानामु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा। मेदान में इंडोनेशिया के वन मंत्रालय द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भारत के महावाणिज्य दूतावास के अधिकारी भी शामिल हुए। बचाए जाने के बाद से, भारतीय वन्यजीव अधिकारियों ने इस वन्य जीव को पशु चिकित्सा देखभाल और रहने के लिए उचित सुविधाएं उपलब्ध कराई थीं। जकार्ता में भारतीय मिशन द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, भारत और इंडोनेशिया के 'कन्वेंशन ऑन इंटरनेशनल ट्रेड इन एंडेंजर्ड स्पीशीज ऑफ वाइल्ड फौना एंड फ्लोरा' (सीआईटीईएस) से जुड़े प्रबंधन प्राधिकरणों ने सभी जरूरी नियमों और प्रोटोकॉल का पालन करते हुए इसे वापस भेजने की प्रक्रिया पूरी की। बयान में कहा गया है कि एक विशेष कदम उठाते हुए, भारत सरकार ने ओरंगुटान की देखभाल पर हुए खर्च को नहीं लेने का निर्णय लिया है।

ऑफ बीट

जब हंसी रुकती नहीं, तो दिमाग में क्या होता है?



कभी-कभी हंसी ऐसी छूटती है कि लाख कोशिशों के बावजूद रुकने का नाम नहीं लेती। हैरानी की बात यह है कि इसके पीछे सिर्फ कोई मजेदार बात नहीं, बल्कि मस्तिष्क की जटिल प्रक्रियाएं भी होती हैं। एक नए शोध के मुताबिक, बेकाबू होकर हंसने और बातचीत के दौरान सामान्य रूप से हंसने के पीछे मस्तिष्क के अलग-अलग तंत्र काम करते हैं। अकेले होने के बजाय किसी दूसरे व्यक्ति के साथ होने पर आपके हंसने की संभावना 30 गुना अधिक होती है। यदि आप अपने साथी को जानते हैं और उसे पसंद करते हैं, तो आपके हंसने की संभावना और बढ़ जाती है। अक्सर हंसी बातचीत के दौरान आती है। कई बार हम दूसरों को हंसते देखकर या उनकी हंसी सुनकर खुद भी हंसने लगते हैं। बातचीत के दौरान सामान्य हंसी औसतन हर दस मिनट में लगभग छह बार आती है। यह छोटी होती है और जल्दी शुरू होकर जल्दी खत्म हो जाती है। इसके विपरीत, बेकाबू हंसी लंबे समय तक चलती है। इसकी आवाज ऊंची हो सकती है और इसमें अजीब तरह की चीख जैसी आवाजें भी शामिल हो सकती हैं। शोधकर्ताओं ने यह जानने की कोशिश की कि क्या हंसी के इन दोनों प्रकारों की उत्पत्ति मस्तिष्क की अलग-अलग प्रणालियों में होती है।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

जिस नाप-तौल पर रोज का लेन-देन टिका है, उसके वैश्विक भविष्य पर अब नई दिल्ली में मंथन होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

किराने की दुकान के तराजू से लेकर पेट्रोल पंप की मशीन तक, जिस नाप-तौल पर रोज़ का लेन-देन टिका है, उसके वैश्विक भविष्य पर अब नई दिल्ली में मंथन होगा। भारत पहली बार 26 से 28 अक्टूबर 2026 तक अंतर्राष्ट्रीय विधि मापन समिति (सीआईएमएल) की 61वीं बैठक की मेजबानी करेगा। यह आयोजन उपभोक्ता मामलों के विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय विधिक मापन संगठन (ओआईएमएल) के सहयोग से हो रहा है। बैठक में दुनिया भर के 100 से अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों और कानूनी मापन विशेषज्ञों के भाग लेने की उम्मीद है। इनमें ओआईएमएल के सदस्य देश, संबंधित सदस्य और अंतरराष्ट्रीय संगठन शामिल हैं। फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन, जापान, चीन, ऑस्ट्रेलिया, स्विट्जरलैंड, अमेरिका, दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील जैसे देशों के प्रतिनिधियों के आने की संभावना है। पहली बार मेजबानी को अंतरराष्ट्रीय सहयोग, निष्पक्ष व्यापार और उपभोक्ता संरक्षण में भारत की बढ़ती भूमिका की अहम उपलब्धि माना जा रहा है।

26
से 28 अक्टूबर तक चलेगा अंतर्राष्ट्रीय विधि मापन समिति का विचार मंथन

दुनिया भर के 100 से अधिक प्रतिनिधियों और कानूनी मापन विशेषज्ञों के भाग लेंगे

फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन, जापान, चीन, ऑस्ट्रेलिया, स्विट्जरलैंड, अमेरिका, दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील जैसे देशों के प्रतिनिधियों के आने की संभावना

भारत पहली बार करेगा अंतर्राष्ट्रीय विधि मापन समिति की मेजबानी



एआई इमेज

अनुभव साझा करेंगे

26 अक्टूबर को कानूनी मापन में विकास विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी होगी। इसमें विशेषज्ञ मापन प्रणालियों के आधुनिकीकरण पर अनुभव साझा करेंगे। चर्चा में नियामक सेवाओं का डिजिटलीकरण, मापन उपकरणों का अंतरराष्ट्रीय सामंजस्य और मान्यता, ई-लर्निंग उपकरण तथा प्रशासन के नवीन दृष्टिकोण शामिल रहेंगे। 27 अक्टूबर को ओआईएमएल रणनीति कार्यशाला में संगठन की भावी दिशा और प्राथमिकताओं पर विचार होगा। उभरती चुनौतियाँ, तकनीकी प्रगति और डिजिटल परिवर्तन इसके मुख्य मुद्दे रहने की उम्मीद है।

अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर चर्चा

तीन दिवसीय कार्यक्रम में सीआईएमएल सदस्य अंतरराष्ट्रीय सिफारिशों के विकास व संशोधन, ओआईएमएल की तकनीकी गतिविधियों, ओआईएमएल प्रमाणन प्रणाली (ओआईएमएल-सीएस), डिजिटल परिवर्तन, क्षमता निर्माण और अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर चर्चा करेंगे। इससे पहले 60वीं बैठक 13 से 15 अक्टूबर 2025 को पेरिस में हुई थी, जिसमें 55 सदस्य देशों, 12 संबंधित सदस्यों और पांच संपर्क संगठनों ने भाग लिया था।

उद्योग और उपभोक्ताओं को लाभ

भारत को नियामक ढांचे के आधुनिकीकरण, अनुपालन के सरलीकरण, विश्वास-आधारित विनियमन और व्यापार सुगमता से जुड़े सुधार वैश्विक मंच पर रखने का मौका मिलेगा। भारतीय निर्माताओं में अंतरराष्ट्रीय मानकों और ओआईएमएल प्रमाणन प्रणाली के प्रति जागरूकता बढ़ेगी, जिससे अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों तक पहुँच आसान होगी। मापन आवश्यकताओं में सामंजस्य से व्यापार की तकनीकी बाधाएं घटने और जहां लागू हो, प्रमाणन में दोहराव रुकने की संभावना है।

क्या है ओआईएमएल

ओआईएमएल एक अंतर-सरकारी संगठन है, जिसकी स्थापना 1955 में विधिक माप प्रक्रियाओं के वैश्विक सामंजस्य के लिए हुई। यह व्यापार, उद्योग, स्वास्थ्य सेवा, सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण में प्रयुक्त उपकरणों के लिए अंतरराष्ट्रीय सिफारिशें और मानक तैयार करता है। सीआईएमएल इसकी प्रमुख निर्णयकारी संस्था है।

खबर संक्षेप

26 नवंबर को अखिलेश जारी करेंगे घोषणापत्र

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर समाजवादी पार्टी ने तैयारियां तेज कर दी हैं।



पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संविधान दिवस यानी 26 नवंबर 2026 को चुनावी घोषणापत्र जारी करने का ऐलान किया है। इसे 'सत्ताइस का संकल्प : पीडीए का प्रणपत्र' नाम दिया गया है। अखिलेश ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संविधान दिवस के लोकतांत्रिक अवसर पर 'जन-मन का मैनिफेस्टो' जारी किया जाएगा। इसे वादों के रूप में देखा जा रहा है।

फीस नहीं लौटाने वाले कॉलेजों पर यूजीसी सख्त

नई दिल्ली। प्रवेश निरस्त कराने के बाद भी छात्रों की फीस नहीं लौटाने वाले उच्च शिक्षण संस्थानों



पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने सख्ती दिखाई है। आयोग ने सभी राज्यों के राज्यपालों से हस्तक्षेप कर नियमों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। यूजीसी ने ऐसे संस्थानों की सूची और छात्रों की बकाया फीस का विवरण भी साझा किया है। आयोग ने 2020 में फीस वापसी संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए थे। इसके तहत निर्धारित समय में प्रवेश रद्द कराने पर पूरी फीस लौटानी होगी।

ऑनलाइन विस्फोटक बिक्री पर केंद्र सख्त

नई दिल्ली। ऑनलाइन मंचों पर विस्फोटक पदार्थों की बिक्री और विज्ञापन के खिलाफ केंद्र सरकार



ने कार्रवाई की है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने सात ई-प्लेटफार्मों से 3,940 विक्रेताओं की लिस्टिंग हटवाई है। इनमें अमोनियम नाइट्रेट, गन पाउडर और पिक्रिक एसिड जैसे खतरनाक पदार्थ शामिल थे, जिनका इस्तेमाल विस्फोटक बनाने में हो सकता है। इंडियामार्ट से सबसे अधिक 3,092, एक्सपोर्टर्स इंडिया से 421, जस्टडायल से ट्रेड से 11 लिस्टिंग हटाई गईं।

झोटा का शव 7 दिन से अंतिम संस्कार के लिए रुका हुआ

परविंदर झोटा के परिवार से आज मिलेंगे अमित शाह, बोले - चिट्टा कारोबारियों को भेजेंगे जेल

एजेंसी ▶▶ मानसा/नई दिल्ली

ड्रग एक्टिविस्ट परविंदर सिंह झोटा की हत्या के छह दिन बाद भी सोमवार को भी शव का अंतिम संस्कार नहीं हो पाया है। 13 अक्टूबर को हुई हत्या के बाद से ही परिवार और समर्थक शहर के तिकोनी चौक पर धरना दे रहे हैं और सीबीआइ जांच की मांग पर अड़े हैं। आज यानी 20 अक्टूबर को गृह मंत्री अमित शाह पीड़ित परिवार से मिलने मानसा पहुंचेंगे। एक्स पर शाह ने लिखा कि आप सरकार ने पंजाब को नशे के गर्त में धकेलने में कोई कसर नहीं छोड़ी। भाजपा सत्ता में आई तो चिट्टा कारोबारियों को चुन-चुनकर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा और पंजाब को नशामुक्त बनाया जाएगा। उन्होंने लिखा कि नशे के खिलाफ आवाज उठाने वालों को अपनी जान गंवाना पड़ा है। मंगलवार को वह ऐसे पीड़ित परिवारों से मानसा, संगरूर व गुरदासपुर में मुलाकात करेंगे। अपने दौरे में सबसे पहले वे मानसा पहुंच रहे हैं। तकरीबन 12 बजे वे मानसा में लैंड होंगे। जहां वह एंटी-ड्रग एक्टिविस्ट परविंदर सिंह झोटा के परिवार से मुलाकात करेंगे। इसके बाद वह गुरदासपुर जाएंगे, जहां उनकी मुलाकात विक्रमजीत सिंह के परिवार से होगी। उनके दौरे का अंतिम पढ़ाचव संगरूर रहने वाला है। जहां वे गुलजार के घर पहुंचेगे और परिवार से मुलाकात करेंगे। इसके बाद 5 बजे वे वापस दिल्ली लौट जाएंगे। केंद्रीय मंत्री अमित शाह के मानसा आगमन को लेकर स्पेशल सिक्योरिटी ग्रुप के करीब 10 सदस्यों का ग्रुप हेलीकॉप्टर से अनाज मंडी में बनाए जा रहे हेलीपैड निरीक्षण करने सोमवार को पहुंचा है।

कब कहां जाएंगे शाह

मानसा — *समय:* दोपहर 12:00 बजे, *स्थान:* वार्ड नंबर 21, वाटर वर्क्स रोड, मानसा

संगरूर — *समय:* दोपहर 1:15 बजे, *स्थान:* हरदम पट्टी,ग्राम तूर बंजारा, संगरूर

गुरदासपुर — *समय:* दोपहर 3:15 बजे, *स्थान:* ग्राम मारी पनवां, श्री हरगोविंदपुर, बटाला, गुरदासपुर

20
दिन में शाह पंजाब का दूसरी बार दौरा कर रहे हैं

झोटा का परिवार हत्या की सीबीआई जांच की मांग पर अड़ा हुआ है



विधायकों के घर के बाहर प्रदर्शन

गृह मंत्री संगरूर में नशे के खिलाफ आवाज उठाने पर धमकी मिलने से आहत हो आत्महत्या करने वाले गुलजार के परिवार से मिलेंगे। 20 दिन के भीतर गृह मंत्री का पंजाब का यह दूसरा दौरा है। इससे पहले वह 30 सितंबर को जालंधर आए थे। दूसरी तरफ सीबीआइ जांच की मांग पर अड़ी संघर्ष कमेटी 19 अक्टूबर को दोपहर 12 से 3 बजे तक राज्य में विधायकों के घरों के बाहर प्रदर्शन करेगी। हालांकि, घटना में घायल एंटी ड्रग टास्क फोर्स के सदस्य कुलविंदर सिंह को भी इलाज के लिए सरकार ने मना लिया है। उसकी टांग में गोली लगी है। उसे सिविल अस्पताल से बठिंडा के निजी अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। अब उसका इलाज निजी अस्पताल में होगा और सारा खर्च पंजाब सरकार उठाएगी। सोमवार को छठे दिन पंजाबी सिंगर बब्बू मान, सिमरनजीत सिंह मान धरनास्थल पर पहुंचे और परिवार से संवेदना जताई।

पंजाब में नशे के खिलाफ जंग जारी

13 अक्टूबर को हुई थी झोटा की हत्या

मानसा में मेडिकल स्टोर संचालक अश्विनी कुमार ने 13 अक्टूबर को नशा का विरोध करने पर झोटा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। परिवार मांगों को लेकर अड़ा हुआ है और अभी तक परविंदर सिंह झोटा के शव का पोस्टमार्टम भी नहीं हुआ।

15 अक्टूबर को गुरदासपुर में चली गोली

परविंदर की हत्या के दो दिन बाद 15 अक्टूबर की रात को गुरदासपुर के अंतर्गत आते श्रीहरगोबिंदपुर साहिब क्षेत्र के माड़ी पन्नवां गांव में ड्रग्स बेचने का विरोध करने पर विक्रमजीत सिंह की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।



8 सितंबर को गुलजार सिंह ने की थी आत्महत्या

अमित शाह संगरूर में गुलजार सिंह के परिवार से मिलेंगे। गुलजार ने 8 सितंबर को कीटनाशक का पीकर आत्महत्या कर ली थी। उसने मरने से पहले कहा था कि उसने मंत्री हरपाल सिंह चीम को गांव में चिट्टा बिकने की शिकायत की थी, जिसके बाद उसे धमकाया गया।

सीएम आवास के बाहर शव रखकर प्रदर्शन

मणिपुर में हिंसा, लकड़ी लेने गए लोगों पर हमला,4 की मौत

एजेंसी ▶▶ इंफाल



मणिपुर में ताजा हिंसक घटना के बाद एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। इम्फाल ईस्ट और कांगपोकपी जिलों की सीमा के पास जंगल में लकड़ी इकट्ठा करने गए लोगों पर सोमवार सुबह कथित तौर पर घात लगाकर हमला किया गया। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हुए हैं। इसके अलावा तीन लोगों के लापता होने की सूचना है। घटना से नाराज स्थानीय लोग दो मृतकों के शव लेकर मुख्यमंत्री वाई. खेमचंद सिंह के इम्फाल स्थित आवास पर पहुंच गए। उन्होंने मुख्यमंत्री आवास के मुख्य द्वार के बाहर शव रखकर प्रदर्शन किया और हमले के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। स्थिति बिगड़ने पर सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। अधिकारियों के मुताबिक, सुबह करीब सात बजे एक गांव के 16 लोग पहाड़ी क्षेत्र में लकड़ी इकट्ठा करने के लिए निकले थे। इसी दौरान खोंगबल सुनुरोक उयोक इलाके में उन पर कथित तौर पर घात लगाकर हमला किया गया। यह स्थान कांगपोकपी जिले में आता है और इम्फाल ईस्ट के नोंगशुम गांव के नजदीक स्थित है। हमले में अरुबम रोनिल (35) और लैरेनलाकपम इनाओबी (51) की मौत हो गई। अधिकारियों के अनुसार, घटना में चार अन्य लोग घायल हुए हैं। वहीं, तीन लोगों के लापता होने की जानकारी सामने आई है। हमले के लिए कुकी उग्रवादियों पर आरोप लगाया गया है। हालात को नियंत्रित करने और भीड़ को मुख्यमंत्री आवास के बाहर से हटाने के लिए तैनात सुरक्षा कर्मियों ने आंसू गैस के कई गोले छोड़े। सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने की कोशिश की। इस दौरान मुख्यमंत्री आवास के आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई।

सुरक्षा बलों द्वारा छोड़े गए आंसू गैस के गोले से चार लोग घायल

लापता लोगों की तलाश, सुरक्षा पर बढ़ी चिंता

घटना में चार लोगों की मौत और चार अन्य के घायल होने की सूचना से क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। तीन लोगों के लापता होने के कारण उनके बारे में जानकारी जुटाना भी महत्वपूर्ण हो गया है। अधिकारी घटना की परिस्थितियों का पता लगाने और लापता लोगों की स्थिति स्पष्ट करने में जुटे हैं। मणिपुर में जातीय तनाव के बीच इस तरह की हिंसक घटनाओं से हालात फिर बिगड़ने की आशंका बढ़ जाती है। ताजा घटना के बाद स्थानीय लोगों का मुख्यमंत्री आवास तक पहुंचना और शव रखकर प्रदर्शन करना प्रशासन के लिए गंभीर चुनौती के रूप में सामने आया है।

सब्सिडी और खाद-बीज की सूचनाएं भी रहेंगी

शिवराज ने लॉन्च किया पोर्टल मोबाइल पर खेती की जानकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एजेंसी, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को किसानों के लिए



संशोधित एग्री वेलफेयर पोर्टल का शुभारंभ किया। इसका उद्देश्य सरकारी यो ज ना ओं , आर्थिक सहायता और खेती-किसानी से जुड़ी जरूरी जानकारियां सीधे किसानों के मोबाइल तक पहुंचाना है। इससे किसानों को जानकारी और आवेदन के लिए अलग-अलग सरकारी दफ्तरों और वेबसाइटों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि सरकार हर समय आम नागरिकों और किसानों के लिए मोबाइल पर उपलब्ध रहे। तकनीक का लाभ तभी है, जब वह खेत-खलिहान तक पहुंचे और किसानों का जीवन आसान बनाए। पोर्टल पर पीएम-किसान, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और एग्रीस्टैक जैसी पहलों से जुड़ी सेवाओं के लिए साझा मंच उपलब्ध होगा।

जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन का मामला

स्क्रीनिंग में दिखी संदिग्ध वस्तु पुलिस ने पकड़ लिया आरोपी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन पर सोमवार को बैगेज स्क्रीनिंग के दौरान एक एनआरआई के पास से



अंडरगारमेंट में छिपाया गया अज्ञात पदार्थ मिला। एक्स-रे बैगेज जांच मशीन में संदिग्ध वस्तु दिखाई देने के बाद यात्री ने भागने की कोशिश की, लेकिन केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों ने पीछा कर उसे निकास द्वार के पास पकड़ लिया। जानकारी के मुताबिक, मेट्रो स्टेशन पर यात्रियों के सामान की नियमित जांच के दौरान एक्स-रे मशीन की स्क्रीन पर संदिग्ध वस्तु नजर आई। इसके बाद सतर्क जवानों ने यात्री को रोकने की कोशिश की, लेकिन वह वहां से भागने लगा। सीआईएसएफ कर्मियों ने तत्काल उसका पीछा किया और उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके अंडरगारमेंट के सिले हुए हिस्से में अज्ञात पदार्थ छिपा मिला। यात्री ने खुद को मलेशिया के कुआलालंपुर में रहने वाला एनआरआई बताया।

मासिक धर्म स्वच्छता पर जवाब नहीं देने का मामला

राज्यों को सुप्रीम कोर्ट की फटकार कहा- मौलिक अधिकार से जुड़ा फैसला कागजों तक सीमित न रहे

केंद्र से जानकारी मांगने पर भी राज्यों ने नहीं दिया जवाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मासिक धर्म स्वच्छता को मौलिक अधिकार का हिस्सा घोषित करने के फैसले पर अमल



की जानकारी नहीं देने पर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रति नाराजगी जताई है। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने सवाल किया कि जब केंद्र सरकार जानकारी मांगती है, तो राज्य जवाब क्यों नहीं देते। अदालत ने केंद्र को निर्देश दिया कि वह सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से लिखित में जानकारी मांगे कि फैसले को लागू करने के लिए अब तक क्या कदम उठाए गए हैं। मामले की अगली सुनवाई 14 नवंबर को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने 30 जनवरी को दिए फैसले में कहा था कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार में मासिक धर्म से जुड़े स्वास्थ्य और स्वच्छता का अधिकार भी शामिल है। एक सितंबर को अदालत ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को फैसले के क्रियान्वयन में सामने आई कमियों को दूर कर अगली सुनवाई तक रिपोर्ट देने का निर्देश दिया था। 13 अक्टूबर को सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने बताया था कि केंद्र ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से इस संबंध में जानकारी मांगी है।

गायक जुबिन नौटियाल के पिता का कांग्रेस ने ढोल बजाकर किया स्वागत

रामशरण नौटियाल भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल

मंत्री रेखा आर्या के भ्रष्टाचार में संलिप्त होने और अन्य जनविरोधी मुद्दों पर भाजपा सरकार को घेरा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

उत्तराखंड के वरिष्ठ नेता और मशहूर गायक जुबिन नौटियाल के पिता रामशरण नौटियाल सोमवार को भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए। नौटियाल देहरादून जिला पंचायत के अध्यक्ष रह चुके हैं और उन्होंने 2022 में भाजपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव भी लड़ा था। कांग्रेस के दिल्ली स्थित कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में पार्टी की उत्तराखंड प्रभारी कुमारी सैलजा, प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य गुरदीप सप्पल की मौजूदगी में नौटियाल ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस नेताओं ने नौटियाल का स्वागत करते हुए कहा कि उनके लंबे राजनीतिक अनुभव और क्षेत्र में प्रभाव से उत्तराखंड में पार्टी को मजबूती एवं नई ऊर्जा मिलेगी। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड,



प्रदेश में बढ़ते भ्रष्टाचार समेत विभिन्न मुद्दों पर प्रदेश की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया। पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड में सीबीआई जांच का झुनझुना थमाया जा रहा है, लेकिन एजेंसी ने अब तक इस केस के सभी पहलुओं की निष्पक्ष जांच नहीं की है। उन्होंने बताया कि मामले में वीआईपी के तौर पर भाजपा नेता दुष्यंत गौतम का नाम सामने आया था। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि गौतम से पूछताछ करने के बजाय उन्हें सिक्किम का राज्यपाल बनाया जा रहा है, ताकि उनपर कोई कानूनी कार्रवाई न हो सके। उन्होंने कहा कि अंकिता के माता-पिता न्याय की मांग कर रहे हैं।

अदालतों में पहुंचा विरोध प्रदर्शनों का मामला

प्रदर्शन मौलिक अधिकार, लेकिन शांति भंग की आशंका पर कार्रवाई भी जरूरी: बॉम्बे हाईकोर्ट

नेहा बोरा ने 10 हजार के बांड वाले नोटिस पर दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी

सीजेपी प्रवक्ताओं की दो दिन की न्यायिक हिरासत बढ़ी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

देश में विरोध प्रदर्शनों और उनके खिलाफ पुलिस कार्रवाई को लेकर कानूनी लड़ाई तेज हो गई है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन को मौलिक अधिकार बताते हुए कहा है कि पुलिस कार्रवाई पर रोक लगाने से पहले प्रदर्शनकारियों की पृष्ठभूमि और आम जनता को होने वाली असुविधा पर भी विचार जरूरी है। वहीं, ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आईसा) की अध्यक्ष नेहा बोरा ने शांति बनाए रखने के लिए 10 हजार रुपए का व्यक्तिगत बांड भरने के नोटिस को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है। दूसरी ओर, दिल्ली की विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट अदालत ने सीजेपी के प्रवक्ताओं सौरव दास और आशुतोष रांका की न्यायिक हिरासत दो दिन बढ़ा दी है।

बॉम्बे हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

बॉम्बे हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश महेश चंद्र त्रिपाठी और न्यायमूर्ति अद्वैत सेठना की पीठ ने महाराष्ट्र सरकार को उन याचिकाओं पर जवाब देने का निर्देश



दिया, जिनमें मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ प्रदर्शनों के दौरान पुलिस पर अवैध हिरासत के आरोप लगाए गए हैं। अदालत ने कहा कि हर व्यक्ति को शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार है, लेकिन प्रदर्शन की आड़ में आपराधिक गतिविधियां नहीं होनी चाहिए।

नेहा ने दी चुनौती

आईसा अध्यक्ष नेहा बोरा ने दिल्ली पुलिस की ओर से जारी उस नोटिस



को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें उन्हें 10 हजार रुपए का व्यक्तिगत बांड और जमानतदार प्रस्तुत करने तथा जांच के दौरान शांति बनाए रखने को कहा गया है।

प्रवक्ताओं की हिरासत बढ़ी

दिल्ली की विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट अदालत ने सीजेपी प्रवक्ता सौरव दास और आशुतोष



रांका की हिरासत दो दिन बढ़ा दी है। दोनों 14 अक्टूबर से तिहाड़ जेल में बंद हैं और उनकी पांच दिन की हिरासत 19 अक्टूबर को समाप्त हो रही थी।

भारत के साथ व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में हैं अमेरिका

भारत-यूएस ट्रेड डील पर मार्को रुबियो का बड़ा बयान, जयशंकर से आज बैठक

मार्को रुबियो ने भारत के साथ ट्रेड डील को लेकर कहा कि इसे जल्दी ही फाइनल कर लेंगे। उन्होंने रूस से तेल-गैस खरीदने के मामले पर भी प्रतिक्रिया दी...

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत के साथ ट्रेड डील पर बड़ी जानकारी दी है। उन्होंने सोमवार को कहा कि दोनों देश ट्रेड डील को फाइनल करने के करीब पहुंच चुके हैं। रुबियो मंगलवार को मुंबई में विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ मुलाकात करेंगे।

रुबियो ने भारत दौरे से पहले कहा, हम इस समय भारत के साथ ट्रेड डील को अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। हम ऐसा करने के बहुत करीब हैं। रूसी तेल और गैस के मुद्दे पर रुबियो ने कहा कि वैश्विक आपूर्ति और कीमतों पर पड़ने वाले असर को देखते हुए अमेरिका को पिछले कुछ महीनों में कई प्रतिबंधों में छूट देनी पड़ी है।

तेल-गैस और ट्रेड डील पर बोले रुबियो


फाइल फोटो

एस जयशंकर और मार्को रोबियो

डेयरी क्षेत्र तक पहुंच का मुद्दा अब भी सबसे बड़ी बाधा बना हुआ

रुबियो ने रूस से तेल-गैस खरीदने के मामले पर कहा, पिछले कुछ महीनों में हमें प्रतिबंधों में छूट देनी पड़ी क्योंकि उनका असर वैश्विक आपूर्ति और कीमतों पर पड़ रहा था। हमें इन सभी कारकों का संतुलन बनाना होता है। हम इस समय भारत के साथ व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में हैं और इसके काफी करीब हैं। यही वे पहलू हैं, जिन पर राष्ट्रपति राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी छूट या इसी तरह के फैसले लेते समय विचार करते हैं। भारत और अमेरिका पहले चरण के व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के करीब पहुंच चुके हैं। हालांकि डेयरी क्षेत्र तक पहुंच का मुद्दा अब भी सबसे बड़ी बाधा बना हुआ है। अमेरिका, भारत के डेयरी क्षेत्र में जगह बनाना चाहता है, लेकिन भारत अभी तक इसके लिए तैयार नहीं है।

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर मुंबई में यूएई के विदेश मंत्री से करेंगे मुलाकात

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर मुंबई में संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात करेंगे। नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस यात्रा के दौरान भारत और यूएई के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा की जाएगी। दोनों पक्ष ऊर्जा, व्यापार, निवेश, फिनटेक, रक्षा और संपर्क के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा करेंगे। जायसवाल ने बताया कि डॉ. जयशंकर कल मुंबई में अमरीका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ भी वार्ता करेंगे। डॉ. जयशंकर अमरीका की स्वतंत्रता की 250वीं वर्षगांठ के समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। अमरीकी विदेश मंत्री की यात्रा के दौरान भारत और अमरीका अपने संबंधों की समीक्षा करेंगे और व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा करेंगे।


फाइल फोटो

यूएइई विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद

पोलैंड के पीएम डोनाल्ड टस्क 21 अक्टूबर से भारत दौरे पर आएंगे, प्रधानमंत्री मोदी से करेंगे वार्ता

पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क 21 से 23 अक्टूबर तक भारत के आधिकारिक दौरे पर रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर हो रही इस यात्रा के दौरान दोनों देश अपनी रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा करेंगे और व्यापार, निवेश, रक्षा तथा उभरती प्रौद्योगिकियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के अनुसार, प्रधानमंत्री टस्क 22 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इस दौरान दोनों नेता भारत-पोलैंड संबंधों के सभी प्रमुख पहलुओं की समीक्षा करने के साथ क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। अगस्त 2024 में प्रधानमंत्री मोदी की पोलैंड यात्रा के दौरान दोनों देशों के संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा दिया गया था।


फाइल फोटो

पोलैंड के पीएम के साथ नरेंद्र मोदी

खबर संक्षेप

भारत न बांग्लादेश, न फ्रांस,तुलना गलत

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के सत्ता परिवर्तन कराने के आरोपों का जवाब दिया। थरूर ने कहा कि मेरा मानना है कि भारत बांग्लादेश नहीं है और भारत फ्रांस भी नहीं है। मुझे ये तुलना खास तौर पर प्रासंगिक नहीं लगती। हम फ्रांस में हुई बसों और पुलिस स्टेशनों को आग लगाने जैसी किसी भी हिंसा को कभी सही नहीं ठहराएंगे। हम केवल शांतिपूर्ण प्रदर्शन में विश्वास करते हैं।



कनाडा में दो भारतीय मूल के नेता बने मेयर

ओटावा। कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में चुनावों में भारतीय मूल के दो नेताओं ने मेयर पद पर जीत दर्ज की है। भारत में जन्मे हर्षन रामदास फर्नी शहर के नए मेयर चुने गए हैं, जबकि सुरिंदरपाल राठौर ने विलियम्स लेक के मेयर पद पर दोबारा जीत हासिल की है। दोनों नेताओं की जीत ने लोगों की राजनीतिक भागीदारी को चर्चा में ला दिया है।



जम्मू-कश्मीर पर ओआईसी के बयान से भड़का भारत, दिखाया आईना

आईओसी को भारत के आंतरिक मामलों में बोलने का हक नहीं, ये सब पाक प्रायोजित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने ओआईसी की भारत विरोधी टिप्पणियों को खारिज करते हुए पाकिस्तान पर दुष्प्रचार का आरोप लगाया. विदेश मंत्रालय ने कश्मीर, आतंकवाद और संगठन की निष्पक्षता पर सवाल उठाए...

विदेश मंत्रालय ने बगदाद में हुई ओआईसी के विदेश मंत्रियों की बैठक के प्रस्तावों में भारत विरोधी संदर्भों को खारिज किया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत के खिलाफ की गई टिप्पणियां दुर्भावनापूर्ण, पक्षपातपूर्ण और झूठी हैं। इन्हें पाकिस्तान ने सुनियोजित तरीके से तैयार कराया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि ओआईसी ने एक बार फिर पाकिस्तान को अपने कट्टरपंथी एजेंडे के लिए संगठन का दुरुपयोग करने दिया, जो निराशाजनक है।

विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि ओआईसी को भारत के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न और अविभाज्य अंग हैं।राजनीतिक रूप से प्रेरित दुष्प्रचार इस वास्तविकता को नहीं बदल सकता।

भारत ने ओआईसी के भारत विरोधी संदर्भ खारिज किए

विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान पर दुष्प्रचार के आरोप लगाए

कश्मीर, लद्दाख भारत के अभिन्न अंग


रणधीर जायसवाल

पर्यटन और कनेक्टिविटी के विकास से लोगों को सीधे लाभ मिला

विदेश मंत्रालय के मुताबिक, अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में आर्थिक विकास हुआ है। बुनियादी ढांचे, पर्यटन और कनेक्टिविटी के विकास से लोगों को सीधे लाभ मिला है। विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर की स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां नागरिक प्रदर्शनकारियों पर हिंसा, दमन और बर्बरता की गई है। इसमें महिलाओं और बच्चों सहित बड़ी संख्या में लोगों की मौत हुई है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि मीडिया पर पाबंदियां लगाने के बावजूद मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन को छिपाया नहीं जा सका। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि जम्मू-कश्मीर से जुड़े लंबित मुद्दे पाकिस्तान का अवैध कब्जे वाले क्षेत्रों से हटना और सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देना बंद करना है।

भारत के खिलाफ आरोप मनगढ़ंत और शत्रुतापूर्ण

विदेश मंत्रालय ने इस्लामोफोबिया सहित भारत के खिलाफ लगाए गए अन्य आरोपों को मनगढ़ंत और शत्रुतापूर्ण बताया। मंत्रालय के अनुसार, पाकिस्तान अपने यहां अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न, सांप्रदायिक हिंसा, शासन की विफलता और राजनीतिक अस्थिरता से अंतरराष्ट्रीय ध्यान हटाने की कोशिश कर रहा ह। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान के दुष्प्रचार का बार-बार समर्थन करने से ओआईसी की विश्वसनीयता और निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठते हैं । विदेश मंत्रालय ने उम्मीद जताई कि ओआईसी के सदस्य संगठन में सुधार करेंगे और अधिक जिम्मेदारी से काम करेंगे।

दुशांबे में 19-20 को एससीओ की बैठक

सिंधु संधि पर तनातनी के बीच राजनाथ-डार की मुलाकात होगी

एजेंसी ▶▶ दुशांबे


फाइल फोटो

राजनाथ सिंह और मोहम्मद इशाक डार

ताजिकिस्तान की राजधानी दुशांबे में 19-20 अक्टूबर को आयोजित शंघाई सहयोग संगठन की बैठकों के बीच दक्षिण एशिया का कूटनीतिक तापमान अचानक बढ़ गया है। एक तरफ भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं तो दूसरी तरफ पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार भी एससीओ काउंसिल ऑफ हेड्स ऑफ गवर्नमेंट की बैठक में भाग लेने पहुंचे हैं।

दोनों नेताओं की दुशांबे में मौजूदगी ऐसे वक्त में हो रही है जब सिंधु जल संधि को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच जुबानी जंग और कूटनीतिक तनातनी चरम पर है। राजनाथ सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा है 'एससीओ के शासनाध्यक्षों की बैठक में संस्कृति, कनेक्टिविटी, अर्थव्यवस्था, नवाचार, निवेश और लोगों के बीच आपसी संबंधों में सहयोग को मजबूत करने पर ध्यान दिया जाएगा। साथ ही वित्तीय और संस्थागत कामकाज में हुई प्रगति की समीक्षा भी की जाएगी।'

सिंधु जल संधि पर भारत का आक्रामक रुख

भारत ने पिछले साल 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद सिंधु जल संधि को सस्पेंडकर दिया था। इसके अलावा पिछले कुछ सालों में भारत ने 1960 की सिंधु जल संधि में संशोधन और समीक्षा को लेकर पाकिस्तान को सख्त लहजे में कई कूटनीतिक नोटिस भी जारी किए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लगातार इस बात पर जोर दिया है कि आतंकवाद और पानी की बात एक साथ नहीं चल सकती। उन्होंने भारत के रुख को स्पष्ट करते हुए बार-बार संकेत दिया है कि पाकिस्तान के साथ जल-बंटवारे के नियमों पर भारत अब बिना किसी शर्त के झुकने वाला नहीं है। वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने भारत के इन कदमों का भारी विरोध किया है और इसे 1960 की द्विपक्षीय संधि का उल्लंघन करार दिया है।

सार्वजनिक अशांति और हिंसा भड़काने वाली सामग्री पर निगरानी बढ़ाने के निर्देश

सोशल मीडिया पर एकतरफा नैरेटिव को बढ़ावा देने से बचें फेसबुक-इंस्टाग्राम: केंद्र सरकार की मेटा को सलाह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक और इंस्टाग्राम की मालिक कंपनी मेटा को अपने रिकमेंडेशन सिस्टम की समीक्षा करने और यह सुनिश्चित करने की सलाह दी है कि उपयोगकर्ताओं को किसी एक या सीमित संख्या में नैरेटिव वाली सामग्री असमान रूप से अधिक मात्रा में न दिखाई जाए। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) ने कंपनी को जारी एक परामर्श में ऐसी सामग्री की निगरानी और जांच मजबूत करने पर भी जोर दिया है, जिससे सार्वजनिक अशांति फैलने, हिंसा भड़कने या अन्य गैरकानूनी गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की आशंका हो। मंत्रालय ने विशेष रूप से उन तस्वीरों, वीडियो, ग्राफिक्स और अन्य डिजिटल सामग्री के संदर्भ में उचित कदम उठाने को कहा है, जो किसी मौजूदा सार्वजनिक घटना को दर्शाती हों। ऐसी सामग्री के साथ पर्याप्त संदर्भ उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया है, ताकि उपयोगकर्ता उसके वास्तविक होने, घटना की तारीख, स्थान और परिस्थितियों को लेकर भ्रमित न हों।

रिकमेंडेशन सिस्टम की भूमिका पर सरकार की नजर

फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उपयोगकर्ताओं को दिखाई देने वाली सामग्री का बड़ा हिस्सा उनके रिकमेंडेशन सिस्टम के जरिए चुना जाता है। ये सिस्टम उपयोगकर्ताओं की गतिविधियों, पसंद, रुचियों और अन्य संकेतों के आधार पर पोस्ट, वीडियो और अन्य सामग्री सुझाते हैं। सरकार की सलाह का एक प्रमुख पहलू यह है कि इन प्रणालियों के कारण उपयोगकर्ताओं के सामने किसी एक विचार, दावे या नैरेटिव की अत्यधिक मौजूदगी न हो। किसी विषय पर सीमित दृष्टिकोण वाली सामग्री लगातार दिखाई देने से उपयोगकर्ताओं की समझ प्रभावित हो सकती है।

सार्वजनिक अशांति फैलाने वाली सामग्री पर बढ़ेगी जांच

मंत्रालय ने मेटा से ऐसी सामग्री पर निगरानी और जांच मजबूत करने को कहा है, जो सार्वजनिक व्यवस्था को प्रभावित कर सकती है, हिंसा भड़का सकती है या किसी अन्य गैरकानूनी गतिविधि को प्रोत्साहित कर सकती है। सोशल मीडिया पर किसी घटना से जुड़ी अपुष्ट सूचना, भ्रामक दावे या संदर्भ से काटकर प्रसारित किए गए वीडियो तेजी से फैल सकते हैं। ऐसे मामलों में सामग्री की वास्तविकता और उसके संभावित प्रभाव की जांच महत्वपूर्ण हो जाती है। सरकार की सलाह का उद्देश्य ऐसी सामग्री से जुड़े जोखिमों पर प्लेटफॉर्म की सतर्कता बढ़ाना है।

गणराज्य को कमजोर करने की साजिश

राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा-जिन उपद्रवियों ने आगजनी की, उन पर होगा कठोर एक्शन

हिंसा से 1000 पुलिसकर्मी और जवान घायल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने विरोध प्रदर्शनों के दौरान हिंसा, तोड़फोड़ और लूटपाट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है। राष्ट्र के नाम संबोधन में उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं गणराज्य को कमजोर करने की कोशिश हैं और दोषियों को जवाबदेह ठहराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वालों और हिंसा में शामिल लोगों के बीच अंतर करना जरूरी है। फ्रांस के गृह मंत्रालय के अनुसार, करीब 2400 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि हिंसा के दौरान लगभग 1000 पुलिसकर्मी और जवान घायल हुए। कई शहरों में सरकारी इमारतों, दुकानों और सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया गया। श्री मैक्रों ने कहा कि सरकार इन घटनाओं की समीक्षा करेगी और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए जरूरी कदम उठाएगी। उन्होंने लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और सार्वजनिक व्यवस्था बहाल करने पर जोर दिया। प्रभावित लोगों को तत्काल सहायता देने और नुकसान से उबरने में समुदायों की मदद करने के लिए एक संकट प्रबंधन इकाई बनाने की घोषणा की।



टेक और फाइनेंस वर्ल्ड में खलबली

अमेरिका के करीब 7.2 करोड़ बच्चों को फ्री में 1 शेयर देंगे दुनिया के सबसे रईस व्यक्ति मस्क

एक्स पर पोस्ट शेयर कर जानकारी दी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया के सबसे रईस आदमी और टेस्ला और स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क ने अगले साल अमेरिका के हर बच्चे को अपनी कंपनी स्पेसएक्स का एक शेयर मुफ्त देने की घोषणा की है। अमेरिकी बच्चों की झोली में अरबों डॉलर के शेयर डालने की इस 'दरियादिली' ने टेक और फाइनेंस वर्ल्ड में खलबली मचा दी है।

एक अनुमान के अनुसार अमेरिका में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों की कुल संख्या लगभग 7.2 करोड़ है। इसका सीधा मतलब यह है कि मस्क अपनी कंपनी के 7.2 करोड़ शेयर अमेरिकी बच्चों को मुफ्त बांटने जा रहे हैं।

एलन मस्क ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर कर अपने इस निर्णय की जानकारी दी है। उन्होंने लिखा, अगले साल मैं अमेरिका के हर बच्चे को स्पेसएक्स का एक शेयर दूंगा। विशेषज्ञों का मानना है कि मस्क का यह कदम बच्चों में फाइनेंशियल लिटरेसी बढ़ाने और उन्हें बचपन से ही निवेश व संपदा निर्माण की अहमियत समझाने का एक क्रांतिकारी तरीका हो सकता है।


एलन मस्क

एंथ्रोपिक ने लोक कल्याण कोष में देने की घोषणा की थी

एलन मस्क के इस कदम की पटकथा सिलिकॉन वैली के एक कड़े कॉरपोरेट मुकाबले ने लिखी है। दरअसल एआई। टूल क्लाउड बनाने वाली कंपनी एंथ्रोपिक के सीईओ डारियो अमोदेई ने अपनी कंपनी की इक्विटी का एक हिस्सा पब्लिक बेनिफिट फंड यानी लोक कल्याण कोष में देने की घोषणा पिछले दिनों की थी। मस्क को यह रास नहीं आया था। मस्क ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अगर दौलत बांटनी ही है तो किसी ट्रस्ट, फाउंडेशन या बिचौलिए के जरिए देने के बजाय सीधे जनता के जेब में डालनी चाहिए। मस्क ने सिर्फ बात नहीं की, बल्कि अपनी बात साबित करने के लिए खुद सीधे आने वाली पीढ़ी को शेयर बांटने का ऐलान कर दिया।

बांग्लादेश में हुई इमरजेंसी लैंडिंग

12 हजार फीट की ऊंचाई पर खुला दरवाजा, भारतीय महिला की मौत

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में एक भारतीय महिला की मौत हो गई है। दरअसल महिला को ले जा रही एयर एम्बुलेंस में तकनीकी खराबी आ गई थी, जिसके कारण उड़ान के दौरान ही विमान का दरवाजा आंशिक रूप से खुल गया और उसे बांग्लादेश में आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। यह जानकारी स्थानीय मीडिया के अनुसार है।

रिपोर्ट के अनुसार विमान ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 1:40 बजे सुरक्षित उतर गया। विमान में कुल सात लोग सवार थे, जिनमें दो पायलट, एक मरीज, एक डॉक्टर, एक पैरामेडिक और दो अन्य साथी शामिल थे। 'रिपोर्ट के मुताबिक, मरीज की पहचान 56 वर्षीय अंजना भौमिक के रूप में हुई है।


फाइल फोटो

उन्हें कुर्मीटोला मल्टीकेयर स्पेशलाइज्ड अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

नौसेना को एक बहुआयामी नेटवर्क आधारित सैन्य बल के रूप में तैयार करना होगा

एआई से क्वांटम तकनीक तक हर क्षेत्र में विकास कर रही नौसेना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मौजूदा संकटों के कारण नौसेना की सोच व तैनाती, दोनों गतिविधियां बढ़ी

जहाजों को सुरक्षित भारतीय तटों तक पहुंचाने में मिली मदद

पश्चिम एशिया संकट पर भी रखी नजर


अजय कोचर

भारतीय नौसेना हवा, समुद्र, पानी के भीतर संचालन से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और क्वांटम तकनीक तक सभी क्षेत्रों में विकास पर जोर दे रही है। इसका उद्देश्य नौसेना को एक बहुआयामी नेटवर्क आधारित सैन्य बल के रूप में तैयार करना है। नौसेना के उप प्रमुख वाइस एडमिरल अजय कोचर ने सोमवार को यह जानकारी दी। कोचर ने कहा कि नौसेना केवल नई तकनीक अपनाने पर ही काम नहीं कर रही, बल्कि यह भी सुनिश्चित कर रही है कि इन तकनीकों से उसकी परिचालन क्षमता मजबूत हो।

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और समुद्री हितों की सुरक्षा में नौसेना की भूमिका से जुड़े सवाल पर कोचर ने कहा कि मौजूदा संकटों के कारण नौसेना की सोच और तैनाती, दोनों स्तरों पर गतिविधियां बढ़ी हैं। उन्होंने नौसेना के ऑपरेशन ऊर्जा सुरक्षा का भी उल्लेख किया। उनके मुताबिक, इस अभियान के तहत महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों पर हमलों के बीच कई जहाजों को सुरक्षित भारतीय तटों तक पहुंचाने में मदद मिली है।

एआई व स्वायत्त प्रणालियों की बढ़ेगी भूमिका

हाल के संघर्षों से तकनीक के इस्तेमाल के बारे में मिले सबक पर कोचर ने कहा कि इन घटनाओं ने नौसेना के सामने कुछ नई जरूरतों को स्पष्ट किया है। इनमें स्वायत्त प्रणालियों और युद्ध के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल जैसे क्षेत्र शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य की तैयारियों में मानवरहित विमान प्रणालियों का मुकाबला करने वाली तकनीक यानी काउंटर-यूएएस और क्वांटम तकनीक भी शामिल हैं। कोचर ने कहा, अगर मैं भविष्य की ओर देखूं, तो इसमें काउंटर-यूएएस और क्वांटम तकनीक का इस्तेमाल भी शामिल है। यह ऐसा क्षेत्र है, जो निकट भविष्य में तेजी से विकसित होगा। हम इन सभी पहलुओं को लेकर पूरी तरह सजग हैं।

तकनीक नौसेना के भविष्य के लिए अहम

नौसेना उप प्रमुख ने कहा कि केवल युद्ध या संघर्ष ही नौसेना के भविष्य की दिशा तय नहीं करते। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बदलती जरूरतों के अनुसार तकनीक को अपनाना और सैन्य क्षमताओं को मजबूत करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश के हितग्राही विजयादशमी पर नए पक्के आवासों में करेंगे गृह प्रवेश

विजयादशमी पर संपूर्ण प्रदेश में मनाया जाएगा 'गृह प्रवेश दिवस'

घर हुआ अपना, पूरा हुआ सपना, राज्य सरकार ने 10 लाख से अधिक ज़रूरतमंद परिवारों के अपने पक्के घर के स्वप्न को किया साकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र सरकार प्रदेश के प्रत्येक नागरिक के सर्वांगीण विकास और सामाजिक सुरक्षा के लिए निरंतर संकल्पबद्ध है। मानव जीवन में स्वयं के एक सुदृढ़ एवं पक्के आवास का होना मात्र एक भौतिक आवश्यकता नहीं, अपितु आत्मसम्मान, सुरक्षा और स्थायित्व का आधार है। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने 'प्रधानमंत्री आवास योजना' का प्रभावी क्रियान्वयन कर अब तक 10 लाख से अधिक ज़रूरतमंद परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध कराकर उनके जीवन में अभूतपूर्व खुशहाली एवं नई दिशा प्रदान की है। विजयादशमी (दशहरा) के शुभ अवसर पर कल, 20 अक्टूबर को मप्र के समस्त नगरीय निकायों में 'गृह प्रवेश दिवस' मनाया जाएगा। इसके तहत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत स्वीकृत ऐसे हितग्राही, जिनके आवास पूर्ण हो चुके हैं, वे अपने नवनिर्मित एवं पूर्णतः सुसज्जित आवासों में परिवार सहित वैदिक परंपरा के अनुसार गृह प्रवेश करेंगे। विजयादशमी का यह मंगल पर्व प्रदेश के हजारों परिवारों के जीवन में नई खुशियां लेकर आ रहा है। राज्य सरकार की ओर से सभी नगरीय निकायों को 'गृह प्रवेश दिवस' अभियान के अंतर्गत सभी पूर्ण आवासों में गृह प्रवेश सुनिश्चित करने एवं आवश्यक व्यवस्थाएं करने के लिये निर्देशित किया गया है, जिससे यह अवसर हितग्राही परिवारों के लिए एक अविस्मरणीय एवं मंगलकारी बन सके।

938 पात्र अभ्यर्थियों को सीएम डॉ. यादव वितरित करेंगे अनुकंपा नियुक्ति के आदेश

- नवनियुक्त कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का 21 को होगा आयोजन
- मुख्यमंत्री होंगे रवींद्र भवन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 21 अक्टूबर को अनुकंपा नियुक्ति आदेश वितरण एवं नवनियुक्त कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन रवींद्र भवन भोपाल में किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 938 पात्र अभ्यर्थियों को अनुकंपा नियुक्ति आदेश का वितरण किया जाएगा।

कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से शुरू होगा।आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय अभिषेक सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों के 655 सहायक ग्रेड- तीन, 26 प्राथमिक शिक्षक और 257 पात्र भृत्यों को अनुकंपा नियुक्ति आदेश प्रदान किए जाएंगे। प्रदेश सरकार की यह संवेदनशील पहल पात्र परिवारों को शासकीय सेवा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सिंह ने बताया कि नियुक्ति आदेशों के वितरण उपरांत नवनियुक्त सहायक ग्रेड-3 कर्मचारियों, प्राथमिक शिक्षकों एवं भृत्यों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण के माध्यम से नवनियुक्त कर्मचारियों को उनके दायित्वों और विभागीय कार्यप्रणाली से परिचित कराने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले संभागीय संयुक्त संचालक एवं विभागीय अधिकारियों को भी सम्मानित किया जाएगा। साथ ही विभागीय कार्यों में बेहतर योगदान देने वाले अधिकारियों के प्रयासों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

घाटों की एप्रोच रोड, पेयजल, सीवरेज और श्रद्धालुओं के आवागमन की व्यवस्थाओं को दें सर्वोच्च प्राथमिकता

सिंहस्थ-2028 के सभी निर्माण कार्य तेज गति से पूर्ण करें, नवंबर तक प्राप्त कर लें सभी लंबित स्वीकृतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में सिंहस्थ-2028 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सिंहस्थ से संबंधित सभी निर्माण कार्य तेज गति से निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं। जिन कार्यों की स्वीकृति की प्रक्रिया लंबित है, उनकी स्वीकृतियां नवंबर माह में अनिवार्य रूप से प्राप्त की जाएं। सिंहस्थ मेला कार्यालय, कलेक्ट्रेट और सिंहस्थ सेल में आवश्यक अधिकारियों एवं कर्मचारियों की पदस्थापना इसी सप्ताह सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को उज्जैन में सिंहस्थ-2028 के निर्माण कार्यों एवं तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की संभावित संख्या का आकलन करते हुए उनके आवागमन, यातायात, पार्किंग, ठहरने तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित योजना तैयार की जाए। घाटों तक पहुंचने वाले मार्गों के निर्माण और विकास पर विशेष ध्यान दिया जाए। पंचक्रोशी यात्रा मार्ग पर निर्धारित योजना के अनुसार डोम विकसित किए जाएं। पड़ोसी राज्यों के अधिकारियों के साथ समन्वय बैठकें आयोजित कर श्रद्धालुओं के आवागमन एवं व्यवस्थाओं की अग्रिम कार्ययोजना तैयार की जाए।

सड़क चौड़ीकरण से प्रभावित व्यापारियों के लिए विकसित करें वैकल्पिक बाजार



उज्जैन में सिंहस्थ-2028 के निर्माण कार्यों की मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समीक्षा की।

श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए अभी से करें व्यापक तैयारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंहस्थ में आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने की पर्याप्त व्यवस्था समय रहते सुनिश्चित की जाए। इसके लिए आसपास के स्कूलों एवं कॉलेजों को चिन्हित कर वहां आवश्यकतानुसार शौचालय निर्माण, पेयजल की उपलब्धता, मरम्मत तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास की योजना बनाई जाए। उज्जैन आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मार्गों पर स्थित सांदीपनि विद्यालयों के उपयोग की भी योजना तैयार की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहर के आंतरिक क्षेत्रों तथा मेला क्षेत्र में पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता और सीवरेज संबंधी कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

जितना बेहतर विकास होगा, व्यापारिक गतिविधियों को भी उतना ही प्रोत्साहन

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहर के मार्गों का जितना बेहतर विकास होगा, व्यापारिक गतिविधियों को भी उतना ही प्रोत्साहन मिलेगा। सड़क चौड़ीकरण के कारण प्रभावित होने वाले बाजारों और दुकानदारों के हितों का ध्यान रखना भी आवश्यक है। इसके लिए वैकल्पिक बाजारों के स्थलों का चयन कर उनका व्यवस्थित विकास किया जाए। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से बर्तन बाजार तथा सोना-चांदी के व्यापारियों के पुनर्वास के लिए योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने नजर अली मिल क्षेत्र, कवेलू कारखाना क्षेत्र अथवा आसपास के उपयुक्त स्थानों पर विक्रम क्लॉथ मार्केट की तर्ज पर नया बाजार विकसित करने की संभावनाओं पर कार्य करने को कहा।

किसी उपयुक्त बाजार में समायोजित करने की कार्ययोजना तैयार की जाए

सीएम ने कहा कि जिन दुकानदारों की दुकानें निर्माण कार्यों के कारण प्रभावित हुई हैं और जिनके पास कोई वैकल्पिक स्थान उपलब्ध नहीं है, उन्हें भी किसी उपयुक्त बाजार में समायोजित करने की कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने सड़क चौड़ीकरण के कार्यों में तेजी लाने के लिए अलग अमला तैनात करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में संभागायुक्त एवं सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह तथा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने सिंहस्थ-2028 के तहत संचालित निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।

मुख्यमंत्री ने उज्जैन के विभिन्न गरबा आयोजनों में की सहभागिता

- पांडालों में मां दुर्गा की आरती उतारी तथा प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की
- श्रद्धालुओं एवं आयोजकों को महा अष्टमी, महानवमी, विजयादशमी की दीं शुभकामनाएं



देवी की आराधना करते मुख्यमंत्री।

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने उज्जैन में नवरात्रि पर्व के दौरान आयोजित विभिन्न गरबा कार्यक्रमों में सहभागिता की। मुख्यमंत्री दशहरा मैदान, डालडा फैक्ट्री, सामाजिक न्याय परिसर, इंजीनियरिंग कॉलेज बायपास स्थित सनातन मंच गरबा महोत्सव, ऋषि नगर तथा सिंधी समाज द्वारा आयोजित गरबा कार्यक्रमों में शामिल हुए और स्थानीय लोगों के साथ खुशियां साझा की। डॉ यादव ने गरबा पांडालों में मां दुर्गा की आरती उतारी तथा माता से प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं एवं गरबा आयोजकों को महा अष्टमी, महानवमी और विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं। डॉ यादव ने कहा कि नवरात्रि मां शक्ति की आराधना का पावन पर्व है। हम सब मिलकर सभी त्योहारों को पूरे हर्षोल्लास, उमंग और आनंद के साथ मना रहे हैं।

मां के आशीर्वाद से भारत दुश्मनों का सामना करने में सक्षम

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि मां जगदंबा भवानी के आशीर्वाद से भारत दुश्मनों का सामना करने तथा आवश्यकता पड़ने पर उनके घर में घुसकर कार्रवाई करने में पूर्णतः सक्षम है। उन्होंने कामना की कि देश के सशस्त्र बल अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए राष्ट्र की रक्षा करते रहें और मां की शक्ति का आशीर्वाद सभी को प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि हम सभी आनंद और उल्लास में डूबे हुए हैं तथा कामना की कि सभी के जीवन से कष्ट दूर हों और सबकी मनोकामनाएं पूर्ण हों।

13 आईएएस पदों के लिए हुई डीपीसी, 39 अफसरों के नामों पर किया गया विचार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 13 पदों के लिए सोमवार को नई दिल्ली में विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक हुई। इसमें राज्य प्रशासनिक सेवा (एसएएस) के 2007, 2008 व 2009 बैच के अफसरों को पदोन्नति देने पर सहमति बनी है। इसमें 13 पदों के लिए 39 अधिकारियों के नामों पर विचार किया गया। इस डीपीसी में 2007 बैच के 9 और 2008 बैच के 4 अधिकारियों के साथ ही 2009 बैच के अफसरों को पदोन्नति मिलने के आसार हैं। कुछ अधिकारियों की विभागीय जांच लंबित होने के कारण उनकी पदोन्नति का लिफाफा बंद रखा गया है। सामान्य प्रशासन विभाग कार्मिक ने पहले ही 39 एसएएस अफसरों की सूची यूपीएससी को भेजी थी।

इन अधिकारियों के नामों पर हुआ मंथन

दिल्ली में होने वाली डीपीसी में सामान्य प्रशासन विभाग के उप सचिव जयेंद्र विजयावत, राज्य निर्वाचन आयोग के उप सचिव मनोज मालवीय, शहडोल के अपर कलेक्टर मिनिषा पांडेय, भोपाल जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी इला तिवारी, इंदौर संभाग की उप आयुक्त राजस्व सपना एम. लोवंशी और खरगोन की अपर कलेक्टर नीता राठौर के नाम शामिल हैं। इसके अलावा शाजापुर जिला पंचायत के सीईओ शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, लोकायुक्त कार्यालय की उप सचिव रानी पासी, आयुष विभाग की उप सचिव रंजना देवड़ा, महिला एवं बाल विकास विभाग की उप सचिव माधवी नागेन्द्र, पर्यावरण विभाग की उप सचिव वर्षा पूजा सोलंकी, माध्यमिक शिक्षा मंडल की अतिरिक्त सचिव प्रियंका गोयल, महिप किशोर तेजस्वी और संदीप कुमार सोनी सहित 39 अधिकारियों के नामों पर विचार हुआ है।

2025 बैच की डीपीसी का लंबे समय से इंतजार

वर्ष 2025 बैच के लिए राज्य प्रशासनिक सेवा से आईएएस बनने की डीपीसी का अधिकारियों को लंबे समय से इंतजार था। इसमें 2007, 2008 व 2009 बैच के राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के नामों पर विचार किया हुआ। इसके लिए राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों ने पिछले दो महीने से जोर-आजमाइश चल रही थी। उन्होंने राज्य सरकार पर उन्हें भी मौका देने के लिए दबाव बनाने की कोशिश की थी। हालांकि, उन्हें फिट लिस्ट में शामिल होने का मौका नहीं मिल पाया और केवल राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को ही मौका मिल रहा है। सूत्रों ने बताया कि सूची भेजे जाने के बाद महिप तेजस्वी और सपना एम. लोवंशी के नामों को लेकर विरोध भी सामने आया है।

तीसरी आंख



आखिर कुल कितने का लेन-देन हुआ, कैसे बताएंगे रायचूरा?

आबकारी विभाग के एक से बढ़कर एक मामले सुर्खियों में हैं। बताते हैं कि इसकी पूरी स्क्रिप्ट तुलसी टॉवर के इर्द-गिर्द होकर गुजरती है। पिछले दिनों आबकारी के उप आयुक्त रायचूरा का मामला सामने आया था। पहले रायचूरा को हटाया गया, फिर निलंबित कर दिया गया। किंतु अंदरखाने में सवाल उठना शुरू हुआ है कि आखिर में क्या रायचूरा सचमुच में बताएंगे कि आखिर में कितने का लेन-देन हुआ है या फिर नहीं हुआ। बताते हैं कि रायचूरा को क्लीनचिट देने की स्क्रिप्ट पहले ही लिख दी गई है। जल्दी ही उस पर अमलीजामा पहना दिया जाएगा। वैसे भी अफसर मानते हैं कि निलंबन कोई कार्रवाई नहीं होती, चूंकि बाद में एकमुश्त वेतन मिल जाता है। वास्तव में यह बचत करने का सबसे बेहतर तरीका माना जाने लगा है। अफसरों के लिए वेतन भले ही कोई मायने नहीं रखता हो, पर यह तो सही है यह एकमुश्त राशि नंबर एक की मानी जाती है। खैर, रायचूरा को लेकर आबकारी अफसरों में उहापोह की स्थिति है। चूंकि यदि सच्चाई सामने आती है तो कटघरे में होंगे, नहीं आती तो सवाल ही उठेगा और क्या। कुल मिलाकर इसे बहुत ही साधारण तरह का मामला माना जा रहा है।

अफसरी भी हो तो ऐसी हो, हर एक के लिए अलग से हो लिफ्ट...

शहरों को मेंटेन करने का दावा करने वाले मुख्यालय में साहब के लिए अलग-अलग से लिफ्ट पूरे महकमे में चर्चा का विषय बनी हुई है। बताते हैं कि सामने की लिफ्ट सार्वजनिक जैसी हो गई है। जब आईएएस अफसर उस पर सवार होते हैं तो कई बार बाहरी लोग भी आ जाते हैं। विभागीय अफसर तो मैनेज हो जाते हैं, पर बाहरी लोगों को कैसे मैनेज किया जाए। इससे बड़े साहब थोड़ा अनइजी हो जाते हैं। इसलिए लाखों रुपए की लागत से एक अत्याधुनिक लिफ्ट लगाई जा रही है, यह लिफ्ट भी सीधे साहब के चैंबर में ही रुकेगी। इस पर कोई दूसरा आ ही नहीं पाएगा। खुद उसी संचालनालय के लोग बताते हैं कि यह सीधे तौर पर फिजूलखर्ची है, किंतु अफसर आखिर में अफसर होते हैं। बताते हैं कि इस विभाग में कई अच्छे व तेज तर्रार अफसर भी आए, पर उन्होंने कभी यह नहीं सोचा। अब सलाहकारों के कहने पर साहब ने नई लिफ्ट लगवाना शुरू कर दिए हैं।

विभाग को मिल गई मैडम तो कम हो गया एक डिप्टी सीएम का तनाव....

मप्र की सबसे चर्चित पब्लिक डीलिंग वाले विभाग में इन दोनों एक मैडम के आने की वजह से सभी फीलगुड में है। ऐसा इसलिए है कि मैडम जी सरल, सहज हैं, और कोई नुक्ताचीनी करने वाली भी नहीं हैं। इस विभाग में बहुत दिनों के बाद महिला अफसर की आमद हुई है। चर्चा है कि मैडम के आने के बाद से डिप्टी साहब ने राहत की सांस ली है। मैडम ने भी कार्यभार संभाल लिया है। बहुत सारे मेडिकल कॉलेज की प्रभारी भी बहुत खुश हैं। मेडिकल प्रोफेसर दुआ कर रहे हैं कि मैडम की नियुक्ति एक दो साल तक जारी रहे, जिससे विभाग में बहुत सारे विवाद शांत हो जाएं। खासतौर पर डिप्टी साहब से लेकर विधायक तक की सुनवाई इन दोनों मैडम खुद कर रही हैं। इसलिए मंत्रालय में मैडम की बहुत चर्चा है। माना जा रहा है कि मैडम को और भी कुछ बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। लेकिन सेहत वाले विभाग में मैडम के आने से बहुत सारे गैर, अपरिचित मरीजों ने राहत की सांस ली है।

ट्रांसफर के साथ मिल गई सजा भी...ओ सिट यहां तो काऊसिट है..

पत्थर की खदान वाले क्षेत्र से आने वाले एक आईएएस अधिकारी ने बहुत दिनों तक मंत्रालय की सेवा की। उसके बाद जगह मिली तो शहरी होने की वजह से उनके लिए वनवास से कम नजर नहीं आ रहा है। हालांकि गनीमत यह है कि कलेक्टर बनने के बाद दूसरी बार भी कलेक्टर बनने का मौका मिल गया। आरआर होने की वजह से यह सब स्वाभाविक है। बताते हैं कि कुछ आईएएस अधिकारी पिछले दिनों हुए ट्रांसफर के बाद विचलित नजर आ रहे हैं। यही कारण है कि मंत्रालय से दूरी बनाने की कोशिश लगातार जारी है। यह चिंता सीनियर आईएएस अधिकारियों के लिए ज्यादा है, क्योंकि अगर काम नहीं करेंगे तो विभाग से रास्ता आगे बढ़ा दिया जाएगा। यानी की ट्रांसफर कर दिया जाएगा। इस तरह की चर्चा इन दिनों गृह विभाग में ज्यादा है, क्योंकि यहां से मध्यप्रदेश के पुलिस के मुखिया का चयन होता है। इसलिए वहां मशक्कत के लिए कई दावेदार इन दोनों सीनियर के आगे चक्कर काट रहे हैं।

हरि अग्रहरि

सीएम के आश्वासन के बाद बीएमएस का 26 अक्टूबर का प्रदेशव्यापी आंदोलन स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) द्वारा श्रमिकों एवं कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर आगामी 26 अक्टूबर को प्रस्तावित प्रदेशव्यापी आंदोलन के दृष्टिगत 15 अक्टूबर को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। प्रदेश महामंत्री बीएमएस कुलदीप सिंह गुर्जर और मीडिया प्रभारी रमेश नागर ने बताया कि बैठक में सरकार और भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधिमंडल के बीच श्रमिकों एवं कर्मचारियों की 79 सूत्रीय मांगों के समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई। बीएमएस के प्रतिनिधिमंडल के साथ असंगठित, संगठित, निजी, सरकारी एवं गैर-सरकारी क्षेत्रों से जुड़े 40 महासंघों के महामंत्रियों ने सहभागिता की एवं अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को मजबूती से रखा। सरकार द्वारा समस्याओं के समयबद्ध समाधान हेतु पृथक-पृथक विभाग स्तर पर बैठकें आयोजित करने की समय-सीमा तय की गई है। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देशों के बाद आगामी समयबद्ध बैठकों के दृष्टिगत 26 अक्टूबर के आंदोलन को स्थगित किया गया है।



कमलाशंकर बने भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक

भोपाल। बैम्बू मैन के नाम से प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय में सलाहकार के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कर चुके श्री कमलाशंकर विश्वकर्मा को भारतीय जनता पार्टी के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ में प्रदेश सह-संयोजक नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। शुभचिंतकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं परिचितों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं। विश्वकर्मा सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता संवर्धन तथा प्राकृतिक एवं पुनर्योजी खेती के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।



राज्य सरकार से पूरे मामले की गंभीरता से जांच कराने की मांग

स्कूलों में विद्यार्थियों के नामांकन में आई भारी गिरावट चिंता का विषय: पटवारी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश के सरकारी एवं निजी स्कूलों में विद्यार्थियों के नामांकन में आई भारी गिरावट पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने मांग की कि राज्य सरकार इस मामले की उच्चस्तरीय जांच कराए, जिलेवार और स्कूलवार आंकड़ों का सत्यापन करे तथा नामांकन में गिरावट के वास्तविक कारणों को सार्वजनिक करे। साथ ही, स्कूल छोड़ने वाले बच्चों की पहचान कर उनकी शिक्षा दोबारा शुरू कराने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

8.66 लाख विद्यार्थियों का नामांकन घटा

प्रदेश में पहली से बारहवीं कक्षा तक विद्यार्थियों के नामांकन में पिछले वर्ष की तुलना में करीब 8.66 लाख की कमी आना अत्यंत चिंताजनक है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रदेश के स्कूलों में कुल 1,42,31,833 विद्यार्थियों का नामांकन दर्ज था, जबकि शैक्षणिक सत्र 2026-27 में 13 अक्टूबर तक यह संख्या घटकर 1,33,65,225 रह गई। इस प्रकार पिछले वर्ष की तुलना में 8,66,608 विद्यार्थियों का अंतर सामने आया है, जो लगभग 6.1 प्रतिशत की गिरावट है। उन्होंने कहा कि राजधानी भोपाल के स्कूलों में ही 20 हजार से अधिक विद्यार्थियों का नामांकन कम होना स्थिति की गंभीरता को दर्शाता है। मऊगंज, अलीराजपुर, अशोकनगर, शिवपुरी और गुना जैसे जिलों में भी नामांकन की स्थिति विशेष रूप से चिंताजनक बताई जा रही है।



सड़क दुर्घटना में मृतकों के घर पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, परिजनों को बंधाया ढांढस

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने राजस्थान में हुए सड़क दुर्घटना में बैतूल जिले की मुलताई विधानसभा क्षेत्र के श्रद्धालुओं के असामयिक निधन पर सोमवार को उनके निवास पर पहुंचकर शोक व्यक्त किया एवं शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने घायल श्रद्धालुओं के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की है।

पारंपरिक वेशभूषा में आईं बच्चियों का सम्मान

हेलमेट पर 60% सब्सिडी, भोजन की थाली में जूठन छोड़ने पर 200 जुर्माना

गुजराती समाज के गरबा उत्सव में गूंजा नशामुक्ति का संदेश, महाआरती में शामिल हुए राज्यपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



गुजराती समाज के गरबा उत्सव में शामिल हुए राज्यपाल पटेल।

गुजराती समाज भवन में आयोजित नवरात्रि आराधना उत्सव में राज्यपाल मंगुभाई पटेल और महापौर मालती राय शामिल हुए। राज्यपाल ने मां अम्बे की महाआरती कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने समाज के नशामुक्ति अभियान और सामाजिक कार्यों की सराहना की। राज्यपाल ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण के लिए भी प्रेरित किया। उत्सव में पारंपरिक वेशभूषा में शामिल 15 बच्चियों को सम्मानित किया गया। इस वर्ष उत्सव की थीम नशामुक्त समाज रखी गई है। फिल्मी गीतों और बेस म्यूजिक के बजाय पारंपरिक लोकगीतों पर गरबा किया जा रहा है। अध्यक्ष संजय पटेल ने कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए समाज के सदस्यों को 60 प्रतिशत सब्सिडी पर हेलमेट उपलब्ध करा रहा है।

1959 में चीनी सेना से मुठभेड़ में शहीद हुए थे सीआरपीएफ के 10 जवान, इस वर्ष मप्र पुलिस के नौ जवानों ने दी देश के लिए शहादत

खाकी के नौ सितारों को सलाम, कल शहीद स्मारक पर दी जाएगी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पुलिस स्मृति दिवस परेड की फुलड्रेस एवं फाइनल रिहर्सल सोमवार की लाल परेड मैदान स्थित शहीद स्मारक प्रांगण में की गई। हर साल की तरह पुलिस स्मृति दिवस 21 अक्टूबर को सुबह साढ़े 8 बजे लाल परेड मैदान स्थित शहीद स्मारक प्रांगण में आयोजित होगा।

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने फुलड्रेस रिहर्सल परेड का निरीक्षण किया। सोमवार को पुलिस स्मृति दिवस के लिए हुई फुलड्रेस रिहर्सल में मुख्य अतिथि की भूमिका प्रधान आरक्षक राजमणी सिंह ने निभाई। फायनल अभ्यास परेड का नेतृत्व भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उज्जैन मनश्वी शर्मा ने किया। परेड के टू-आई-सी राज्य पुलिस सेवा के उप पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र प्रसाद नगपुरे हैं। परेड में जिला बल एवं विशेष सशस्त्र बल की महिला प्लाटून, विशेष सशस्त्र बल की पुरूष प्लाटून, जिला पुलिस बल की पुरूष प्लाटून, होमगार्ड प्लाटून, पाल-बेयरर पार्टी, कलर पार्टी, पुलिस बैंड प्लाटून, अश्वरोही दल और श्वान दल की टुकड़ियां शामिल हैं। फुलड्रेस रिहर्सल के समय अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एसएएफ डी श्रीनिवास वर्मा, कमांडेंट सातवीं वाहिनी हितेश चौधरी एवं अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद थे। इस दौरान पुलिस बैंड द्वारा निकाली जा रही देशभक्ति के गीतों की मधुर धुन के बीच शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

लाल परेड मैदान में सुबह 8:30 बजे होगा पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन, डीजीपी कैलाश मकवाणा ने फुलड्रेस रिहर्सल का किया निरीक्षण, महिला प्लाटून से लेकर श्वान दल तक शामिल, देशभक्ति धुनों के बीच दी श्रद्धांजलि





लाल परेड मैदान में सोमवार को पुलिस स्मृति दिवस परेड की फुलड्रेस रिहर्सल की गई। 21 अक्टूबर को आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम के लिए डीजीपी कैलाश मकवाणा ने परेड का निरीक्षण किया।

9 जवानों की शहादत की याद में मनाया जाता है यह दिवस

लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स में 16 हजार फीट की ऊँचाई पर 21 अक्टूबर 1959 को सीआरपीएफ के जवानों की टुकड़ी, सब इन्सपेक्टर करम सिंह के नेतृत्व में गश्त कर रही थी तभी चीनी सेना के साथ मुठभेड़ में 10 जवान शहीद हो गए थे। उन्हीं की स्मृति में यह दिवस देश की समस्त पुलिस इकाईयों द्वारा मनाया जाता है। इस वर्ष मध्यप्रदेश पुलिस के 09 जवानों ने देश के लिए अपनी शहादत दी है। शहीद कर्मियों में आशीष शर्मा निरीक्षक (विसबल), अशोक शर्मा उप निरीक्षक, मदनलाल निनामा सहायक उप निरीक्षक, परिमाल सिंह तोमर प्रधान आरक्षक 291, ओम प्रकाश भवेदी कार्यवाहक प्रधान आरक्षक-40, सर्जन सिंह भील कार्यवाहक प्रधान आरक्षक-580, आरती पाल महिला आरक्षक-1480, महेश प्रसाद पाठक आरक्षक-98 एवं विकास चतुर्वेदी आरक्षक-987 शामिल हैं।

गुनगा के जूनापानी गांव की घटना, पुलिस को करीबी व्यक्ति पर शक, जांच में जुटी

घर में घुसकर 75 साल की बुजुर्ग महिला से नगदी और जेवर लूटकर भागे बदमाश

बदमाशों ने जान से मारने की धमकी देकर 30 से 40 हजार रुपए की नगदी, जेवर लेकर हुए फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गुनगा थाना क्षेत्र स्थित गांव जूनापानी में नकाबपोश बदमाशों ने 75 साल की बुजुर्ग महिला को बंधक बनाकर नगदी और जेवर लूट लिए। घटना के समय बुजुर्ग का परिवार झांकी में गए थे। पुलिस ने बुजुर्ग महिला की शिकायत पर अज्ञात नकाबपोश बदमाशों पर घर में घुसकर लूटपाट करने का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार कला बाई कुशवाहा (75) गांव जूनापानी में रहती हैं। वह अपने रिश्तेदारों के बच्चों के साथ रहती हैं। एक बच्चा पंद्रह साल का है, जबकि दूसरा बीस साल का है।

शनिवार रात दोनों बच्चे झांकी में आरती करने गए थे। घर पर कलाबाई अकेली थी। इस दौरान रात करीब 8 बजे दो नकाबपोश युवक उनके घर घुस आए। बदमाश कलाबाई को पड़कर अंदर कमरे में ले गए। बदमाशों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी और घर से 30 से 40 हजार रुपए की नगदी सहित जेवर निकलवा लिए। बदमाशों ने कलाबाई के शरीर पर पहने जेवर भी उतरवा लिए थे। बदमाश नगदी जेवर सहित करीब ढाई लाख रुपए की लूट करके गए हैं। पुलिस ने बताया कि कलाबाई का टपरा कस्बे में कुएं के पास अकेला ही है। आस-पास कोई टपरा अथवा मकान नहीं है। लिहाजा मदद के लिए वह किसी को बुला भी नहीं सकी। पुलिस को मामला संदिग्ध लग रहा है। हालांकि पुलिस ने लूटपाट की बात से इंकार नहीं किया है। पुलिस को अनुमान है कि वादात किसी करीबी ने किया है।



फोटो : एआई।

डंपर ने राहगीर को कुचला, मौत

भोपाल। बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित टिकनखेड़ी गांव से कुछ दूरी पर भोजापुरा जोड़ पर डंपर ने 25 साल के युवक को कुचल दिया। डंपर के अगले पहिये में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। हादसे के बाद डंपर का चालक डंपर छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया। पुलिस डंपर जब्त कर आरोपी चालक की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार रोहित कुशवाह पिता चंदन सिंह कुशवाह (25) गांव टिकनखेड़ी, वार्ड नंबर-14 तहसील बैरसिया में रहता था। वह प्राइवेट काम करता था। रविवार सुबह करीब साढ़े 9 बजे रोहित घर से काम करने के लिए पैदल ही निकला था। भोजापुरा जोड़ पर उसे पीछे से आ रहे डंपर ने टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद रोहित सड़क पर गिर गया था। डंपर चालक जब तक डंपर पर नियंत्रण करता डंपर का अगला पहिया रोहित कुशवाह के शरीर से होता हुआ गुजर गया। इस हादसे में रोहित की मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस ने डंपर जब्त कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

दुकान पर बैठे 67 साल के बुजुर्ग व्यापारी से चेन झपटकर भागे बाइक सवार

भोपाल। बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित 9 ए साकेत नगर में 67 साल के बुजुर्ग किराना व्यापारी से बाइक सवार बदमाशों ने चेन झपट ली। बदमाश पानी की बोतल और शैंपू खरीदने के बहाने उनकी दुकान पर पहुंचे थे, तभी वारदात को अंजाम दिया। झपटी गई चेन की कीमत साढ़े 65 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने बुजुर्ग किराना व्यापारी की शिकायत पर अज्ञात बाइक सवार बदमाशों पर झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार शिवप्रसाद पिता शंकर आचार्य (67) मकान नंबर 82/9ए साकेत नगर में रहते हैं।

किराए की चलाते थे दुकान

वह हिंदुस्तान पावर लिमिटेड कंपनी से रिटायर्ड हैं। वह घर के पास ही मकान नंबर 77/ 9ए साकेत नगर में किराये से किराना की दुकान चलाते हैं। रविवार सुबह वह दुकान पर बैठे हुए थे। इसी दौरान सुबह करीब साढ़े 10 बजे दो युवक पल्सर बाइक आए। दोनों युवक मुंह पर मास्क लगाये हुए थे। एक युवक पल्सर बाइक पर बैठा था, जबकि दूसरा दुकान पर पहुंचा। उसने कहा कि एक पानी की बोतल दे दो। शिव प्रसाद ने पानी की बोतल दे दी। बदले में उसने 100 रुपए का नोट दिया और कहा कि मुझे शैंपू भी चाहिए।

पानी की बोतल का बहाना बनाकर आए थे बदमाश

शिवप्रसाद शैंपू लेने के लिए मुड़े ही थे कि बदमाश ने पीछे से उनके गले पर झपट्टा मारते हुए चेन खींच ली। वह कुछ समझ पाते इससे पहले ही बदमाश तेजी से भागता हुआ अपने साथी के पास पहुंचा और उसकी बाइक पर बैठकर फरार हो गया। झपटमारी की यह घटना पड़ोसी के घर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। पुलिस के अनुसार शिवप्रसाद पिता शंकर आचार्य (67) मकान नंबर 82/9ए साकेत नगर में रहते हैं। वह हिंदुस्तान पावर लिमिटेड कंपनी से रिटायर्ड हैं। वह घर के पास ही मकान नंबर 77/ 9ए साकेत नगर में किराये से किराना की दुकान चलाते हैं। रविवार सुबह वह दुकान पर बैठे हुए थे।

नौकर ने दुकान को अपना बताकर लाखों का लिया लोन

भोपाल। जहांगीराबाद थाना क्षेत्र में सरिया-सीमेंट की दुकान पर काम करने वाले दो कर्मचारियों पर मालिक के नाम का दुरुपयोग कर बैंक से लाखों रुपए का लोन ले लिया। आरोप है कि दोनों ने दुकान पर अपने नाम का बोर्ड लगाकर बैंक को मालिकाना हक के संबंध में गुमराह किया। लोन की किश्तें जमा नहीं होने पर बैंक की रिकवरी टीम दुकान पहुंची, तब पूरे मामले का खुलासा हुआ। शिकायतकर्ता ने जहांगीराबाद थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस के अनुसार फरियादी फरहान मोहम्मद खान की वरदान अस्पताल बस स्टॉप के पास पठान स्टील नाम से दुकान है। यहां शाजेब मोहम्मद खान उर्फ जेब और रिजवान खान वर्ष 2014 से काम कर रहे थे। दोनों परिचित और रिश्तेदार होने के कारण फरहान उन पर भरोसा करते थे। इसी दौरान वह निजी काम से भोपाल से बाहर चले गए। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि दोनों कर्मचारियों ने दुकान को अपना बताकर बैंक से लोन लेने के लिए अपने नाम का बोर्ड तैयार कराया था। बैंक कर्मचारी सत्यापन के लिए आते तो दुकान पर यह बोर्ड लगा दिया जाता था। उनके जाने के बाद बोर्ड हटाकर छिपा दिया जाता था।

मोबाइल पर बनाया वीडियो, चूहामार जहर खाकर फुटवियर व्यापारी ने दी जान

भोपाल। पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित भेल गेट नंबर 5 के पास शिव मंदिर प्रांगण में फुटवियर व्यापारी की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। व्यापारी के पास से चूहा मार जहर की खाली पुड़िया मिली है। साथ ही मोबाइल में एक वीडियो भी मिला है। वीडियो में उन्होंने कर्ज से परेशान होकर आत्महत्या की बात कही है। पुलिस ने मोबाइल जब्त कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार प्रदीप परिहार (44) कल्पना नगर पिपलानी में रहते थे। उनकी आनंद नगर में फुटवियर की दुकान है। शनिवार रात से ही वह घर नहीं पहुंचे थे। रविवार सुबह भेल गेट नंबर 5 के पास शिव मंदिर प्रांगण भेल के गार्ड ने उनकी लाश पड़ी देख पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रदीप परिहार के पास मिले दस्तावेज और मोबाइल से उनकी पहचान करते हुए परिजन से संपर्क किया गया। पुलिस और एफएसएल की टीम को घटनास्थल के निरीक्षण में मंदिर प्रांगण से चूहामार जहर की खाली पड़िया मिली है।

महानवमी पर कोलार में विधायक रामेश्वर ने पांच लाख आबादी की राह की आसान

कोलार में कान्हाकुंज फोर लेन मार्ग का लोकार्पण, सिक्सलेन से रिंग रोड तक हुआ सीधा कनेक्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुखर्जी नगर कोलार उपनगर में सोमवार महानवमी के शुभ अवसर पर स्ट्रीट लाइट के साथ कान्हाकुंज मार्ग पर फोरलेन सीसी सड़क का शुभारंभ विधायक रामेश्वर शर्मा ने किया। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिक्सलेन से कान्हाकुंज तक बनी यह सड़क क्षेत्र की करीब पांच लाख आबादी के लिए आवागमन का नया विकल्प बनेगी। खास बात यह है कि इस मार्ग के जरिए सिक्सलेन को नेताजी सुभाषचंद्र बोस रिंग रोड से जोड़ने की योजना है।

इससे कोलार के लोगों को शहर के दूसरे हिस्सों और बाहरी मार्गों तक पहुंचने में आसानी होगी।

रिंग रोड से जुड़ाव बदलेगा कनेक्टिविटी का गणित

इस सड़क की अहमियत केवल कान्हाकुंज और आसपास की कॉलोनियों तक सीमित नहीं है। सिक्सलेन और रिंग रोड के बीच कनेक्टिविटी बेहतर होने से कोलार के लोगों को वैकल्पिक रास्ता मिलेगा। खासकर नीलबड़, रातीबड़, सीहोर, देवास, उज्जैन और इंदौर की ओर जाने वाले वाहन चालकों को राहत मिलने की उम्मीद है। अभी कई यात्रियों को मुख्य मार्गों तक पहुंचने के लिए अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। नए कनेक्शन से यह चक्कर कम हो सकता है और समय की बचत होगी।

मुखर्जी नगर मप्र का सबसे विकसित उपनगर

विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा की मुखर्जी सिक्स लेन के साथ साथ अनेक फोर लेन मार्गों ने कोलार में विकास और उन्नति के नए द्वार खोले है। कभी अविकसित नगर की पहचान वाला हमारा मुखर्जी नगर कोलार आज भोपाल ही नहीं अपितु मध्यप्रदेश के सबसे विकसित उपनगर की पहचान स्थापित कर चुका है और आगे भी मुखर्जी नगर कोलार सहित हुजूर विधानसभा का विकास निरंतर जारी रहेगा।

रश्मि सेंगर ने किया हलवा और चने का प्रसाद वितरित

नवरात्रि में जिस श्रद्धा से कन्याओं की पूजा की, वही भावना पूरे साल दिखनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

शारदीय नवरात्रि की नवमीं पर निशिता फिलिंग सेंटर में हलवा-चना प्रसाद का वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर माता रानी का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर सेंटर संचालक रश्मि सेंगर ने महिलाओं और बेटियों के सम्मान एवं सुरक्षा का संदेश देते हुए कहा कि नवरात्रि में जिस श्रद्धा से कन्याओं और मातृशक्ति की पूजा की जाती है, वही भावना पूरे वर्ष व्यवहार में भी दिखनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा, गरिमा और सम्मान सुनिश्चित करना समाज के हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। उन्होंने माता रानी से सभी को सद्बुद्धि देने और महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने की प्रार्थना की। साथ ही ऐसे समाज के निर्माण की अपील की, जहां हर महिला और बच्ची सुरक्षित महसूस करे। आयोजन में नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, उमा सेंगर, डॉ. निशिता सेंगर, नीलाश सेंगर, हितार्थ सेंगर, प्रदीप सेंगर, माखन परमार, रवि राय, प्रेस क्लब अध्यक्ष भारत निहाल, सर्वेश मित्तल और कार्तिक जैन सहित अन्य नागरिक उपस्थित रहे।



प्रसाद वितरण करते हुए नगर परिषद अध्यक्ष एवं बीएमओ।

बमनई के शिवकाशी मंदिर में हुआ आयोजन

नवरात्रि पर पेंशनर एसोसिएशन ने बांटा फलाहारी प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

पेंशनर्स एसोसिएशन ब्लॉक शाखा औबेदुल्लागंज की ओर से नवरात्रि के अवसर पर ग्राम बमनई स्थित शिवकाशी मंदिर में श्रद्धालुओं को फलाहारी प्रसाद वितरित किया गया। अध्यक्ष नवलकिशोर मालवीय के नेतृत्व में सदस्यों ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर आरती की। आयोजन में कोषाध्यक्ष सीताराम मालवीय, सचिव पीएन सोनी, लक्ष्मीनारायण यादव, हरिओम केवट, चंदर सिंह बरकरे, शिवकुमार माहेश्वरी और ललित मालवीय सहित अन्य सदस्य शामिल हुए।



एलक दया सागर महाराज के सान्निध्य में नौ दिवसीय आयोजन

भगवान शीतलनाथ का मोक्ष कल्याणक मनाया, निर्वाण लड्डू किए समर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

तामोट और ओबेदुल्लागंज में भगवान शीतलनाथ का मोक्ष कल्याणक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूज्य एलक दया सागर महाराज के सान्निध्य में आयोजित नौ दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने भगवान की पूजा-अर्चना कर निर्वाण लड्डू समर्पित किए। विधानाचार्य पंडित प्रकाश जैन, भोपाल ने संगीत के साथ पूजन कराया। शांति धारा का सौभाग्य शुभम जैन वर्धमान परिवार और सुखनंदन-राजीव जैन परिवार को मिला। सौधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य समता-सुनील जैन और संगीता-संजय जैन वर्धमान परिवार, ओबेदुल्लागंज को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर अरविंद जैन, अरुण जैन, अजीत जैन, मनोज जैन, सुमन जैन, प्रतिभा जैन, पिंकी जैन, रीना जैन सहित समाज के श्रद्धालुओं ने भगवान को निर्वाण लड्डू अर्पित किए।

मंदिर में संगीत के साथ हुई पूजा-अर्चना



मजदूरी करने आए युवक ने फांसी लगाई

भोपाल। अयोध्या नगर थाना क्षेत्र स्थित सागर कॉलेज के पास कृष्णा धाम कॉलोनी के निर्माणाधीन मकान में मजदूर ने फांसी लगा ली। रविवार सुबह उसका शव साथी मजदूरों ने फांसी के फंदे पर लटका देख पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया। घटनास्थल का निरीक्षण करने पर सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार सुभाष अहिरवार पिता मनोज अहिरवार (20) राहतगढ़, सागर का था। वह कृष्णा धाम कॉलोनी के निर्माणाधीन मकान में मजदूरी करता था। करीब पंद्रह दिन पहले ही वह मजदूरी करने आया था।

जय प्रकाश शर्मा मित्र मंडल का आयोजन

मातृशक्ति के सम्मान और संस्कारों का दिया संदेश

नवरात्रि : कन्याओं के चरण पखारकर किया पूजन, भोज कराकर भेंट किए गए उपहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज



कन्या के चरण धोते जयप्रकाश शर्मा।

नवरात्रि के पावन अवसर पर जय प्रकाश शर्मा मित्र मंडल, भोजपुर विधानसभा की ओर से हिरानिया स्थित प्रेम-गंगा भवन में कन्या पूजन एवं कन्या भोज का भव्य आयोजन किया गया। जय प्रकाश शर्मा ने कन्याओं के चरण पखारकर पूजन किया और पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। कन्याओं को श्रद्धापूर्वक भोजन कराया गया तथा उपहार भेंट किए गए। जय प्रकाश शर्मा ने कहा कि नवरात्रि आस्था, श्रद्धा और भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। कन्या पूजन के माध्यम से मातृशक्ति के सम्मान और सनातन परंपराओं के प्रति श्रद्धा व्यक्त की जाती है।



आपसी सद्भाव को करते हैं मजबूत

आयोजन समाज में सेवा, संस्कार और आपसी सद्भाव को मजबूत करते हैं। उन्होंने माता रानी से सभी के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। आयोजन में मनीष गोशिंदे, विनोद नागर, डैनी साहू, राम अग्रवाल, संजय नागर, त्रिलोचन सिंह, बिट्टू पर्वत सिंह नगर, संजय सिंह चौहान, रामेश्वर नागर, एडवोकेट वचन लोधी सहित मित्र मंडल के सदस्य उपस्थित रहे।

केंद्रीय मंत्री चौहान, विधायक पटवा को दिया आमंत्रण

दशहरे पर गूंजेगा जय श्रीराम, रावण-मेघनाद और कुंभकरण के पुतलों का होगा दहन

विशाल चल समारोह में जय महावीर चोला धारक और अखाड़ों के करतब रहेंगे आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

नगर में मंगलवार को श्री हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में दशहरा पर्व धार्मिक उत्साह और धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर विशाल चल समारोह निकलेगा और दशहरा मैदान में रावण, मेघनाथ तथा कुंभकरण के विशाल पुतलों का दहन किया जाएगा।

आयोजन को लेकर नगर में उत्साह का माहौल है। समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अशोक जायसवाल, प्रदीप अरोड़ा, सुजीत यादव, सचिव अमित राय, बल्लू अरोड़ा, सुधीर कमल और राजेंद्र गुड्डू साहू ने बताया कि चल समारोह नगर के मुख्य चौराहे से शुरू होकर दशहरा मैदान पहुंचेगा। इसमें धार्मिक झांकियों के साथ अखाड़ों के कलाकार पारंपरिक करतब दिखाएंगे। इस बार जय महावीर चोला धारक विशेष आकर्षण रहेंगे। हनुमान भक्ति, अनुशासन और ब्रह्मचर्य की साधना से जुड़े चोला धारकों को देखने बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। पंचू पांडे ने बताया कि चल समारोह में रावण का अद्भुत कौशल भी देखने को मिलेगा। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और विधायक सुरेंद्र पटवा को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है।

नवरात्र के शुभ मुहूर्त में करीब तीन हजार प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त, दिवाली पर भी रहेगी ऐसी ही रौनक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में नवरात्र के शुभ मुहूर्त में लोगों ने जमकर प्रापर्टी की खरीद-फरोख्त की है, अब लोग दीवाली तक चलने वाले मुहूर्त में भी रिकार्ड प्रापर्टी खरीदेंगे। इसके लिए पंजीयन विभाग ने तैयारियां कर ली हैं, तो वहीं बिल्डर भी प्रापर्टी की खरीद पर ऑफर दे रहे हैं। उन्होंने करीब तीन हजार से अधिक मकान रेडी टू पजेशन तैयार कर लिए हैं। बता दें कि नवरात्र के दौरान करीब दो हजार 743 रजिस्ट्रियां हुईं, जिससे पंजीयन विभाग को करीब 45 करोड़ रुपए की आमदनी हुई। आइएसबीटी, परी बाजार और बैरसिया स्थित पंजीयन कार्यालय नवरात्र में पांच दिन खोले गए थे। प्रॉपर्टी के खरीदार शुभ मुहूर्त में मकान, जमीन, प्लॉट और फ्लैट की रजिस्ट्रियां करवा रहे हैं। प्रापर्टी के बाजार में नवरात्र से आए उठाव को देखते हुए बिल्डरों को दीपावली तक अच्छे कारोबार की उम्मीद है।

बिल्डर्स ने खरीदारों के लिए तैयार किए पांच हजार रेडी टू पजेशन मकान

पंजीयन विभाग ने स्लॉट का टाइम बढ़ाया, सब रजिस्ट्रार कर सकेंगे अनलिमिटेड रजिस्ट्री



परी बाजार स्थित पंजीयन कार्यालय में लगी लोगों की भीड़।

नवरात्र में हुई रजिस्ट्री

सोमवार 450
मंगलवार 470
बुधवार 488
गुरुवार 580
शुक्रवार 755
कुल 2743

सब रजिस्ट्रार को दिए अनलिमिटेड स्लॉट

शुभ मुहूर्त में प्रॉपर्टी के खरीदार जमकर रजिस्ट्रियां करा रहे हैं। जिसको देखते हुए विभाग ने अनलिमिटेड स्लॉट कर दिए हैं। ऐसे में पंजीयन विभाग में पदस्थ प्रत्येक सब रजिस्ट्रार 500 तक स्लाट पर रजिस्ट्री कर सकते हैं। वर्तमान में आठ सब रजिस्ट्रार हैं और संपदा टू साफ्टवेयर पर तेजी से दस्तावेज रजिस्टर्ड किए जा रहे हैं।

नवरात्र से दीवाली तक सौ करोड़ का राजस्व

पिछले साल नवरात्र में जहां तीन हजार से अधिक रजिस्ट्रियां हुईं थीं, वहीं दिवाली तक 6 हजार रजिस्ट्रियां हुईं थी, जिससे विभाग को करीब 100 करोड़ का राजस्व मिला था। जबकि धनतेरस पर 500 से अधिक रजिस्ट्रियां हुईं थी और पांच करोड़ रु. का राजस्व मिला था। इस बार भी दिवाली तक इससे अधिक कारोबार की उम्मीद विभाग को है।

संपदा-2 में अधिक रजिस्ट्री

जिले में नवरात्र से प्रापर्टी के कारोबार में उठाव देखने को मिल रहा है, जिससे रजिस्ट्री बढ़ने के साथ ही राजस्व भी मिल रहा है। संपदा साफ्टवेयर टू का लाभ लोगों को मिल रहा है, जिससे कम समय में अधिक रजिस्ट्रियां मिल रही हैं।

स्वप्नेश शर्मा
वरिष्ठ जिला पंजीयक

रोशनपुरा चौराहे पर नहीं कर सकेंगे धरने-प्रदर्शन प्रतिबंधात्मक क्षेत्र घोषित

भोपाल। रोशनपुरा चौराहा को प्रतिबंधात्मक क्षेत्र घोषित करते हुए हड़ताल, धरना, प्रदर्शन, आंदोलन, पुतला दहन आदि कार्यक्रम पर रोक लगाई गई है। पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने आदेश जारी किया है। आदेश अगामी दो महीने तक प्रभावित रहेगा।

आदेश में लिखा गया है कि देखने में आ रहा है कि राजधानी के रोशनपुरा चौराहा पर आए दिन किसी भी समुदाय, संगठन, राजनैतिक दलों, समिति, प्रतिनिधि मण्डल एवं आयोजकों द्वारा अपनी मांगों को लेकर हड़ताल, धरना, प्रदर्शन, आंदोलन, पुतला दहन आदि कार्यक्रम के आयोजन किए जाते हैं। उक्त कार्यक्रम के आयोजन की अनुमति मांगी जाती है। मुख्य मार्ग के रोशनपुरा चौराहा राजधानी के महत्वपूर्ण स्थलों जैसे- राजभवन, एयरपोर्ट, हमीदिया अस्पताल एवं गांधी मेडिकल कॉलेज आदि स्थलों पर आने-जाने के लिए महत्वपूर्ण मार्ग है। साथ ही शहर में आपातकालीन, आकस्मिक सेवाओं (इमरजेंसी सर्विस) जैसे- एंबुलेंस फायर ब्रिगेड आदि के आवागमन एवं विशिष्ट अतिविशिष्ट व्यक्तियों के भ्रमण के दौरान आवागमन हेतु भी यह महत्वपूर्ण मार्ग है। रोशनपुरा चौराहा शहर के मुख्य मार्ग पर स्थित होने से उक्त स्थल पर हड़ताल, धरना, प्रदर्शन, आंदोलन, पुतला दहन आदि कार्यक्रम के आयोजन से यातायात बाधित होता है जिससे आमजनता को आवागमन में अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। साथ ही उक्त स्थल पर किसी भी प्रकार के कार्यक्रम के आयोजित किए जाने से आपातकालीन, आकस्मिक सेवाओं के परिवहन में भी परेशानियों से मरीजों के जीवन में संकट उत्पन्न होने की संभावना रहती है। लिहाजा रोशनपुरा चौराहा पर हड़ताल, धरना, प्रदर्शन, आंदोलन, पुतला दहन आदि कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रतिबंधात्मक क्षेत्र घोषित किया जाता है। आदेश लागू होने की दिनांक से आगामी दो महीने तक वैध रहेगा।

■ यातायात होता है प्रभावित

दुकानदारों ने फिर बाहर तक सजा लीं अपनी दुकानें

न्यू मार्केट में मॉक ड्रिल पर लगा ब्रेक गलियों में बनने लगे जाम के हालात

आगजनी के बाद तीन दिन चली कार्रवाई सोमवार को थमी, दशहरा-विसर्जन की सुरक्षा में जुटी फायर टीम



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

न्यू मार्केट में आगजनी के बाद आग बुझाने के लिए रास्ता बनाने और सुरक्षा व्यवस्था सुधारने की मुहिम तीन दिन बाद ही थम गई। सोमवार को नगर निगम की टीम मॉक ड्रिल करने नहीं पहुंची तो बाजार की गलियों में एक बार फिर पहले जैसे हालात नजर आने लगे। दुकानदारों ने अपनी दुकानें सजा लीं और गलियों में भीड़ के साथ जाम की स्थिति बनने लगी। जिस बाजार में आग लगने के बाद रास्तों की बाधाएं हटाने और आपात स्थिति में दमकल की पहुंच आसान बनाने पर जोर दिया जा रहा था, वहां अब कार्रवाई का इंतजार है।



न्यू मार्केट में तय सीमा से बाहर तक दुकानें सज गई हैं।

तीन दिन की कार्रवाई के बाद फिर पुरानी स्थिति

न्यू मार्केट में आगजनी के बाद नगर निगम ने लगातार तीन दिन तक मॉक ड्रिल कर रास्तों को खाली कराने और आग बुझाने के दौरान आने वाली दिक्कतों को दूर करने की कोशिश की थी। इस कार्रवाई का मकसद यह था कि दोबारा आग लगने की स्थिति में दमकल वाहन मौके तक पहुंच सकें और आग पर जल्द काबू पाया जा सके। लेकिन सोमवार को यह मुहिम आगे नहीं बढ़ी। इसके बाद बाजार की गलियों में फिर दुकानें सजने लगीं और आवाजाही के दौरान जाम की स्थिति बनने लगी।

त्योहारों की सुरक्षा में लगी फायर टीम

फायर ब्रिगेड अधिकारी सौरभ पटेल ने बताया कि दशहरा और दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को देखते हुए नगर निगम की टीम सुरक्षा व्यवस्था में लगी हुई है। इसी कारण सोमवार को न्यू मार्केट में मॉक ड्रिल की कार्रवाई नहीं की गई। त्योहारों के दौरान सुरक्षा इंतजाम जरूरी हैं, लेकिन न्यू मार्केट में आगजनी के बाद शुरू हुई मुहिम का रुकना भी सवाल खड़े करता है।

कार्रवाई आगे बढ़ेगी, या फिर इंतजार

बाजार में तीन दिन की कार्रवाई के बाद सोमवार को फिर जाम की स्थिति बनने से व्यवस्था की निरंतरता पर सवाल उठ रहे हैं। फिलहाल फायर टीम त्योहारों की सुरक्षा में व्यस्त है। इसके बाद न्यू मार्केट में दोबारा मॉक ड्रिल और कार्रवाई शुरू होने की संभावना है। अब देखना होगा कि त्योहारों के बाद यह मुहिम नियमित रूप से चलती है या बाजार फिर पुराने हालात में लौट जाता है।

महिला ने किसी से रंजिश की बात से किया इनकार

टहल रही महिला के पैर में लगी गोली, दर्द होने पर घटना का पता चला

भोपाल। टीला जमालपुरा थाना क्षेत्र स्थित कबीटपुरा टॉवर के पास घर के बाहर टहल रही 43 साल की महिला के पैर में गोली लगने का मामला सामने आया है। घर लौटने पर महिला को पैर में दर्द हुआ और खून निकलता दिखा था। अस्पताल पहुंची तो पता चला कि पैर में गोली धंसी हुई है। सोमवार को ऑपरेशन कर गोली निकाल दी गई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

43 साल की सायरा खान मार्केटिंग का काम करती हैं। रविवार शाम 7 बजे वह हैदर अपार्टमेंट के पीछे वाली गली में घर के बाहर टहल रही थीं। बाद घर पहुंचने पर उन्हें पैर में दर्द महसूस हुआ। देखने पर खून निकल रहा था। वह निजी अस्पताल पहुंचीं, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद पैर में गोली लगने की जानकारी दी। अस्पताल प्रबंधन ने रात करीब 12 बजे पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी आशुतोष उपाध्याय ने बताया कि सोमवार को चिरायु अस्पताल में ऑपरेशन कर महिला के पैर से गोली निकाल दी गई। पता लगाया जा रहा है कि पिस्टल से फायर किसने किया और घटना किन परिस्थितियों में हुई।

शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने पर कार्रवाई

हेड कांस्टेबल को थप्पड़ मारने वाली महिला पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

तुलसी नगर, आंबेडकर मैदान में तैनात हेड कांस्टेबल को थप्पड़ मारने वाली महिला पर टीटी नगर पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने और शासकीय सेवक को नुकसान पहुंचाने की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस की दलील है कि आरोपी महिला की पहचान की जा रही है। पुलिस सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को देख रही है। वीडियो के आधार पर पुलिस गिरफ्तारी करेंगी।

उल्लेखनीय है कि जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) के पचास से अधिक कार्यकर्ता पदाधिकारी अंबेडकर मैदान में एकत्रित हुए थे। रविवार दोपहर सभी प्रदर्शन कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि उनके कार्यकर्ता से मिसरोद थाना प्रभारी रतन सिंह परिहार द्वारा अभद्रता और गालीगलौज की गई थी। इस दौरान थाना प्रभारी रतन सिंह ने उनके साथ झूमाझटकी भी



फाइल फोटो

की थी। रतन सिंह परिहार को केवल निलंबित किया गया। दोपहर करीब ढाई बजे कार्यकर्ताओं ने सीएम हाउस जाने की बात कही। इस दौरान पुलिस के आलाधिकारी पदाधिकारियों से बातचीत कर रहे थे। इसी बीच एक महिला भीड़ से आई और हेड कांस्टेबल को थप्पड़ जड़ दिया। महिला से मीडिया ने पक्ष लेना चाहा। इस पर महिला ने थप्पड़ मारने का थोड़ा भी अफसोस नहीं जताया। मामला पुलिस के संज्ञान में आने के बाद देर रात अज्ञात महिला पर प्रकरण दर्ज किया है, जबकि प्रदर्शन करने वाले कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

हाईकोर्ट ने अभ्यावेदन पेश की दी स्वतंत्रता

95 करोड़ की रियाज मंजिल की सुनवाई ज्वाइंट सेक्रेटरी करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



खानूगांव में आठ एकड़ जमीन पर रियाज मंजिल समेत अन्य 25 लोगों को शत्रु संपत्ति के मामले में सुनवाई के लिए भारत सरकार के ज्वाइंट सेक्रेटरी के यहां सुनवाई करने की व्यवस्था दी है। जिसके तहत शत्रु संपत्ति को लेकर अब हाईकोर्ट नहीं बल्कि ज्वाइंट सेक्रेटरी के यहां तय होगा। हालांकि इस दौरान एसडीएम स्तर पर चल रही कार्रवाई स्थगित रहेगी।

भोपाल की शत्रु संपत्तियों रियाज मंजिल और कोहेफिजा स्थित इससे जुड़ी प्रॉपर्टी से बेदखली को लेकर याचिकाकर्ताओं का हाईकोर्ट ने निराकरण कर दिया है। इन संपत्तियों की करीब 8 एकड़ जमीन की कीमत जिला प्रशासन ने करीब 95 करोड़ रुपए आंकी है। अदालत ने याचिकाकर्ताओं को केंद्र सरकार के सामने अपना पक्ष रखने का मौका दिया है। न्यायमूर्ति मनिंदर एस भट्टी की एकलपीठ ने याचिकाकर्ताओं को शत्रु संपत्ति अधिनियम, 1968 की धारा 18 के तहत केंद्र सरकार के ज्वाइंट सेक्रेटरी या सक्षम प्राधिकारी के समक्ष 15 दिन के अंदर अभ्यावेदन पेश करने की स्वतंत्रता दी है।

2 अंकों के अति लघुउत्तरीय प्रश्नों में मिलने वाली सुविधा समाप्त

9वीं कक्षा से 12वीं तक प्रश्नपत्रों में विकल्प को लेकर नए नियम

भोपाल। प्रदेश के 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए काम की खबर है। माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) में इन कक्षाओं की परीक्षा के लिए शैक्षणिक सत्र 2026-27 में बदलाव करते हुए नए नियम लागू किए है। यह बदलाव परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों में आंतरिक विकल्प को लेकर किए गए हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने स्पष्ट किया है कि ये बदलाव शैक्षणिक सत्र 2026-27 की परीक्षाओं से लागू होंगे। जानकारी के अनुसार, अब मुख्य विषयों के प्रश्नपत्रों में 2 अंकों के अति लघुउत्तरीय प्रश्नों में मिलने वाली आंतरिक विकल्प की सुविधा को समाप्त किया गया है। वहीं 3 अंकों के लघुउत्तरीय और 4 अंकों के दीर्घउत्तरीय प्रश्नों में पहले की तरह आंतरिक विकल्प होंगे।

पुराना सचिवालय से रातीबड़ किया जा रहा शिफ्ट

कलेक्टोरेट दफ्तर शिफ्टिंग में फंसा पेंच फंदा कार्यालय शिफ्ट करने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पुराना सचिवालय परिसर में बनाए जाने वाले नए कलेक्टोरेट और संभाग कमिश्नर दफ्तर का अब तक काम ही शुरू नहीं हुआ है। कई सरकारी दफ्तरों की शिफ्टिंग भी अब तक नहीं हो पाई है। इधर, जनपद पंचायत फंदा का कार्यालय हटाने का विरोध शुरू हो गया है। इसे रातीबड़ रोड स्थित बरखेड़ी के ग्रामीण प्रशिक्षण केंद्र में शिफ्ट करने की तैयारी है। जनपद पंचायत का कार्यालय पिछले 40 साल से कलेक्टोरेट परिसर में चलाया जा रहा है। यह जगह विदिशा, बैरसिया, रायसेन, नरसिंहगढ़, सीहोर और कोलार रोड की ओर से आने वाले ग्रामीणों के लिए सुविधाजनक है। जिला पंचायत और जनपद सदस्य, सरपंचों और पंचायत सचिवों का कहना है कि इससे ग्रामीणों को अपने काम के लिए 50 किमी का चक्कर लगाना पड़ेगा। उन्होंने कार्यालय को कलेक्टर परिसर या उसके आसपास ही रखने की मांग की है। जनप्रतिनिधियों ने जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी और कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को विरोध पत्र देकर आपत्ति दर्ज कराई है।

■ गांव के लोगों को लगाना होगा 50 किमी का चक्कर

एक दर्जन विभाग हुए शिफ्ट

कलेक्टोरेट परिसर में बनाए जाने वाले नए प्रशासनिक कॉरिडोर के लिए अब तक आत्मा कार्यालय, कृषि विभाग, पोस्ट ऑफिस, महिला बाल विकास विभाग, पिछड़ा वर्ग, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, राजस्व मंडल कार्यालय को शिफ्ट कर दिया गया है, जबकि रिकार्ड रूम, अधिवक्ता हॉल, पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय और साइबर सेल सहित अन्य कार्यालयों की शिफ्टिंग होना बाकी है।

जिंदगी लाइव

'बॉक्स ऑफ शेयरिंग' पहल का आनंदधाम वृद्धाश्रम से हुआ शुभारंभ



भोपाल। सोशल फाउण्डेशन ने समाज में सेवा और सहयोग की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'आनंदधाम वृद्धाश्रम' से अपनी नई पहल 'बॉक्स ऑफ शेयरिंग' का शुभारंभ किया। संस्था के संस्थापक अरविन्द शर्मा ने इस सार्थक पहल की जानकारी देते हुए बताया कि हमारे समाज में कई ऐसे लोग हैं जिनके पास ऐसी उपयोगी वस्तुएं मौजूद हैं, जो उनके काम की नहीं हैं। लेकिन किसी जरूरतमंद के लिए बेहद कीमती हो सकती हैं। 'बॉक्स ऑफ शेयरिंग' का मुख्य उद्देश्य इन्हीं वस्तुओं को जरूरतमंदों तक पहुंचाना है।

■ जो वस्तुएं आपके उपयोग की नहीं, वो किसी और के लिए हो सकती हैं उपयोगी

75 से अधिक बैग किए वितरित

इस बॉक्स में लोग नई वस्तुओं के साथ-साथ अपनी उपयोग की हुई अच्छी स्थिति की वस्तुएं भी दान कर सकते हैं। संस्था इन वस्तुओं को एकत्रित कर सही और जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने का काम करेगी। सेवा भारती द्वारा संचालित आनंदधाम वृद्धाश्रम में इस अवसर पर वरिष्ठजनों को 75 से अधिक जूट एवं सूती कपड़े के उपयोगी बैग वितरित किए गए।

सात दिन में पानी के रंग में दिखा बदलाव

प्रकृति आधारित तकनीक से जल गुणवत्ता सुधारने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बैरागढ़ स्थित झूलेलाल विसर्जन कुंड में जल पुनर्जीवन के प्रयासों के शुरुआती सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। सत्व कंसल्टेंट्स की ओर से प्रकृति आधारित नैनो-न्यूट्रिशन तकनीक के माध्यम से किए गए उपचार के सात दिनों के भीतर पानी के रंग में उल्लेखनीय बदलाव दिखाई दिया। गणेश विसर्जन के बाद रासायनिक पदार्थों और प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) के कारण लाल दिखाई देने वाला पानी अब हरे, मटमैले हरे और भूरे-हरे रंग में नजर आने लगा है। कुंड में लगभग दस दिनों तक पुनर्जीवन कार्य किया गया।



पहले ऐसा था पानी का रंग। इनसेट :ट्रीटमेंट के बाद ऐसा हुआ पानी का रंग

प्राकृतिक जैविक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने पर जोर

सत्व कंसल्टेंट्स के निदेशक निखिल आचार्य और प्रदीप करमबेलकर ने बताया कि नेचर-बेस्ड नैनो-न्यूट्रिशन तकनीक का उद्देश्य पानी में पहले से मौजूद डायटम्स और अन्य प्रकाश संश्लेषण करने वाले सूक्ष्म जलीय जीवों की प्राकृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना है। डायटम्स सूक्ष्म शैवाल का एक समूह हैं, जो सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में प्रकाश संश्लेषण के जरिए ऑक्सीजन उत्पादन में योगदान देते हैं। इन प्राकृतिक प्रक्रियाओं को बढ़ावा देकर जल निकायों की जैविक गतिविधियों और जल गुणवत्ता में सुधार की दिशा में काम किया जाता है। इस उपचार पद्धति की प्रमुख विशेषता यह है कि इसमें भारी सिविल निर्माण, मशीनरी और निरंतर विद्युत ऊर्जा पर निर्भरता की आवश्यकता नहीं होती।

अन्य शहरों में भी किए जा रहे प्रयास



सत्व लेक क्लीनर, लिक्विड बेस्ड सॉल्यूशन को निगम का अमला ट्रीटमेंट के लिए तैयार करते हुए ।

प्रदीप ने बताया कि अयोध्या, वाराणसी, अहमदाबाद और छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न स्थानों पर जल निकायों के पुनर्जीवन से संबंधित कार्य किए गए हैं। वाराणसी के मंदाकिनी कुंडों में भी इस तकनीक के माध्यम से काम किया जा रहा है। कंपनी का दावा है कि वह देश में 20 से अधिक कुंडों सहित विभिन्न जल निकायों पर कार्य कर चुकी है।



गरबा और डांडिया की थाप पर झूम उठा आरएनटीयू परिसर

हजारों प्रतिभागियों ने बिखेरे संस्कृति के रंग

भक्ति से लेकर संगीत तक दिखा उत्सव का अनूठा संगम



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पारंपरिक वेशभूषा, गरबा-डांडिया की थाप और मां दुर्गा की आराधना के बीच रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) में भव्य गरबा उत्सव का आयोजन हुआ। एक हजार से अधिक प्रतिभागियों की सहभागिता ने परिसर को लोकसंस्कृति और उल्लास के रंगों से सराबोर कर दिया। लक्ष्मीनारायण मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ शुरू हुए उत्सव में प्रसिद्ध रंगकर्मी श्रुति सिंह, कथक नृत्यांगना क्षमा मालवीय सहित अनेक विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। प्रो-चांसलर डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स ने उत्सव का शुभारंभ किया। गरबा आरती के बाद प्रतिभागियों ने पारंपरिक नृत्य प्रस्तुतियों से समां बांधा। भजन जामिंग, डांडिया प्रतियोगिता और लाइव म्यूजिक पर ओपन गरबा ने आयोजन में उत्साह और ऊर्जा का संचार किया। वहीं, 'टेस्ट ऑफ इंडिया' के विभिन्न स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र रहे।



'दुनिया की ठांय-ठांय' का ट्रेलर रिलीज...

मुंबई। अभिनेता ऋषभ जैसवाल और अभिनेत्री दीपाली शर्मा स्टारर 'दुनिया की ठांय-ठांय' के मेकर्स ने ट्रेलर रिलीज कर दिया है। यह सीरीज प्यार, धोखे और सस्पेंस से भरपूर ट्विस्ट वाली एक इंटेंस ड्रामा है। ट्रेलर में ऋषभ जैसवाल और दीपाली शर्मा के बीच एक कड़ा और धमाकेदार आमना-सामना दिखाया गया है। कहानी में विकास कुमार (ऋषभ जैसवाल) एक बड़े सपने देखने वाले युवा शूटर से विक्की भैया बन जाता है। वह अपने प्यार वैष्णवी चतुर्वेदी (दीपाली शर्मा) को बचाने के लिए सब कुछ दांव पर लगा देता है, जो एक ताकतवर विधायक की बेटी है।

लाइफ Style

रश्मिका

साझा किया दिल छू लेना वाला नोट

एजेंसी ⏭ मुंबई

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने हाल ही में पुट्टपर्थी के एक स्कूल का दौरा किया। इस स्कूल में अभिनेता विजय देवरकोंडा ने अपने स्कूल के कुछ वर्ष बिताए थे। उन्होंने इस अनुभव को शांतिपूर्ण, सुंदर और दिव्य बताया। इंस्टाग्राम पर रश्मिका ने अपनी इस यात्रा के बारे में एक दिल छू लेने वाला नोट साझा किया।

पिछले कुछ सालों में उन्होंने विजय के बचपन, स्कूली दिनों और दोस्तों के बारे में कई किस्से सुने थे लेकिन खुद उस जगह पर जाना अभी बाकी था। कई तस्वीरें साझा करते हुए रश्मिका ने लिखा, दोस्तों, मैं आप सभी के साथ अपना एक अनुभव साझा करना चाहती हूं। इतने वर्षों से मैंने विजय के बचपन, उनकी पढ़ाई और स्कूली दिनों के बारे में बहुत सी बातें सुनी हैं, उनके सभी दोस्त स्कूल के समय के हैं और उन्होंने पुट्टपर्थी में पढ़ाई की है। इसलिए मैं हमेशा उन्हें 'पर्थी बॉयज एंड गर्ल्स' कहकर बुलाती हूं और अब वे मेरे भी बहुत अच्छे दोस्त बन गए हैं। रश्मिका ने कहा, मुझे हमेशा लगता था कि जैसे कोई पहेली अधूरी रह गई हो, क्योंकि यह एक ऐसी जगह थी, जिसे मैंने कभी देखा नहीं था या जहां मैं कभी गई नहीं थी, लेकिन इसके बारे में बहुत कुछ सुना था। आखिरकार, मुझे पुट्टपर्थी जाने का एक बहुत ही सुंदर मौका मिला। मैंने वह स्कूल देखा, जहां उन्होंने पढ़ाई की थी, उनके क्लासरूम और हॉस्टल देखे। वहां मुझे कई प्यारे लोगों से मिलने का मौका मिला, जिनमें एचएम आंटी भी शामिल हैं, वो सच में बहुत ही प्यारी इंसान हैं! वहां जाकर मुझे जो शांति मिली, उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।



हॉलीवुड मसाला



टेनिया ने कहा दुनिया को अलविदा

लॉस एंजेलिस। पूर्व ब्यूटी क्वीन टेनिया अब्राहम का किडनी से जुड़ी बीमारी के चलते 32 साल की उम्र में निधन हो गया। किडनी की बीमारी से लंबी और दर्दनाक जंग लड़ने के बाद मात्र 32 साल की कम उम्र में उनका निधन हो गया है। उनके परिवार ने इस दिल तोड़ देने वाली खबर को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए उन्हें बहुत जल्दी दुनिया छोड़कर जाने वाला चमकता सितारा बताया और कहा कि उन्होंने अपनी गर्मजोशी से कई जिंदगियों को छुआ था। एक्ट्रेस के निधन के बाद उनका एक पुराना सोशल मीडिया पोस्ट इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है।



23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी 'क्लेफेस'

लॉस एंजेलिस। वार्नर ब्रदर्स पिक्चर्स के बैनर तले रिलीज होने वाली 'क्लेफेस' 23 अक्टूबर को भारतीय सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं में रिलीज होगी। इस फिल्म की एक्ट्रेस नाओमी एकी ने फिल्म क्लेफेस के डायरेक्टर जेम्स वॉटकिंस की जमकर तारीफ की। नाओमी एकी ने कहा, जेम्स कलाकारों के सुझावों के लिए हमेशा तैयार रहते हैं और सेट पर हंसी-मजाक का माहौल बनाए रखना भी जानते हैं। फिल्म बनाते समय कई बार खुद को यह याद दिलाना जरूरी होता है कि वे सिर्फ एक फिल्म बना रहे हैं। ऐसे में डायरेक्टर का सहज और शांत स्वभाव कलाकारों को काफी मदद करता है। उन्होंने कहा, इस काम में लोगों के साथ सहज महसूस करना बहुत जरूरी है, खासकर उस व्यक्ति के साथ, जिसके निर्देशों पर कलाकार काम करते हैं।



अनीत ने शोस्टॉपर बन बिखेरा जलवा...

मुंबई। 'सैयारा' फेम अभिनेत्री अनीत पड्डा ने लैक्मे फैशन वीक एफडीसीआई के ग्रैंड फिनाले में रैंप वॉक कर सबका ध्यान खींचा। फैशन शो में अनीत मशहूर डिजाइनर अमित अग्रवाल के प्रेट लेबल की शोस्टॉपर बनीं। उनके स्टाइलिश वायलेट आउटफिट ने फैशन शो में खास आकर्षण बटोरा। रैंप पर अनीत पड्डा का लुक काफी खास रहा। उन्होंने वायलेट रंग का आउटफिट पहना था, जिसमें पफ स्लीव्स, कमर पर खास कट और आरामदायक सिल्हूट देखने को मिला। आउटफिट की अनोखी बनावट और मॉडर्न टेलरिंग ने उनके लुक को अलग पहचान दी। अनीत ने पूरे आत्मविश्वास के साथ रैंप वॉक किया। इसके बाद वह ग्रैंड फिनाले के दौरान डिजाइनर अमित अग्रवाल के साथ स्टेज पर भी नजर आईं।



सनी ने बर्थडे पर फैंस को दिया तोहफा

मुंबई। अभिनेता सनी देओल अपना 69वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर एक्टर की आगामी फिल्म 'सूर्या' की पहली झलक मेकर्स ने रिलीज कर दी है। फिल्म 'सूर्या' के टीजर में सनी देओल फिर से एक बार आक्रामक अवतार में नजर आने वाले हैं। उन्होंने फिल्म में एक ऐसे व्यक्ति के किरदार को निभाया है, जो अतीत के घाव लिए घूम रहा है। वहीं उसका सामना मेडिकल प्रोफेशन से जुड़ी धांधली से होता है। इस सबके बाद सूर्या सच की खोज में निकल जाता है। उसके प्रयास से एक अवैध प्रणाली का पता चलता है, जिससे लोग लंबे समय से अंजान हैं। फिल्म को लेकर निर्देशक एम. पद्मकुमार ने कहा, 'सूर्या के लिए, हम सनी सर को एक ऐसे रूप में दिखाना चाहते थे, जैसा दर्शकों ने उन्हें पहले कभी नहीं देखा।

टीवी मसाला

डायबिटीज मेरी जिंदगी का हिस्सा : ऐश्वर्या

मुंबई। 'सास बिना ससुराल', 'मैं ना भूलूंगी', 'त्रिदेवियां' और 'रिश्ता डॉट कॉम' जैसे शो में नजर आ चुकीं टीवी एक्ट्रेस ऐश्वर्या सखुजा पिछले 10 साल से टाइप-1 डायबिटीज से जूझ रही है। इस बीमारी को लेकर उन्होंने बताया कि उन्हें शुरुआत में गलत बीमारी बताई गई थी। बाद में पता चला कि वह



टाइप-1 डायबिटीज से जूझ रही हैं। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर बताया कि पिछले 10 साल उनके लिए इंसुलिन लेने, अपनी बॉडी को समझने और लाइफस्टाइल में बदलाव करने का सफर रहा है। डायबिटीज को मैनेज करना कई बार थका देने वाला रहता है। ऐश्वर्या ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 10 साल पहले मेरी बीमारी का गलत पता लगाया गया था। जब तक मुझे समझ आया कि मेरी बॉडी के साथ क्या हो रहा है, तब तक मुझे अंदाजा भी नहीं था कि मेरी जिंदगी इस तरह बदलने वाली है और मुझे हर दिन इसके साथ तालमेल बिठाना पड़ेगा। आज टाइप-1 डायबिटीज के साथ जीते हुए मुझे 10 साल पूरे हो गए हैं। उन्होंने आगे लिखा, 10 साल से इंसुलिन ले रही हूं। 10 साल से अपनी बॉडी को समझ रही हूं। इस दौरान कई उतार-चढ़ाव आए, बहुत कुछ सीखा, कई बार निराशा हुई और धीरे-धीरे चीजों को समझना पड़ा। इन 10 सालों में मैंने अपना ख्याल रखने की कोशिश की है। उन दिनों में भी जब खुद की देखभाल करना किसी फुल-टाइम जॉब जैसा लगता है।

बॉलीवुड डेब्यू करने जा रही ईशा

मुंबई। छोटे पर्दे पर अपनी पहचान बनाने के बाद अब एक्ट्रेस ईशा मालवीय बड़े पर्दे पर अपनी नई पारी शुरू करने जा रही हैं। फिल्म 'तुम मेरे हो' से बॉलीवुड में डेब्यू करने को लेकर ईशा काफी एक्साइटेड हैं। हालांकि, पहली फिल्म होने की वजह से मैं नर्वस हूं और मुझे डर भी लग रहा है लेकिन मेरी खुशी नर्वस होने से कहीं ज्यादा है। एक आउटसाइडर के तौर पर बड़े पर्दे तक पहुंचना मेरे लिए बड़ी बात है। मैं इस मौके को लेकर काफी एक्साइटेड हूं और अपनी फिल्म को दर्शकों के सामने लाने का इंतजार कर रही हूं। ईशा ने कहा, मैं खुद को बहुत खुशकिस्मत मानती हूं। मुझे लगता है कि अब तक मैंने, जो मेहनत की है, जिंदगी में जिन मुश्किलों का सामना किया है और मुझे यहां तक पहुंचाने के लिए मेरे माता-पिता ने जो परेशानियां झेली हैं, उन सबका नतीजा अब सामने आ रहा है। मैं फिल्म 'तुम मेरे हो' से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हूं। इसके लिए मैं बहुत खुश हूं। ईशा ने कहा, मेरे लिए अभी भी इस बात पर यकीन करना आसान नहीं है कि मैं सच में बॉलीवुड फिल्म का हिस्सा बन गई हूं। मुझे कई बार ऐसा लगता है, जैसे मैं कोई सपना देख रही हूं। हालांकि, जब मैं फिल्म से जुड़े लोगों को अपने साथ देखती हूं, तो मुझे इस बात का एहसास होता है कि मेरा सपना अब हकीकत बन रहा है।



ईशा मालवीय ने अपने बॉलीवुड डेब्यू को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, पहली

30 अक्टूबर को रिलीज होगी कॉमेडी फिल्म नखरेवाली'

मुंबई। फिल्ममेकर आनंद एल राय के प्रोडक्शन हाउस की आने वाली फिल्म 'नखरेवाली' की रिलीज डेट का ऐलान हो गया है। अंश दुग्गल और प्रगति श्रीवास्तव स्टारर यह फिल्म 30 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म को एक अलग अंदाज की रोमांटिक कॉमेडी के तौर पर पेश किया जा रहा है, जिसमें प्यार, रिश्तों और लैंगिग समानता से जुड़े मुद्दों को अलग अंदाज में दिखाने की कोशिश की गई है। फिल्म के मेकर्स ने इसकी घोषणा के साथ एक दिलचस्प पोस्टर भी जारी किया है। पोस्टर पर लिखा है, कभी-कभी प्यार में मजनू को भी लैला बनना पड़ता है। यह लाइन फिल्म की कहानी में होने वाले बदलाव की झलक देती है। आमतौर पर रोमांटिक कहानियों में लड़के को प्यार के लिए कोशिश करते और लड़की को मनाते हुए दिखाया जाता है, लेकिन 'नखरेवाली' में रिश्तों के इसी पारंपरिक ढांचे को अलग नजरिए से पेश करने की कोशिश की गई है। फिल्म को 'वुमनटिक कॉमेडी' कहा जा रहा है। यह शब्द वुमन और रोमांटिक कॉमेडी को जोड़कर बनाया गया है।

20 नवंबर को रिलीज होगी 'सत्यवान सावित्री'

चेन्नई। डायरेक्टर प्रवीण एस. विजय की कोर्टरूम ड्रामा फिल्म 'सत्यवान सावित्री' की नई रिलीज डेट सामने आ गई है। कीर्ति सुरेश की लीड रोल वाली इस फिल्म को अब दुनियाभर के सिनेमाघरों में 20 नवंबर को रिलीज किया जाएगा। इसकी जानकारी फिल्म के मेकर्स ने सोशल मीडिया के जरिए दी। फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे बैनर ड्रमस्टिक्स प्रोडक्शंस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, अब और खामोशी नहीं। सावित्री की लड़ाई शुरू होती है। मेकर्स ने बताया कि 'सत्यवान सावित्री' 20 नवंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बता दें कि फिल्म की रिलीज पहले 24 जुलाई को तय की गई थी, लेकिन बाद में मेकर्स ने रिलीज डेट टाल दी। फिल्म के मेकर्स ने इसी साल मई में इसका फर्स्ट और सेकंड लुक भी जारी किया था। फर्स्ट लुक पोस्टर में कीर्ति सुरेश पीछे मुड़कर देखती नजर आती थीं, जबकि उनके आसपास कई वकील आगे की तरफ देख रहे हैं। इस पोस्टर को शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा था, शांत चेहरा, लेकिन रुकने वाली ताकत नहीं। अब खेल उसी का है। 'सत्यवान सावित्री' में कीर्ति सुरेश और मिश्किन के अलावा चारुकेश, बालासरवनन, मधुसूदनन, शिल्पा मंजूनाथ, आर. सुंदरराजन, माला पार्वती और ए. वेंकटेश जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।



फेस्टिव सीजन में ओटीटी पर मनोरंजन का धमाल

मुंबई। फेस्टिव सीजन की शुरुआत हो गई है। खास तैयारियां चल रही हैं। सिनेमाघरों में नई-नई फिल्में रिलीज की कतार में हैं। फिलहाल तो 'जेलर 2' धमाका कर रही है। 'दृश्यम 3', 'नई नवेली' और 'प्रहार' समेत कई और फिल्में लगी हुई हैं। मगर, ओटीटी पर भी कंटेंट की भरमार है।

लव इन डिस्गाइज

अगर के-ड्रामा में दिलचस्पी है तो इस वीक आप इसे देख सकते हैं। यह एक रोमांटिक थ्रिलर ड्रामा है। इम सिवान, सियोल इन आह, किम जंग ह्यून और येनवू अभिनीत 'लव इन डिस्गाइज' 19 अक्टूबर से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

गजब रात

मनोज बाजपेयी और नुसरत भरूचा अभिनीत यह एक क्राइम थ्रिलर ड्रामा फिल्म है। फिल्म की कहानी एक पुलिस अधिकारी पर आधारित है। पहले इस फिल्म का टाइटल 'घूसघोर पंडत' था। इस पर काफी विवाद हुआ। इसके बाद नाम बदलकर 'गजब रात' किया गया। यह फिल्म 23 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इस फिल्म में साकिब सलीम, दिव्या दत्ता और कीकू शारदा जैसे सितारे भी हैं। फिल्म का निर्देशन रितेश शाह ने किया है।



चार यार

वेब सीरीज 'चार यार' भी इस वीक दस्तक देगी। जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है। यह दोस्तों पर आधारित है। इसमें गरीबी और क्राइम को साथ मिलाजुला कर दिखाया जाएगा। 'चार यार' में पूरव झा, नमन जैन, साकिब अयूब और प्रयाग मेहता अहम किरादारों में नजर आ रहे हैं। इनके अलावा साथ ही साईं तम्हाणकर, सिकंदर खेर, दिब्येंदु भट्टाचार्य, राजेश तैलंग, चंकी पांडे और भगवती पेरुमल भी अहम किरदार निभाते दिखाई देने वाले हैं। सीरीज 23 अक्टूबर से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

द लीजेंड ऑफ हनुमान सीजन 7

भगवान हनुमान पर आधारित सीरीज 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' का सातवां सीजन भी इस वीक दस्तक देगा। इस सीजन में लंका का युद्ध अपने सबसे निर्णायक और भयावह मोड़ पर पहुंचता है। वानर सेना निराश होती है। मगर, तभी बजरंगबली उस अस्त्र की तलाश में निकलते हैं, जो हमेशा के लिए रावण का अंत कर सकता है। यह सीरीज 23 अक्टूबर को जियोहॉटस्टार पर दस्तक देगी।

'नोबडी वॉन्ट्स दिस सीजन 3' और 'लुपिन 4'

अगर आपको रोमांटिक कॉमेडी सीरीज में दिलचस्पी है तो इस वीक 'नोबडी वॉन्ट्स दिस' के तीसरे सीजन का भी विकल्प है। यह सीरीज 22 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इसमें क्रिस्टन बेल और एडम ब्रॉडी अहम भूमिका में होंगे। इसके अलावा नेटफ्लिक्स की चर्चित सीरीज 'लुपिन' भी अपने चौथे सीजन के साथ वापसी कर रही है। लोकप्रिय फ्रेंच क्राइम-ड्रामा सीरीज है। 'लुपिन 4' 23 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

सूमो दीदी

यह स्पोर्ट्स बायोपिक है। 'सूमो दीदी', भारत की पहली प्रोफेशनल महिला सूमो पहलवान हेतल दवे की जिंदगी से प्रेरित है। यह फिल्म 23 अक्टूबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर दस्तक देगी। इसमें श्रियम भगनानी लीड रोल में हैं। वहीं, चैतन्य शर्मा, अनुभा फतेहपुरिया, नितेश पांडे, राघव धीर और मीनल कपूर भी अहम भूमिकाओं में हैं। जयंत रोहतगी ने निर्देशन की कमान संभाली है।

बिना हाथों के तीरंदाजी का जादुई कमाल, शीतल देवी ने की विश्व रिकॉर्ड की बराबरी

एजेंसी ▶▶| नागोया

भारतीय तीरंदाज शीतल देवी ने एशियाई पैरा खेलों में महिला कंपाउंड क्वालीफाइंग राउंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की और फिर तोमन कुमार के साथ मिलकर मिश्रित टीम स्पर्धा में एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया।

भुजाहीन शीतल कंपाउंड धनुष को सही स्थिति में लाने के लिए अपने पैरों और डोरी को खींचने और छोड़ने के लिए अपने कंधे और जबड़े का इस्तेमाल करती है। उन्होंने महिला कंपाउंड रैंकिंग राउंड में 720 में से 704 अंक हासिल करके विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की और नया एशियाई रिकॉर्ड बनाया। इसके बाद उन्होंने तोमन के साथ मिलकर कंपाउंड मिश्रित टीम रैंकिंग राउंड में 1402 अंक बनाकर 1400 के पिछले रिकॉर्ड को पार किया। तोमन ने पुरुषों के कंपाउंड क्वालीफाइंग में 698 अंक हासिल किए। पिछला मिश्रित टीम विश्व रिकॉर्ड भी शीतल ने ही बनाया था, हालांकि उस समय उनकी टीम में राकेश कुमार थे।



एशियाई पैरा खेल

निषाद ने लंबी कूद में जीता गोल्ड

निषाद कुमार ने एशियाई पैरा खेलों में पुरुषों की एथलेटिक्स प्रतियोगिता की लंबी कूद टी47 स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले एशियाई पैरा खेलों में भी ऊंची कूद की टी47 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने मौजूदा खेलों की पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता के पहले दिन लंबी कूद में अपने तीसरे और पांचवें दोनों प्रयासों में 7.11 मीटर की छलांग लगाई। दिलचस्प बात यह है कि वह पहली बार लंबी कूद में प्रतिस्पर्धा कर रहे थे।



निशानेबाज मोना ने जीता स्वर्ण

मोना अग्रवाल ने फाइनल में शानदार वापसी करते हुए अपनी हमवतन अवनि लेखरा को पछाड़कर महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल (एसएच1) स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीत लिया, जिससे भारत ने शीर्ष दो स्थान हासिल कर एशियाई पैरा खेलों की पदक तालिका में खाता खोला। पेरिस पैरालंपिक 2024 की कांस्य पदक विजेता मोना ने छठे स्थान से वापसी करते हुए 250.0 अंक के साथ एशियाई पैरा खेलों का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने दो बार की पैरालंपिक चैंपियन अवनि को महज 0.4 अंक से पछाड़ा। गत चैंपियन के तौर पर उतरीं 24 वर्षीय अवनि को 249.6 अंकों के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

भाला फेंक में रिंकू को स्वर्ण

रिंकू ने सोमवार को यहां एशियाई पैरा खेलों की पुरुषों की भाला फेंक एफ46 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि उनके हमवतन अजीत सिंह ने रजत पदक हासिल किया। रिंकू ने 65.11 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने अजीत को महज नौ सेंटीमीटर के अंतर से पीछे छोड़ा। अजीत ने 65.02 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता।





दृष्टिबाधित जूडो में 2 पदक

भारत के दृष्टिबाधित जूडो खिलाड़ियों ने सोमवार को एशियाई पैरा खेलों में दो पदक जीते, जिसमें कोकिला ने महिलाओं के जे2-52 किग्रा वर्ग में रजत पदक जबकि कपिल परमार ने पुरुषों के जे1-70 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। कोकिला को फाइनल में किर्गिस्तान की ऐबिके उलानबेक काइजी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। कपिल को सेमीफाइनल में इंडोनेशिया के जुनेदी के खिलाफ 0-1 से हार का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद उन्होंने कांस्य पदक के मुकाबले में जगह बनाई।

रणजी ट्रॉफी : प्रथम श्रेणी क्रिकेट में यह आंकड़ा छूने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बने

सुथार ने खेली 400 रन की नाबाद पारी

एजेंसी ▶▶| सोविमा

मिजोरम के चिन्मय सुथार ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 400 रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बनकर इतिहास रच दिया। सुथार ने यह दुर्लभ उपलब्धि नागालैंड के खिलाफ रणजी ट्रॉफी प्लेट ग्रुप मैच के दूसरे दिन हासिल की। इस मुकाम पर पहुंचने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज भाऊसाहेब बाबासाहेब निंबालकर थे, जिन्होंने 1948 में महाराष्ट्र की तरफ से खेलते हुए काठियावाड़ के खिलाफ नाबाद 443 रन बनाए थे। मिजोरम की टीम से जुड़ने से पहले मुंबई की तरफ से विजय हजारे ट्रॉफी खेल चुके सुतार 400 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने अपनी पारी में 517 गेंद का सामना करके 46 चौके और 7 छक्के लगाए। मिजोरम ने अपनी पहली पारी नौ विकेट 581 रन पर समाप्त घोषित की।

सुतार ने की दसवें विकेट के लिए 189 रन की साझेदारी

जब सुथार 231 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे, तभी आखिरी बल्लेबाज लालरेमपुइया छकछुआक उनके साथ बल्लेबाजी करने के लिए क्रीज पर आए। उस समय मिजोरम का स्कोर 392 था। सुतार ने उनके साथ दसवें विकेट के लिए 189 रन की साझेदारी की। इसमें सुथार का योगदान 169 रन का रहा। लालरेमपुइया 14 रन बनाकर नाबाद रहे।



सर्वाधिक स्कोर बनाने में लारा शीर्ष पर

प्रथम श्रेणी क्रिकेट में एक पारी में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के दिग्गज खिलाड़ी ब्रायन लारा के नाम पर दर्ज है। उन्होंने 1994 में वारविकशर की तरफ से खेलते हुए डरहम के खिलाफ नाबाद 501 रन बनाए थे। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 400 या इससे अधिक रन बनाने वाले अन्य बल्लेबाजों में हनीफ मोहम्मद (1959 में कराची के लिए 499 रन), डॉन ब्रैडमैन (1930 में न्यू साउथ वेल्स के लिए नाबाद 452 रन), बिल पोंसफोर्ड (1923 में विक्टोरिया के लिए 429 और 1927 में विक्टोरिया के लिए 437 रन), आफताब बलूच (1974 में सिंध के लिए 428 रन), सैम नॉर्थईस्ट (2022 में ग्लैमोरगन के लिए नाबाद 410 रन), ग्रीम हिक (1988 में वॉर्सेस्टरशर के लिए नाबाद 405 रन नाबाद) और ब्रायन लारा (2004 में वेस्टइंडीज के लिए नाबाद 400 रन) शामिल हैं।

गुजरात के खिलाफ दिल्ली ने खड़ा किया 648 रन का स्कोर



रणजी ट्रॉफी 2026-27 के पहले लेग में दिल्ली को बंगाल के खिलाफ पहले मुकाबले में हार मिली थी। उसके बाद अब दूसरे मैच में आयुष बडोनी की कप्तानी वाली दिल्ली की टीम ने बेहतरीन शुरुआत की है। गुजरात के खिलाफ इस मुकाबले में दिल्ली ने पहले खेलते हुए पहली पारी 648 रन पर घोषित की। दिल्ली के लिए कप्तान आयुष बडोनी ने 217 और ओपनर प्रियांश आर्या ने 199 रन की पारी खेली। आयुष और प्रियांश के अलावा सुमित माथुर ने 92 और विकेटकीपर बल्लेबाज अनुज रावत ने 61 गेंद पर 61 रन की पारी खेली। सुमित और अनुज नाबाद रहे और दिल्ली ने दूसरे दिन दूसरे सत्र में अपनी पारी घोषित कर दी। गुजरात की टीम ने पहला मुकाबला ओडिशा के खिलाफ 10 विकेट से जीता था और एलीट ग्रुप सी की अंकतालिका में नंबर 1 स्थान पर है।

महिला क्रिकेट

जिम्बाब्वे के खिलाफ तीसरा और अंतिम टी20 मैच आज



एजेंसी ▶▶| रायपुर

शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के लय में लौटने के बाद उत्साह से लबरेज भारतीय महिला क्रिकेट टीम जिम्बाब्वे के खिलाफ मंगलवार को होने वाले तीसरे अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने और 3-0 से क्लीन स्वीप करने का लक्ष्य लेकर मैदान पर उतरेगी।

मंधाना का फॉर्म में लौटना भारत के लिए बड़ा सकारात्मक पहलू है क्योंकि वह फरवरी में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले लय बनाए रखना चाहेंगी। मंधाना और शेफाली की सलामी जोड़ी एक बार फिर मजबूत शुरुआत देकर जिम्बाब्वे के गेंदबाजी आक्रमण पर दबाव बनाने की कोशिश करेगी।

भारत ने तीसरे नंबर पर जेमिमा रोड्रिग्स के चोटिल हो जाने के कारण अनुष्का शर्मा को मौका दिया लेकिन यह 23 वर्षीय खिलाड़ी पहले मैच में केवल चार रन बना पाई थी जबकि दूसरे मैच में उन्हें खेलने का खास मौका नहीं मिला। अब वह मौका मिलने पर अपनी छाप छोड़ने की पूरी कोशिश करेगी।

पहली जीत की तलाश में जिम्बाब्वे

जिम्बाब्वे ने सितंबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ ऐतिहासिक पहली वनडे जीत के बाद इस श्रंखला में प्रवेश किया, लेकिन उसकी टीम अब भी टी20 में 2026 में अपनी पहली जीत की तलाश में हैं। उसे इस साल अपने सभी 20 मैच में हार का सामना करना पड़ा है। जिम्बाब्वे को उम्मीद होगी कि सलामी बल्लेबाज केलिस नधलोवु उसे मजबूत शुरुआत देंगी। गेंदबाजी में उसका दारोमदार ऑफ स्पिनर न्याशा ग्वांजुरा पर रहेगा, जिन्होंने पहले मैच में तीन विकेट लेकर भारतीय शीर्ष क्रम को झकझोर दिया था।

खबर संक्षेप



एलिना स्वितोलिना ने तोड़ा विवाह बंधन

पेरिस। एलिना स्वितोलिना ने साथी टेनिस खिलाड़ी गेल मोनफिल्स के साथ विवाह बंधन खत्म करने की घोषणा की। यूक्रेन की विश्व में छठे नंबर की खिलाड़ी स्वितोलिना ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में कहा, 'यह अब तक का सबसे मुश्किल फैसला है, जिसे मुझे साझा करना पड़ रहा है।' स्वितोलिना ने अपने देश में जंग के कारण उनके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले भावनात्मक प्रभाव के बारे में बात की। उन्होंने यह भी बताया कि जब उन्होंने ठीक होने के लिए टेनिस से ब्रेक लिया तो मोनफिल्स ने उनकी कैसे मदद की। उन्होंने कहा, लेकिन कुछ जंग आप अपने अंदर खुद ब खुद लड़ते हैं और किसी और के प्यार से उन्हें जीता नहीं जा सकता। समय के साथ मुझे समझ आया कि मुझे खुद अपने लिए रास्ता तैयार करना होगा और ऐसा मैं वैवाहिक जीवन के साथ नहीं कर सकती।' मोनफिल्स और स्वितोलिना की एक बेटी है।

28 को डब्ल्यूपीएल की नीलामी

नई दिल्ली। भारतीय बल्लेबाज कमलिनी, स्नेह राणा, सोफी मोलिन्यू और श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू उन 146 खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें 28 अक्टूबर को कोच्चि में होने वाली महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की नीलामी सूची में रखा गया है। लीग के 2027 सत्र से पहले उपलब्ध 27 स्थानों के लिए इन खिलाड़ियों पर बोली लगेगी।

बैडमिंटन टूर्नामेंट

आज से फ्रेंच ओपन, सिंधू की वापसी पर नजर



एजेंसी ▶▶| पेरिस

अनुभवी पीवी सिंधू की अगुवाई में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी हाल के अपने खराब प्रदर्शन को पीछे छोड़कर मंगलवार से शुरू होने वाले 950,000 अमेरिकी डॉलर इनामी फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होंगे।

सिंधू महिला एकल के पहले दौर में दक्षिण कोरिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त आन से यंग का सामना करेंगी, जबकि पुरुष एकल में छठी वरीयता प्राप्त लक्ष्य सेन पहले मुकाबले में जापान के कोदाई नाराओका से भिड़ेंगे।



श्रीकांत-आयुष शेट्टी में मुकाबला

पुरुष एकल में किदाम्बी श्रीकांत का पहला मुकाबला हमवतन आयुष शेट्टी से होगा। पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी एशियाई खेलों के पहले दौर में बाहर हो गए थे। फ्रेंच ओपन में उनका सामना फ्रांस के दो भाइयों क्रिस्टो पोपोव और टोमा जूनियर पोपोव से होगा।

त्रीसा-गायत्री की भिड़ंत चुन और युन से

महिला युगल में त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी पहले दौर में ताइवान की लिन चिह-चुन और यांग चू युन से भिड़ेगी। महिला एकल में भारत की दो उभरती हुई खिलाड़ी तन्वी शर्मा और इशारानी बरुआ पहले दौर में एक-दूसरे का सामना करेंगी। अश्मिता चालिहा चीन की हान कियान शी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगी, जबकि उन्नति हुडा का सामना जापान की रिको गुंजी से होगा। देविका सिहाग पहले दौर में इंडोनेशिया की पांचवीं वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वर्दानी का सामना करेगी।

अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप तीन खिलाड़ियों ने जीते कांस्य पदक

लास वेगास। रोहित, जसकरण सिंह और चंद्रमोहन ने अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अपने-अपने भार वर्गों में कांस्य पदक जीते, जिससे भारत ने प्रतियोगिता का समापन छह पदकों के साथ किया। रोहित ने 57 किग्रा रेपेशाज दौर में मोल्दोवा के इयोन बुलगारू को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 12-2 से हराया। इसके बाद उन्होंने कांस्य पदक के मुकाबले में आर्मेनिया के आर्मन हारुत्युनयान को 8-3 से शिकस्त दी। रोहित ने इससे पहले जमैका के इरी अलेक्जेंडर जैक्सन को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराकर अपने अभियान की शुरुआत की थी। हालांकि, उन्हें प्री-क्वार्टर फाइनल में तुर्किये के बेकीर केसेर के खिलाफ 6-10 से हार का सामना करना पड़ा। सेमीफाइनल में हारने वाले जसकरण (65 किग्रा) ने बेलारूस के मागोमेदखान मागोमेदखानोव को 8-5 से हराकर भारत की पदक संख्या में इजाफा किया।



हांगकांग सिक्सेस : गुलबदीन नायब की कप्तानी में अफगानिस्तान टीम घोषित



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अफगानिस्तान ने हांगकांग सिक्सेस 2026 के लिए गुलबदीन नायब की कप्तानी में सात सदस्यों की एक अनुभवी टीम का ऐलान किया है। यह टीम 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक टिन क्वॉन्ग रोड रिक्रिएशन ग्राउंड में होने वाले टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। गुलबदीन नायब की वाली टीम में फरमानुल्लाह सफी, इमरान मीर, अब्दुल रहमान, करीम जन्नत, नांगेयालिया खारोटे और सेदिकुल्लाह पाचा को जगह मिली है। अफगानिस्तान को ग्रुप डी में दक्षिण अफ्रीका और ओमान के साथ रखा गया है।

सिक्स-ए-साइड फॉर्मेट में खेले जाने वाले मैचों में, टीमों को बॉल और फील्ड में डिसिप्लिन बनाए रखते हुए स्कोरिंग के मौके बनाने होंगे। हांगकांग सिक्सेस में हर टीम में छह खिलाड़ी और हर इनिंग में छह ओवर होते हैं। छोटा फॉर्मेट लंबे समय तक मजबूती के लिए बहुत कम जगह छोड़ता है, जिससे हर तरह का योगदान खास तौर पर कीमती हो जाता है। अफगानिस्तान के कैप्तेन में नायब का इंटरनेशनल लेवल पर अनुभव बहुत काम आएगा।

टीम का मकसद टूर्नामेंट की जरूरतों के हिसाब से तेजी से ढलना और एक मनोरंजक क्रिकेट देना होगा। अफगानिस्तान के हिस्सा लेने का स्वागत करते हुए, क्रिकेट हांगकांग, चीन के कमर्शियल और मार्केटिंग डायरेक्टर अनुराग भटनागर ने कहा कि टीम का तरीका टूर्नामेंट की अपील को और बढ़ाएगा।

प्रीमियर लीग में गोमेज ने दिलाई डेविड बैकहम की याद

एमबाप्पे के दो गोल से रियाल मैड्रिड की शानदार जीत

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

काइलियन एमबाप्पे ने दो गोल करके रियाल मैड्रिड को स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में आसान जीत दिलाई जबकि डिएगो गोमेज ने प्रीमियर लीग में 50 मीटर की दूरी से गोल करके डेविड बैकहम की याद ताजा कर दी।

एमबाप्पे ने एक शानदार गोल किया और पेनल्टी किक को गोल में बदला, जिससे रियाल मैड्रिड ने विनीसियस जूनियर के निलंबन के कारण बाहर होने के बावजूद सेविला को 4-1 से हरा दिया। रियाल मैड्रिड इस जीत से एटलेटिको मैड्रिड और शीर्ष स्थान पर मौजूद बार्सिलोना के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गया है।

मैड्रिड ने सेविला को 4-1 से रौंदा ला लिगा में तीसरे स्थान पर पहुंची टीम



गोमेज ने किया बीच मैदान से गोल

इंग्लैंड में प्रीमियर लीग में ब्राइटन की क्रिस्टल पैलेस पर 5-0 की जीत में गोमेज ने मैदान के बीच से शॉट लगाकर गोल किया जबकि आर्सेनल ने नॉटिंघम फॉरेस्ट को हराया। गोमेज ने सातवें मिनट में 50 मीटर की दूरी से शॉट लगाकर गेंद को क्रिस्टल पैलेस के गोलकीपर वाल्टर बेनिटेज़ के ऊपर से नेट में पहुंचा दिया। पैराग्वे के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के इस शॉट ने 1996-97 के प्रीमियर लीग सत्र के पहले दिन बैकहम के मैनचेस्टर यूनाइटेड की तरफ से विंबलडन के खिलाफ किए गए इसी तरह के गोल की यादें ताजा कर दीं।

बुंडेसलिगा ने गंवाया पहला स्थान

बैकहम के इस गोल को प्रीमियर लीग के सर्वश्रेष्ठ गोल में से एक माना जाता है। फ्रीबर्ग ने सत्र की अपनी पहली हार के साथ बुंडेसलिगा में पहला स्थान हासिल करने का मौका गंवा दिया। उसे बायर लेवरकुसेन ने 2-1 से हराया। फ्रांस की लीग में मोनाको को अपनी पहली हार का सामना करना पड़ा। उसकी टीम लोरिएंट से 1-0 से हार गई।



16वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप

मप्र हॉकी टीम की जीत, यूपी को 5-3 से हराकर फाइनल में पहुंची

खेल मंत्री सारंग ने टीम को दी बधाई, कहा- खिलाड़ियों की उपलब्धि प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत

झांसी में खेले गए मैच में टीम ने खेल कौशल, संघर्ष, तालमेल का किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

16वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2026 में मध्यप्रदेश हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्तर प्रदेश को 5-3 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। उत्तर प्रदेश के झांसी में 19 अक्टूबर को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने बेहतर खेल कौशल, आक्रामक रणनीति और टीम भावना का परिचय दिया। महत्वपूर्ण मुकाबले में मिली इस जीत के साथ मध्यप्रदेश की टीम ने चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले में अपनी जगह सुनिश्चित की।

ये खिलाड़ी कर रहे मप्र का प्रतिनिधित्व

चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश की टीम में श्रेय धुपे, मोहम्मद कोनैन दाद, अर्जुन शर्मा, लव कुमार कनोजिया, सुंदरम सिंह राजावत, अली अहमद, अफ्फान यूसुफ (कप्तान), अंकित पाल, मोहम्मद जैद और मोहम्मद जमीर शामिल हैं। इन खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। टीम में अकादमी, एसोसिएट और पूर्व अकादमी खिलाड़ियों का समावेश प्रदेश में हॉकी प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के प्रयासों को दर्शाता है। उपलब्ध विवरण के अनुसार, मो. कोनैन दाद अकादमी खिलाड़ी हैं, अफ्फान यूसुफ कप्तान हैं। मो. जमीर पूर्व खिलाड़ी के रूप में टीम से जुड़े हैं।

सेमीफाइनल में मध्यप्रदेश का दमदार प्रदर्शन

राष्ट्रीय चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। मध्यप्रदेश की टीम ने पूरे मैच में बेहतर तालमेल और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने सामूहिक प्रयासों के दम पर 5-3 से जीत दर्ज की और फाइनल में पहुंचने का गौरव हासिल किया।

खेल मंत्री सारंग ने दी बधाई

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश को पराजित कर फाइनल में प्रवेश करने पर मध्यप्रदेश हॉकी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके आगामी मुकाबले के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मध्यप्रदेश के खिलाड़ी अपनी मेहनत, अनुशासन और टीम भावना के बल पर फाइनल में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे तथा प्रदेश का गौरव बढ़ाएंगे।

खिताबी मुकाबले पर मध्यप्रदेश की नजर

उत्तर प्रदेश के खिलाफ 5-3 की जीत मध्यप्रदेश हॉकी टीम के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचकर टीम ने अपनी क्षमता का परिचय दिया है। अब टीम की नजर खिताबी मुकाबले में बेहतर प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप जीतने पर रहेगी।

रियांश बागजाई ने अंडर 15 के अगले दौर में किया प्रवेश

श्रीराम प्रकाश स्मृति बैडमिंटन प्रतियोगिता प्रारम्भ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल





रियांश बागजाई ने अहमिक नीलकंठ को सीधे गेमों में 15-5, 15-4 से हराकर श्रीराम प्रकाश स्मृति बैडमिंटन प्रतियोगिता के उद्घाटक मुकाबले के अंतर्गत बालक अंडर 15 के दूसरे दौर में प्रवेश किया। स्पर्धा का आयोजन आरके स्पोर्ट्स वर्ल्ड, मीनाल रेजीडेंसी में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में अंडर 9 से अंडर 19 ऐज ग्रुप के सिंगल व डबल्स के मुकाबले होंगे। एक लाख रुपए इनामी राशि वाली प्रतियोगिता का उद्घाटन समाजसेवी सुदेश प्रकाश ने किया। इस अवसर पर भोपाल डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष बीके शिकारी, सोम ग्रुप के अजय अरोरा, आरके स्पोर्ट्स वर्ल्ड की डिटेक्टर दीप्ति किरार, स्टेट टेनिस चैंपियन अतुल धूपर, रोहन प्रकाश विशिष्ट अतिथि थे।

प्रतियोगिता के परिणाम

- **अंडर 15 एकल** - अनघ राय विवि वेदांत 15-8, 15-8 जोरावर सिंह विवि प्रियांश 15-2, 15-6 संस्कार साहू विवि अक्षत अग्रवाल 8-15, 15-10, 18-16
- **अंडर 19 एकल** - शिरोमणि चक्रवर्ती विवि अभिनव 15-2, 15-6 चैतन्य कुमार विवि वत्सल 10-15, 15-11, 15-3
- **अंडर 17 एकल** - अवनीश सिंह नेगी विवि स्वयं शर्मा 15-10, 15-8 अवीर माथुर विवि जयदेव 15-6, 15-8
- **अंडर 13 एकल** - अथर्व सिंह विवि हितार्थ 15-4, 15-5 उपराज सिंह विवि काव्य मिश्रा 17-15, 15-12

लायन्स बैडमिंटन ट्राफी विद्यालयीन खुली स्पर्धा में दिखाया कमाल

अर्णव, गुरमन, समग्र, हर्षवर्धन, एकाग्र, दिव्या, मांडवी ओमिशा, यार्निका और स्वस्ति ने जीता खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



लायन्स क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी -1, लायन्स क्लब आफ इंदौर महानगर और सरताज अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पांचवी लायन्स बैडमिंटन ट्राफी विद्यालयीन खुली स्पर्धा में एकाग्र सोनी ने 9वर्ष, हर्षवर्धन सिंह राजपूत ने 11वर्ष, समग्र जैन ने 13वर्ष, गुरमन सिंह गांधी ने 15 वर्ष और अर्णव पवार ने 17 वर्ष बालकों के खिताब जीते। वहीं, दिव्या गुर्जर 17 वर्ष, मांडवी गांधी 15वर्ष,ओमिशा मेहता 13वर्ष,यार्निका चौरे 11वर्ष और स्वस्ति रावल 9 वर्ष बालिका वर्ग में विजेता रही,

मल्हार क्रीड़ा मंडल में हुई इस स्पर्धा में 17 वर्ष बालक एकल फाइनल में अर्णव पवार ने पहले क्रम के तनिष्क राजपूत को 9-15,15-9,15-13 से हराकर उलटफेर किया, 15वर्ष बालक फाइनल में गुरमन सिंह गांधी ने अध्यांश जैन को 15-9,16-14 से और 13 वर्ष बालक फाइनल में समग्र जैन ने अर्णव गौर को 15-8,15-9 से हराया। 11 वर्ष बालक एकल फाइनल में हर्षवर्धन सिंह राजपूत ने जसराज सिंह छाबड़ा को 16-18,15-8, 15-10 से पराजित किया। 9 वर्ष बालक फाइनल में एकाग्र सोनी ने धार के लावांश पाटोदिया को 15-7,15-12 से हराया,17 वर्ष बालिका फाइनल में दिव्या गुर्जर ने ओमिशा मेहता को 15-10, 15-8 से और 15वर्ष बालिका फाइनल में मांडवी गांधी ने अवनी वर्मा को 15-7,15-5 से पराजित किया।

13वर्ष बालिका फाइनल में ओमिशा मेहता ने अवनी वर्मा को 15-8,15-8 से और 11वर्ष बालिका फाइनल में यार्निका चौरे ने श्रीनिका जोशी को 15-6,15-1 से हराया। 9वर्ष बालिका वर्ग में स्वस्ति रावल ने नयोनिका नरवाले को 15-17,15-6,15-13 से पराजित किया। लायन्स क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जयप्रकाश त्रिपाठी और इंटरनेशनल डायरेक्टर कुलभूषण मित्तल, अशोक जायसवाल और मल्हार क्रीड़ा मंडल के अनिल बारगल के आतिथ्य में पुरस्कार वितरण हुआ। लायन्स महानगर चेरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष डा जवाहर बिहानी ने अध्यक्षता की, डा साधना सोडानी, रत्नेश श्रीवास्तव, सुनीता बिहानी, सरताज अकादमी प्रबंध निदेशक धर्मेश यशलहा, स्पर्धा संयोजक हरीश राजन भी मौजूद थे।

परविंदर सिंह भाटिया ने संचालन किया। मनजीत कौर भाटिया ने आभार व्यक्त किया। डा जवाहर बिहानी ने बच्चों में कैंसर के प्रति जागरुकता और ब्लड बैंक अभियान के संबंधित जानकारी दीऋ मुख्य निर्णायक और स्पर्धा सचिव धर्मेश यशलहा ने स्पर्धा संबंधी जानकारी दी। विजेता और उपविजेता के साथ ही सेमीफाइनल खेले सभी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। अंपायरों और प्रशिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। अवनी वर्मा और ओमिशा मेहता दो-दो वर्गों के फाइनल खेले।

मप्र बॉक्सिंग अकादमी की अंजलि और माही नेशनल कैंप में सिलेक्ट



भोपाल। पटियाला में 20 अक्टूबर से 25 नवंबर तक आयोजित हो रहे राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए मध्य प्रदेश बॉक्सिंग अकादमी की खिलाड़ी अंजली सिंह (57 किग्रा) और माही लामा (60 किग्रा) का चयन किया गया है।

फिनलैंड में होने वाले आगामी टेमर टूर्नामेंट टैम्परे 2026 और विश्व बॉक्सिंग कप फाइनल, 2026 की तैयारी के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) द्वारा यह नेशनल कैंप आयोजित किया गया है। उल्लेखनीय है कि माही लामा वर्ष 2013 और अंजली सिंह 2018 से मध्य प्रदेश बॉक्सिंग अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।

भोपाल

भोपाल से बीना जाने वाले यात्रियों की बढ़ेगी परेशानी

बीना यार्ड रीमॉडलिंग: 4 मेमू ट्रेनें 25 तक रद्द, 19 ट्रेनों के रूट-स्टेशन बदले

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बीना रेलवे स्टेशन पर यार्ड रीमॉडलिंग के बाद अब ट्रेनों के संचालन में बदलाव का असर यात्रियों पर पड़ रहा है। इसके तहत बीना-रूठियाई रूट की 4 मेमू ट्रेनें 25 अक्टूबर तक रद्द रहेंगी। वहीं, 5 एक्सप्रेस ट्रेन बदले रूट से चलेंगी और 19 यात्री ट्रेनों के स्टेशनों में बदला गया है। इससे यात्रियों को परेशानी हो सकती है। जानकारी के अनुसार बीना-रूठियाई मेमू (61611), रूठियाई-बीना मेमू (61612), बीना-रूठियाई मेमू (61625) और रूठियाई-बीना मेमू (61626) 25 अक्टूबर तक निरस्त रहेंगी।

5 एक्सप्रेस ट्रेनें बदले रूट से चलेंगी



रेलवे ने 5 एक्सप्रेस ट्रेनों के मार्ग में भी बदलाव किया है। इनमें बांद्रा टर्मिनस-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस 23 अक्टूबर को, अहमदाबाद-दरभंगा एक्सप्रेस 21 और 23 अक्टूबर को तथा दरभंगा-अहमदाबाद एक्सप्रेस 21 और 24 अक्टूबर को परिवर्तित मार्ग से चलेगी। इसी तरह अहमदाबाद-बनारस सिटी एक्सप्रेस 20, 22 और 24 अक्टूबर को, जबकि बनारस सिटी-अहमदाबाद एक्सप्रेस 20, 22 और 23 अक्टूबर को बदले हुए मार्ग से संचालित होगी।

यात्रा से पहले पूछताछ कर लें

रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा शुरू करने से पहले संबंधित ट्रेन के मार्ग, प्रारंभिक और गंतव्य स्टेशन तथा प्रस्थान समय की जानकारी जरूर ले लें। इसके लिए रेलवे के आधिकारिक पूछताछ माध्यमों या हेल्पलाइन नंबर 139 पर संपर्क किया जा सकता है।

भोपाल-बीना मेमू मंडी बामोरा तक ही चलेगी

बीना स्टेशन तक जाने वाली कई ट्रेनों को दूसरे स्टेशनों पर ही समाप्त किया जाएगा या वहीं से रवाना किया जाएगा। भोपाल-बीना मेमू की ट्रेनें 25 अक्टूबर तक मंडी बामोरा स्टेशन पर समाप्त होंगी। वहीं, बीना-भोपाल मेमू मंडी बामोरा से रवाना होंगी। इसी तरह कटनी-बीना मेमू खुरई, कोटा-बीना मेमू महादेवखेड़ी और ललितपुर-बीना मेमू आगासोद तक ही संचालित होंगी। बीना-दमोह पैसेंजर 24 अक्टूबर तक मालखेड़ी से शाम 6:10 बजे रवाना होगी।

टिकट चेकिंग अभियान में पकड़े 206 यात्री, 1.75 लाख जुर्माना वसूला

भोपाल। बिना टिकट और अनुचित टिकट लेकर यात्रा करने वालों के खिलाफ रेलवे ने 15 से 17 अक्टूबर तक भोपाल, विदिशा और राजगढ़-ब्यावरा स्टेशनों पर हुई कार्रवाई में 206 मामले पकड़े। इनसे कुल 1 लाख 75 हजार 245 रुपए जुर्माना वसूला। इस अभियान में 23 टिकट चेकिंग स्टाफ शामिल रहा।

इस चैकिंग के दौरान भोपाल में सबसे ज्यादा मामले अभियान के दौरान 15 अक्टूबर को राजगढ़-ब्यावरा स्टेशन पर 77 मामलों में 63,590 रुपए, 16 अक्टूबर को विदिशा में 35 मामलों में 22,485 रुपए और 17 अक्टूबर को भोपाल स्टेशन पर 94 मामलों में 89,170 रुपए जुर्माना वसूला गया। भोपाल में बिना टिकट यात्रा के 59 और अनुचित टिकट के 35 मामले मिले। रेलवे ने यात्रियों से उचित टिकट लेकर यात्रा करने की अपील की है।

भोपाल मंडल-बीना रेलखंड पर ऑटोमैटिक सिग्नलिंग शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल ने रेल परिचालन को अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। कुरवाई कैथोरा–बीना रेलखंड में ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग (एबीएस) प्रणाली शुरू कर दी गई है। आधुनिक तकनीक से लैस इस व्यवस्था से रेल परिचालन की निगरानी और सिग्नलिंग को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। साथ ही भविष्य में कवच जैसी आधुनिक ट्रेन सुरक्षा प्रणालियों के लिए भी मजबूत आधार तैयार होगा।

इस रेलखंड में 9.130 रूट किलोमीटर की लंबाई में तीन लाइनों की व्यवस्था है। इसमें मध्य लाइन पर दोनों दिशाओं में ट्रेनें चलाई जा सकती हैं। यहां एलओएम110 मॉड्यूल आधारित ऑटोमैटिक सिग्नलिंग प्रणाली स्थापित की गई है।

स्टेशन मास्टर कक्ष में विजुअल डिस्प्ले यूनिट (वीडीयू) के माध्यम से सिग्नलिंग व्यवस्था के संचालन और निगरानी की सुविधा दी गई है।



ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क से बेहतर होगा संचार

नई व्यवस्था के तहत 24 और 48 फाइबर वाले ऑप्टिकल फाइबर केबल नेटवर्क के साथ डिजिटल एक्सल काउंटर और अन्य जरूरी उपकरण लगाए गए हैं। इससे सिग्नलिंग उपकरणों के बीच डेटा का संचार अधिक विश्वसनीय बनाने में मदद मिलेगी। साथ ही उपकरणों की निगरानी और रखरखाव भी सुगम होगा।

कवच जैसी तकनीक के लिए बनेगा आधार

ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग प्रणाली से रेल परिचालन की विश्वसनीयता और दक्षता बढ़ाने में मदद मिलेगी। ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क भविष्य में कवच जैसी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणालियों और आधुनिक यात्री सूचना प्रणालियों के लिए भी उपयोगी होगा। पश्चिम मध्य रेल के गति शक्ति यूनिट, सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग सहित अन्य विभागों के संयुक्त प्रयासों से यह काम पूरा किया गया है।



हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादक: प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930